RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 318
नई दिल्ली, बुधवार, 28 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कर धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करेंगी शकीरा
विदेश-10

# पीएफआई के खिलाफ फिर कई राज्यों में छापे, 170 हिरासत में

- दिल्ली के शाहीन बाग से संगठन के 30 लोग पकड़े, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व दस्तावेज जब्त
- राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के बाद पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पीएफआई कार्यकर्ता को गुवाहाटी से पकड़ कर ले जाती असम पुलिस

**देश** के सात राज्यों में मंगलवार को मारे गए छापों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कथित संबंध रखने वाले 170 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया। पीएफआई के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के बाद उस पर देशभर में प्रतिबंध लगने की संभावना हैं।

पीएफआई पर कट्टरपंथ से जुड़े होने का अक्सर आरोप लगाया जाता रहा है। इसके खिलाफ पांच दिन पहले देशभर में इसी तरह की एक कार्रवाई किए जाने के बाद ये छापे मारे गए। छापेमारी की कार्रवाई उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, असम और मध्य प्रदेश की पुलिस ने की। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय राजधानी में निजामुद्दीन और शाहीन बाग सहित कई स्थानों पर पीएफआई से संबद्ध ठिकानों पर छापेमारी के बाद 30 लोगों को हिरासत में लिया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जांच अभिकरण (एनआईए) के नेतृत्व में विभिन्न एजेंसी की टीम ने देश में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में 22 सितंबर को पीएफआई के खिलाफ 15 राज्यों में छापेमारी की थी। उसके 106 नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

एनआईए, पीएफआई की संलिप्तता वाले 19 मामलों की जांच कर रही है। संबंधित राज्यों की पुलिस ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में मंगलवार को छापेमारी की कार्रवाई की, जो समन्वित कार्रवाई प्रतीत होती है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने असम और महाराष्ट्र, प्रत्येक राज्य में 25 लोगों को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश में 57 और दिल्ली में 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 21, गुजरात में 10 और पुणे(महाराष्ट्र) में छह लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, कर्नाटक में भी कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने पत्रकारों को बताया कि पीएफआई एवं उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर की गई हिंसा एवं उक्त संगठन के सदस्यों की (शेष पेज 8)

# गहलोत के तीन वफादारों को कारण बताओ नोटिस

**राजस्थान कांग्रेस संकट पर दोनों पर्यवेक्षकों ने मुख्यमंत्री गहलोत को दी क्लीन चिट**

- पार्टी के मुख्य सचेतक महेश जोशी, कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल व विधायक धर्मेंद्र राठौर से 10 दिन में मांगा उत्तर
- दिल्ली पहुंचे सचिन पायलट, मामले को आगे नहीं खींचना चाहता आलाकमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**कांग्रेस** की राजस्थान इकाई में उपजे संकट के बीच पार्टी पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को घोर अनुशासनहीनता के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को तो क्लीन चिट दे दी, लेकिन उनके करीबी दो मंत्रियों एवं एक विधायक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

दोनों पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन की सिफारिशों पर कांग्रेस अनुशासनात्मक समिति ने विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक महेश जोशी, कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल एवं विधायक धर्मेंद्र राठौर को कारण बताओ नोटिस भेजा है और उनसे दस दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। धारीवाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है, क्योंकि वह पार्टी विधायकों, मंत्रियों के साथ प्रमुखता से विद्रोह (शेष पेज 8)



सोनिया गांधी को क्यूआर कोटेड मतदाता पहचान पत्र सौंपते केंद्रीय चुनाव अधिकरण अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री

## गहलोत की उम्मीदवारी पर ग्रहण पवन बंसल व थरूर ने लिया पर्चा

- थरूर स्वयं पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे जबकि बंसल ने किसी अन्य के लिए नामांकन पत्र लिया : मिस्त्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के लिए कुछ दिन पहले तक आलाकमान की पहली पसंद रहे अशोक गहलोत की उम्मीदवारी पर राजस्थान में राजनीतिक संकट खड़ा होने के बाद ग्रहण लग गया है और पार्टी को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और कई वरिष्ठ नेता गहलोत के (शेष पेज 8)

## तृतीय चन्द्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**

**देवी** दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र के तीसरे दिन इनकी पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इन देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्रों से विभूषित हैं।

# मोदी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को दी श्रद्धांजलि



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में भाग लेने तोक्यो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां के अपने समकक्ष फुमियो किशिदा से भी भेंट की

- आबे असाधारण नेता और भारत जापान दोस्ती पर यकीन करने वाला महान नेता बताया

**भाषा।** तोक्यो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में मंगलवार को उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत-जापान की दोस्ती पर यकीन करने वाले शिंजो आबे एक महान नेता और एक असाधारण इंसान थे।

आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों और सरकारों के प्रमुखों सहित 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार सुबह ही तोक्यो पहुंचे थे। मोदी ने निप्पॉन बुडोकन हॉल में पुष्प अर्पित कर आबे को श्रद्धांजलि दी। विदेश मंत्रालय ने एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निप्पॉन बुडोकन हॉल (शेष पेज 8)

# भारत-पाकिस्तान दोनों अमेरिका के साझेदार



- बाइडन प्रशासन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणी पर दी प्रतिक्रिया

**भाषा।** वाशिंगटन

**बाइडन** प्रशासन ने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों अलग-अलग तरह से अमेरिका के साझेदार हैं। बाइडन प्रशासन ने यह बात अमेरिका के दौरे पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस बयान के एक दिन बाद कही है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को नवीनतम अमेरिकी एफ-16 सुरक्षा सहायता देने के फैसले को लेकर सवाल उठाए थे। जयशंकर ने अमेरिका के इस तर्क पर सवाल उठाया था कि एफ-16 लड़ाकू विमानों के रखरखाव से संबंधित पाकिस्तान को दिया जाने वाला पैकेज आतंकवाद से लड़ने के लिए है।

जयशंकर ने कहा था कि हर कोई जानता है कि एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कहां और किसके खिलाफ किया जाता है। भारतीय-अमेरिकियों के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, आप ए बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम पाकिस्तान और भारत के साथ अपने संबंधों को एक नजरिए से नहीं देखते। दोनों अलग-अलग तरह से हमारे साझेदार हैं। उन्होंने कहा, हम दोनों को साझेदार के रूप में देखते हैं, क्योंकि कई मामलों में हमारे साझा मूल्य हैं। हमारे कई मामलों में साझा हित हैं और भारत के (शेष पेज 8)

## जयशंकर की टिप्पणी को पाक ने किया खारिज

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ इस्लामाबाद के संबंधों के बारे में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में शांति के लिए दोनों देशों के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि भारत से अंतर-सरकारी संबंधों के बुनियादी मानदंडों का सम्मान करने और अमेरिका तथा पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर टिप्पणी करने से परहेज करने का आग्रह किया जाता है। भारत को भी अपने राजनयिक आचरण के गंभीर आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान का अमेरिका के साथ पुराना और व्यापक संबंध रहा है, जो इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है। विदेश कार्यालय ने यह भी कहा है कि हाल के महीनों में पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध मजबूत और बहुआयामी हुए हैं और दोनों देशों के नागरिकों के बीच सम्पर्क और द्विपक्षीय संबंध इसे और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। विदेश कार्यालय ने कहा, दोनों देश रचनात्मक रूप से क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में जुटे हैं।

# चुनाव आयोग तय करेगा असली शिवसेना किसकी





- सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति, कहा- ईसी की कार्रवाई पर रोक नहीं, उद्धव ठाकरे को झटका, शिंदे गुट को मिली राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को शिवसेना विवाद में एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत दी। संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है।

इसका आशय यह है कि अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। अदालत का यह फैसला उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक (शेष पेज 8)

## बहुमत के नियम का सिद्धांत लागू होगा: सीईसी

**गांधीनगर।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत का चुनाव आयोग महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट को असली शिवसेना के तौर पर मान्यता देने तथा उसे पार्टी का धनुष-बाण का चुनाव चिह्न आवंटित करने के मुद्दे पर बहुमत के नियम की पारदर्शी प्रक्रिया लागू करेगा। सीईसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास बहुमत के नियम की पारदर्शी प्रक्रिया है और वह मामले पर गौर करते हुए इसे लागू करेगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बारे में पूछे जाने पर कहा, पहले ही एक स्थापित प्रक्रिया है। वह प्रक्रिया हमें अधिकार (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | ↓ 37 | |
| निफ्टी | 17,007 | ↓ 08 | |
| सोना | 49,580 | ↓ 195 | /10g |
| चांदी | 56,155 | ↓ 195 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली आबकारी नीति मामले में कारोबारी विजय नायर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली में आबकारी नीति के कथित घोटाला मामले में मंगलवार को कारोबारी विजय नायर को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस मामले मे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी आरोपी हैं। अधिकारियों ने बताया कि काफी समय तक विदेश में रहे नायर को मंगलवार को एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। सूत्रों ने बताया कि नायर को राष्ट्रीय राजधानी में शराब के ठेकों के लाइसेंस के आवंटन में कथित अनियमितताओं के संबंध में गुटबंदी तथा षड्यंत्र में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिकी मे आरोप लगाया गया है कि सिसोदिया के सहायक अर्जुन पांडे ने नायर की ओर से शराब कारोबारी समीर महेंद्रु से करीब दो से चार करोड़ नकद लिए थे।

# आप व उसके नेता एलजी पर न लगाएं बेबुनियाद आरोप: कोर्ट

- कथित अपमानजनक व मानहानिकाकरक पोस्ट, वीडियो और ट्वीट हटाने का दिया निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित कर आम आदमी पार्टी (आप) और उसके कई नेताओं को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ मानहानिकारक बयान देने से रोक दिया।

अदालत ने उन्हें सोशल मीडिया पर सक्सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक पोस्ट, वीडियो और ट्वीट हटाने का भी निर्देश देते हुए कहा कि उन्होंने बिना सोचे समझे इस प्रकार के बयान दिए। उपराज्यपाल ने आप और उसके पांच नेताओं से ब्याज सहित 2.5 करोड़ रुपए के हर्जाने और मुआवजे की भी मांग की है। उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप और उसके नेताओं के विभिन्न बयान, साक्षात्कार, संवाददाता सम्मेलन, ट्वीट या री-ट्वीट, हैशटैग अपने आप में मानहानिकारक हैं और उन्हें सक्सेना की छवि धूमिल करने के लिए बिना किसी तथ्य के लापरवाहपूर्ण तरीके से किया गया।

उपराज्यपाल ने आप, इसके नेताओं आतिशी सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह और जैस्मीन शाह को अपने और परिवार के खिलाफ सोशल (शेष पेज 8)

# सुप्रीम कोर्ट कार्यवाही का पहली बार सीधा प्रसारण

- लोगों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया, सात लाख से अधिक व्यूज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को पहली बार अपनी संविधान पीठ की कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा कि कार्यवाही को उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

पहले दिन तीन संविधान पीठ की सुनवाई के सीधा प्रसारण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। लगभग सात लाख से अधिक बार इसे देखा गया। सोमवार को प्रधान न्यायाधीश यू.यू ललित ने कहा था कि अदालत की कार्यवाही के सीधे-प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) के लिए यूट्यूब के इस्तेमाल के बजाय इसका अपना प्लेटफॉर्म होगा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता में हाल ही हुई बैठक में 27 सितंबर से सभी संविधान पीठ की कार्यवाही के सीधे प्रसारण का फैसला लिया गया था।

यह कदम इस संबंध में 27 सितंबर, 2018 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा के संवैधानिक महत्व के मामलों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण या वेबकास्ट को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लेने के चार साल बाद उठाया गया। कोर्ट नंबर 1, (शेष पेज 8)

# आशा पारेख को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**गुजरे** जमाने की मशहूर अभिनेत्री आशा पारेख को 2020 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पारेख (79) को शुक्रवार को होने वाले 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। दादा साहेब फाल्के भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार है।

ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में पत्रकारों को बताया कि आशा भोंसले, हेमा मालिनी, पूनम ढिल्लों, उदित नारायण और टीएस नागभरण की पांच सदस्ईय दादा साहेब फाल्के पुरस्कार समिति ने सम्मान के लिए पारेख का नाम चुना है। मंत्री ने कहा, उन्होंने बैठक में निर्णय लिया कि इस बार आशा पारेख जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पारेख ने लगभग पांच दशक तक चले अपने अभिनय जीवन की शुरुआत 10 साल की आयु में की थी। उन्होंने 1952 में आई फिल्म आसमान से एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था और वह दो साल बाद बिमल रॉय की बाप बेटी से चर्चा में आई थीं। पारेख ने 1959 में आई नासिर हुसैन की फिल्म दिल देके देखो में मुख्य किरदार निभाया था, जिसमें उन्होंने शम्मी कपूर के साथ अभिनय किया था। दिल देके देखो, कटी पतंग, तीसरी मंजिल और कारवां जैसी फिल्मों के लिए मशहूर पारेख को हिंदी सिनेमा की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शुमार किया जाता है। पारेख ने 1990 के दशक के अंत में एक निर्देशक व निर्माता के तौर पर टीवी नाटक कोरा कागज का निर्देशन किया था, जिसे काफी सराहा गया था। पारेख 1998-2001 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की पहली महिला अध्यक्ष भी रहीं। साल 2017 में उन्होंने अपनी आत्मकथा द हिट गर्ल पेश की, जिसका (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 28 सितंबर, 2022



# श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर फिर लगे पेड़

## प्राधिकरण ने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम, कहा-अवैध निर्माण खुद तोड़े नहीं तो होगा बल प्रयोग

● प्रकरण के बाद एक बार फिर सोसाइटी का माहौल गरमाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


सोसाइटी पेड़ लगाने को ले जाती गाड़ी।

पेड़ लगाने के मामले में सोसाइटी की ओर से शिकायत मिलते प्राधिकरण के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीन ने अवैध निर्माण और पेड़ हटाने के लिए सोसाइटी के लोगों 48 घंटे का समय दिया।

उन्होंने कहा कि सोसाइटी के लोग खुद अवैध निर्माण को हटा ले। क्योंकि जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया है। उनको पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके है। यदि वह ऐसा नहीं करते है तो पुलिस बल बुलाकर सोसाइटी में अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सोसाइटी में श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर जो पेड़ लगे है उसे भी हटाया जाए। भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी व अन्नु त्यागी के अल्टीमेटम के बाद ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में श्रीकांत के घर के बाहर पेड़ लगाने का काम किया गया। यहां पाम के पौधे लगाए है। पांच अगस्त को विवाद की जड़ भी पौधे थे और विवाद बढ़ने के बाद सोसाइटी के लोगों ने इन पेड़ों को हटाया था। इसके बाद प्राधिकरण की टीम श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर अवैध निर्माण को तोड़ा था।

प्राधिकरण की ओएसडी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सोसाइटी के अंदर पेड़ पौधे लगाने का काम प्राधिकरण का नहीं है। यदि वहां पेड़ लगाए जा रहे है तो सोसाइटी के लोगों ने ही लगवाए होंगे। हालांकि मौके पर प्राधिकरण के नियोजन विभाग और पुलिस टीम मौजूद है, जिनकी देखरेख में ही पेड़ लगाए जा रहे है। दरअसल, सोमवार को मांगे राम त्यागी और अन्नु त्यागी ने सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन कर पुलिस और प्राधिकरण को अल्टीमेटम दिया था कि 24 घंटे के अंदर उखाड़े गए पेड़ों को दोबारा लगाया जाए। वहीं सोसाइटी में जिन फ्लैटों में अवैध निर्माण है उसे ध्वस्त किया जाए।

प्राधिकरण ने इस पर आश्वासन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया। सोसाइटी वालों का आरोप था कि श्रीकांत त्यागी घर के बाहर पेड़ लगाकार कॉमन एरिया के जमीन को अपने कब्जे में ले रहा है। इसको लेकर ही पांच अगस्त को श्रीकांत और सोसाइटी की महिला के बीच विवाद हुआ। जिसमे श्रीकांत त्यागी ने महिला के साथ अभद्रता की और मामला बढ़ गया। जिसके चलते श्रीकांत त्यागी गैंगस्टर एक्ट में जेल में है। सोसाइटी में वहीं पेड़ उसी स्थान पर दोबारा से लगाए जा रहे है।

अब तक 7 पाम के पेड़ लगाए गए है। इन पेड़ो को उसी कद के है जो पेड़ उखाड़े गए थे। हालांकि इस मामले में सोसाइटी की ओर से कोई बोलने को तैयार नहीं है।

# आवंटी की जमीन पर बनवा दिया डीएलएफ मॉल, अब प्राधिकरण चुकाएगा 361 करोड़

● सुप्रीम कोर्ट ने लड़ी गई लंबी लड़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। प्राधिकरण को 1 करोड़ की जमीन के बदले में अब आवंटी को 361 करोड़ रुपए मुआवजा देना होगा। मुआवजा देने में देरी करने पर प्राधिकरण को डेली पांच लाख रुपए और देने होंगे। ऐसे में प्राधिकरण लीगल सेल में बातचीत कर रहा है। हालांकि कानून के जानकारों की माने तो प्राधिकरण का इससे बच पाना मुश्किल है।

दरअसल, मामला 24 अप्रैल 1997 का है। बेंगलुरु के रहने वाले रेड्डी विरेन्ना ने नोएडा के छलेरा बांगर सेक्टर.18 में खसरा नंबर 422 और 427 में कुल 14358 वर्गमीटर जमीन एक करोड़ रुपए खरीदी थी। इसमें प्राधिकरण ने पहले ही काफी जमीन का अधिग्रहण कर लिया था।

प्राधिकरण ने सिर्फ 7 हजार 400 वर्गमीटर जमीन रेड्डी के नाम की। पूरी जमीन न मिलने पर रेड्?डी ने सिविल कोर्ट में केस दायर कर दिया। कोर्ट ने जमीन पर नजर बनाए रखने का आदेश दिया, लेकिन इसके बावजूद प्राधिकरण ने वाणिज्यिक भूखंड योजना निकालकर 54320 वर्गमीटर जमीन बेच दी। इसमें रेड्डी विरेन्ना की भी 7400 वर्गमीटर जमीन शामिल थी। यह पूरी जमीन प्राधिकरण ने डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को 173 करोड़ में बेची। डीएलएफ ने यहां निर्माण शुरू करा दिया। अपनी जमीन में निर्माण होता देख रेड्?डी ने हाईकोर्ट में नोएडा प्राधिकरण और डीएलफ को पार्टी बनाते हुए रिट फाइल की। कोर्ट ने देखा जमीन में निर्माण पूरा हो चुका है। ऐसे में रेड्डी को जमीन नहीं दी जा सकती है।

इसलिए उसे मुआवजा देने का आदेश दिया। प्राधिकरण ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जनवरी 2011 को याचिका खारिज कर दी। इसके बाद प्राधिकरण ने कृषि भूमि प्रतिकर के हिसाब से 181.87 रुपए प्रतिवर्गगज प्लस ब्याज समेत 36 लाख का मुआवजा बनाया और रेड्?डी को दे दिया। 2019 में रेड्डी ने फिर से हाईकोर्ट में कॉमर्शियल दर से मुआवजे के लिए याचिका दायर की। जिस पर 22, 24 और 29 सितंबर और 6 अक्टूबर 2019 को सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। 28 अक्टूबर 2021 को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया।

# उपलब्धि: 48 हजार मुसाफिरों ने एक्वा मेट्रो में सफर कर बनाया नया रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा-ग्रेनो के बीच चलने वाली नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन एनएमआरसी की एक्वा मेट्रो लाइन में सवारियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब एक बार फिर पिछले रिकार्ड को तोड़ते हुए राइडरशिप के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। मंगलवार को इसकी 48396 राइडरशिप रही।

एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने बताया कि अभी करीब नौ दिन पहले ही 19 सितंबर को 45123 राइडरशिप रही थी। उन्होंने कहा कि इससे पहले 12 सितंबर को 44922 सवारियों ने इस लाइन पर सफर किया था। ऐसे में अब एक्वा लाइन में सवारियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जल्द ही राइडरशिप 50 हजार पार करने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस साल अगस्त में 44 हजार, जुलाई माह में 32202, जून में 30366, मई 29089, अप्रैल में 26162 व मार्च में 23266 औसतन राइडरशिप रही। नोएडा के सेक्टर.51 में एक्वा लाइन और सेक्टर.52 मेट्रो स्टेशन डीएमआरसी के है।

इन दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए बीच में फुट ओवर ब्रिज एफओबी का निर्माण किया जाना है। एफओबी बनने के बाद दोनों स्टेशन जुड़ जाएंगे। जिससे नोएडा से दिल्ली और दिल्ली व नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने वाले मुसाफिरों को स्टेशन के बाहर नहीं आना होगा। सेक्टर-51 से नालेज पार्क.5 तक मेट्रो विस्तार के लिए भी जल्द सरकार से मंजूरी मिल जाएगी। इसकी डीपीआर को प्रदेश सरकार की ओर से मंजूरी मिल चुकी है।

# रैपिड रेल स्टेशनों पर लगेंगे 162 एस्केलेटर, गुलधर पर काम पूरा

● यात्रियों की आवाजाही के लिए 111 लिफ्ट भी लगाई जाएंगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर एस्केलेटर और लिफ्ट्स लगाने का काम शुरू हो गया है।

इसकी शुरुआत गाजियाबाद में गुलधर स्टेशन से हुई है। गुलधर स्टेशन पर ये काम पूरा हो चुका है। अब साहिबाबाद स्टेशन पर भी एस्केलेटर लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। रैपिड रेल का प्रायोरिटी सेक्शन गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक है। इसकी लंबाई करीब 17 किलोमीटर है। इस प्रायोरिटी सेक्शन में 5 स्टेशन साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो हैं।

इन सभी स्टेशनों में कुल 36 एस्केलेटर और 26 लिफ्ट लगाई जाएंगी। इनमें से अब तक 8 एस्केलेटर्स और 4 लिफ्ट का इस्टॉलेशन पूरा कर लिया गया है। गुलधर स्टेशन पर 4 एस्केलेटर इंस्टॉल किए गए हैं तथा 2 लिफ्ट का इस्टॉलेशन किया जा रहा है।

वहीं साहिबाबाद स्टेशन पर 4 एस्केलेटर्स के इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। दिल्ली.गाजियाबाद.मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर एस्कलेटर्स लगाने के लिए शिंडलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है, जो 162 एस्केलेटर डिलीवर करेगी।

यह कंपनी महाराष्ट्र के पुणे में एस्कलेटर्स बना रही है। इसी तरह कॉरिडोर के लिए लिफ्ट का अनुबंध ओटिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया है, जो 111 लिफ्ट्स की डिलीवरी करेगी। इन सभी लिफ्ट्स का निर्माण बंगलुरु फैक्ट्री में किया जा रहा है। एस्केलेटर के साइड के पैनल और स्टेप सीढ़ी के बीच में साड़ी जैसे ढीले कपड़ों के उलझने की संभावना को कम करने के लिए स्कर्ट गार्ड का प्रयोग। एस्केलेटर पर यात्रा करते समय यात्रियों की उंगलियों की सुरक्षा के लिए एस्केलेटर के हैंडरेल पर फिंगर गार्ड लगा होगा। एस्केलेटर के असामान्य संचालन पर यात्रियों को एस्केलेटर से गिरने से बचाने के लिए कई स्वचालित सुरक्षा उपकरण होंगे, जिनमें एंटी.रिवर्सल डिवाइस, ड्राइव चेन ब्रोकन डिवाइस, हैंडरेल ब्रोकन डिवाइस, एस्केलेटर ओवर स्पीड डिवाइस, स्टेप सैग, स्टेप ब्रोकन डिवाइस, स्टेप अप.थ्रस्ट डिवाइस, स्टेप मिसिंग डिवाइस, हैंडरेल मॉनिटरिंग डिवाइस आदि।

एस्केलेटर पर मजबूत पकड़ के लिए प्रकार के हैंडरेल होंगे। प्रत्येक एस्केलेटर पर आसानी से बोर्डिंग और डी.बोर्डिंग करने के लिए पीली लाइन और पीली लाइट के साथ चार समतल स्टेप होंगे। स्टेशन के अंदर पेड एरिया में लगाए गए एस्केलेटर के साइड में शीशे लगे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार


जनसुनवाई के दौरान शिकायत का निपटारे करते पुलिस अधिकारी।

### सोसाइटी के बाहर महिला से चेन छीनी

**नोएडा।** सेक्टर-78 स्थित हाइट पार्क सोसाइटी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन तोड़ ली और भाग गए। महिला ने सेक्टर.113 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में विजय चौहान ने बताया कि वह परिवार के साथ हाइड पार्क सोसाइटी में रहते हैं। उनकी पत्नी रुकमणी सोमवार सुबह टहलने के लिए घर से निकली थी। वह सोसाइटी के बाहर पहुंची तो एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उने गले से सोने की चेन तोड़ ली। आरोपियों को पकड़ने के लिए उनकी पत्नी ने शोर मचाया, लेकिन वे भाग गए। फिर वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

### पार्क में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**नोएडा।** हरौला गांव के पार्क में मंगलवार सुबह युवक का शव लहूलुहान अवस्था में मिला। पुलिस ने युवक की हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सुबह सूचना मिली थी कि हरौला गांव के पार्क में युवक का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। पुलिस को मृतक की जेब से मोबाइल, 150 रुपये और आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान 30 वर्षीय मिंटू सिंह के रूप में हुई।

### जेवर में अवैध प्लॉट पर बुलडोजर चलाया

**नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने मंगलवार को जेवर में अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यहां भूमाफिया ने निर्माण करवा दिया था। यमुना विकास प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा के ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन और पुलिस टीम जेवर पहुंची। सबसे पहले जेवर बांगर के गांव सहाबनगर प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के पीछे और गांव कानीगढ़ी रोड प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बराबर में भूमाफिया द्वारा 70 हजार वर्ग मीटर जमीन पर काटी गई अवैध कॉलोनी को सात जेसीबी मशीनों की मदद से ढहा दिया।

### सीएससी गांवों में उपलब्ध कराएगा वाहन ऋण

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड और टाटा फाइनेंस सॉल्यूशन लिमिटेड ने केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निकाय कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी)के साथ एक रणनीतिक करार किया है। इसके तहत कॉमन सर्विस सेंटर अपने देश भर में फैले 5 लाख सीएससी सेंटर के माध्यम से ग्रामीण जनता को वाहनों के ऋण उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। इस करार को लेकर कॉमन सर्विस सेंटर के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजय कुमार राकेश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में वाहनों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। करार के तहत गांव-देहात में ऋण या वित्तीय सेवा चाहने वाले लोगों को सीएससी केंद्र के माध्यम से नए और पुराने वाहनों पर ऋण की सुविधा मिल पाएगी। इसके अलावा वे टाटा समूह की विभिन्न वित्तीय सेवाओं को लाभ भी हासिल कर पाएंगे। इसके लिए उन्हें सीएससी केंद्र पर अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयकर से संबंधित फॉर्म, घर या संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज, हाउस टैक्स जैसे जरूरी कागजात लेकर जाना होगा, जिसकी जांच के आधार पर उनको ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# वाट्सएप कॉल व मैसेज भेजकर मौसा से मांगी रंगदारी

● यूट्यूब पर सीखकर तैयार किया वर्चुअल नंबर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



शहीद नगर के कारोबारी से छेनू गैंग के नाम से रंगदारी मांगने वाले मुख्य आरोपी को साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो मोबाइल, तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद हुआ।

पीड़ित कारोबारी उसका सगा मौसा है। उसने वर्चुअल नंबर तैयार करके 15 लाख रुपये रंगदारी मांगी थी। डराने के लिए घर पर फायरिंग की भी की थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि शहीद नगर के कारोबारी जमील अहमद से 16 से 19 सितंबर के बीच वाट्सएप काल व वाइस मैसेज भेजकर 15 लाख रुपये रंगदारी मांगी गई थी। उनके घर पर रात में फायरिंग भी हुई थी। मामले में रिपोर्ट दर्ज करके छानबीन शुरू की गई।

पता चला कि उसके रिश्तेदार जाफराबाद नई दिल्ली के महसीन ने रंगदारी मांगी है। उसकी तलाश शुरू की गई। मंगलवार को उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित कारोबारी जमील आरोपी महसीन का सगा मौसा है। उसे पता था कि जमील के पास रुपये रहते हैं। इस कारण उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर उनसे रंगदारी की मांगने की योजना बनाई। यूट्यूब पर वर्चुअल नंबर तैयार करना सीखा। इसके लिए टेक्सट नाउ एप के माध्यम से वाट्सएप का विदेशी नंबर तैयार किया। उससे जमील से रंगदारी मांगी।

इससे लगा कि किसी ने विदेश से रंगदारी मांगी है। साहिबाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महसीन ने आवाज बदलकर भारी आवाज में वाइस मैसेज भेजे थे। भारी आवाज में ही काल की थी। खुद को छेनू गिरोह का फहीम ठाकुर बताया था। उसका छेनू गिरोह से संबंध है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

# नोएडा ट्विन टावर के मलबे के निस्तारण को लेकर बैठक आज

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट परिसर में बने ट्विन टावर को गिरे हुए बुधवार को एक महीना हो जाएगा, लेकिन अभी तक मौके से मलबा उठना शुरू नहीं हुआ है। यहां करीब 80 हजार टन मलबा पड़ा है।

मलबा उठवाने के मामले में सुपरटेक बिल्डर लगातार लापरवाही बरत रहा है। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण ने अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी मामले में बुधवार को बिल्डर और टावर ध्वस्त करने वाली एजेंसी को प्राधिकरण दफ्तर में बुलाया है। मलबा नहीं उठने पर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने नियोजन विभाग से जवाब-तलब किया और जल्द काम शुरू कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद नियोजन विभाग ने बुधवार को बैठक बुलाई है। इसमें सुपरटेक बिल्डर और एडीफ इस एजेंसी को बुलाया गया है। खास बात यह है कि मलबा निस्तारण कराने को लेकर बिल्डर लगातार गुमराह कर रहा है। पहले उसने सेक्टर.80 स्थित प्लांट में मलबा निस्तारण की सहमति दे दी।

## खराब स्ट्रीट लाइटों का होगा सर्वे: नगर आयुक्त

**गाजियाबाद।** शहर की सभी स्ट्रीट लाइटें शत प्रतिशत ठीक की जा रही हैं। यह जानकारी देते हुए नगर आयुक्त नितिन गौड़ ने बताया कि शहर में सभी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

फिर भी कितनी स्ट्रीट लाइट खराब हैं इसके लिए नगर निगम सर्वे कराएगा, ताकी सटीक डेटा नगर निगम के पास हो। शहर में शत प्रतिशत स्ट्रीट लाइट जलाने के लिए हर रोज पांच टीम काम कर रही हैं। निगम की कोशिश है कि त्योहारों के सीजन में शत प्रतिशत स्ट्रीट लाइट जलें और शहर में उजाला हो।

# वैशाली में लूट की दो वारदातें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के वैशाली इलाके में लूटपाट की दो वारदात हुईं। स्वयंसेवक से बाइकर्स बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। वहीं बदमाशों ने ड्राइवर को बेहोश करके ऑटो लूट लिया और फरार हो गए।

वैशाली सेक्टर.3 निवासी सागर शर्मा डाबर चौक पर मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और गले में पड़ी सोने की चेन लूटकर ले गए। सागर ने शोर मचाया। कुछ लोग पीछे भी दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। सागर ने सुबह आठ बजे यूपी.112 कंट्रोल रूम को फोन करके सूचना दी। पुलिस मौके पर आई और बदमाशों की तलाश में काम्बिंग की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है।

उनका कहना था कि त्योहारों पर पुलिस अलर्ट होने का दावा कर रही है, इसके बावजूद लुटेरों में कोई खौफ नहीं है। वैशाली सेक्टर.3 निवासी रामवीर ऑटो चालक है। सोमवार सुबह 11 बजे रामवीर घर से निकला लेकिन वापस नहीं आया। मंगलवार सुबह खोजबीन के दौरान रामवीर हिंडन नदी किनारे बेहोशी हालत में मिला है। ऑटो गायब है।


आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए इलाके का दौरा करते पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) व अन्य अधिकारी।

# राम मंदिर मॉडल के पंडाल में विराजेंगी मां दुर्गा

● नोएडा में 70 से अधिक पंडालों में देवी प्रतिमाएं विराजित की जा रही

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शारदीय नवरात्र में 26 सितंबर से मंदिरों में विधि विधान के साथ शुरू हो चुकी है। नोएडा में 70 से अधिक पंडालों में देवी प्रतिमाएं विराजित की जा रही है। नोएडा के सेक्टर.78 में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रतिरूप वाला पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा।

यहां 1 अक्टूबर से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना शुरू की जाएगी। पंडाल सेंट्रल नोएडा पूजा कमिटी की ओर से लगाया जा रहा है। कमिटी की अध्यक्ष इंद्राणी मुखर्जी ने बताया कि भगवान श्री राम द्वारा रावण वध से पूर्व आश्विन माह में देवी दुर्गा का अकाल बोधन असमय आह्वान किया गया। जिसे हम सनातनी शारदीय दुगोरत्सव के रूप में मनाते हैं।

भगवान श्री राम और मां दुर्गा की इस कड़ी को जोड़ते हुए सेक्टर 78 स्थित सेंट्रल नोएडा पूजा कमिटी इस साल अयोध्या श्री राम मंदिर का प्रारूप तैयार कर रही है मां दुर्गा के पंडाल के रूप में। इसका आधार 36 फीट और हाइट 34 फीट का बनाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल से बुलाई गई विशेष टीम पिछले दो माह से मुरादनगर स्थित कार्यशाला में इसे मूर्त रूप देने का प्रयास कर रही है।

पश्चिम बंगाल में चंदन नगर आलोक सज्जा के लिए विख्यात है। वहीं से लोग इसकी सजावट विशेष लाइटिंग का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि 2 से 4 अक्टूबर तक पूजन एवं हवन के पश्चात भक्तों के लिए पूजा कमिटी की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । 1 से 4 अक्टूबर तक मां दुर्गा की सायं आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुंबई एवं कोलकाता से गायक एवं गायिकाएं अपनी प्रस्तुती देंगे। श्री सनातन धर्म मंदिर राम लीला और श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा रामलीला मैदान आयोजित रामलीला मंचन के पहले दिन सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा व विधायक नोएडा पंकज सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रामलीला मंचन की शुरुआत गणेश वंदना एवं पूजन के साथ हुई।

# 21.32 करोड़ की लागत से बनीं 44.7 किमी सड़कों का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में मंगलवार को बागपत सांसद डा सत्यपाल सिंह और विधायक डा मंजू सिवाच ने संयुक्त रूप से 21.32 करोड़ की लागत से बनीं 44.7 किमी सड़कों का लोकापर्ण किया। इस दौरान सांसद ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में डायग्नोस्टिक सेंटर खुलवाने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखा गया है।

इसके अलावा खेल मैदान में ट्रैक बनवाने का भी प्रयास किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरुआत स्वर्गीय अटल ने की थी, जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे बढ़ाया। विधायक डा मंजू सिवाच ने कहा कि मोदी सरकार और योगी सरकार में सदैव महिला सशक्तिकरण को महत्व दिया गया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य करते हुए अग्रणी हैं। जिसका उदाहरण हमारे बीच उपस्थित पीडब्ल्यूडी की महिला इंजीनियर हैं, जो इन सड़कों के निर्माण कार्य में कार्यरत रहीं। सड़क हमारे देश के विकास की भाग्य रेखा है।

सड़कों के बिना हमारा संपर्क एक स्थान से दूसरे स्थान तक संभव नहीं है। इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलती है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, विनोद गोस्वामी सांसद प्रतिनिधि, चेयरमैन अशोक महेश्वरी, अमित बैसला और हरेंद्र आदि मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 3 अंडरपास बनने शुरू, जाम मुक्त होगा मुकरबा चौक

## एक साल में पूरी होगी परियोजना, 59 करोड़ रुपये आएगी लागत, उपमुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

● हर साल 1.35 लाख किलो कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा, 58 हजार लीटर ईंधन की होगी बचत : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुकरबा चौक व हैदरपुर मेट्रो स्टेशन रोड जाम मुक्त होगी। लोक निर्माण विभाग यहां 59.5 करोड़ रुपये की लागत से तीन अंडरपास बनाएगा।


अंडरपास का शिलान्यास करते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

पहले अंडरपास से हैदरपुर बादली से बादली की ओर जाने वाले वाहनों व पैदल यात्रियों को सुविधा होगी। ये वाहन रिंग रोड के ट्रैफिक को प्रभावित किए बिना बादली की ओर जा सकेंगे। दूसरे अंडरपास से आउटर रिंग रोड से शालीमार बाग जाने वाले वाहनों को नहीं करना होगा लूप का इस्तेमाल, 1.5 किमी की दूरी घटेगी। तीसरे अंडरपास से संजय गाँधी ट्रांसपोर्ट नगर से आजादपुर जाने वाले वाहनों को मिलेगा फायदा। मुकरबा चौक का ट्रैफिक भी कम होगा। तीनों अंडरपास एक साल में बनकर तैयार होंगे।

इसके बनने से रोजाना बाहरी रिंग रोड व शालीमार बाग के बीच आवाजाही करने वाले हजारों वाहनों को जाम से मिलेगा निजात। साथ ही हर वर्ष 1.35 लाख किलो कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा और सालाना 58 हजार लीटर ईंधन की भी बचत होगी। उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को परियोजना का शिलान्यास किया।

सिसोदिया ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में दिल्ली में शानदार काम हुए हैं। वह न केवल सपने दिखाते है बल्कि उन्हें सच करके भी दिखाते है। वह देश में एकमात्र ऐसे नेता, जिनके शब्दकोष में नहीं शब्द नहीं है। वह सब कुछ हो सकता है पर विश्वास करते है और यही उनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से मुकरबा चौक और हैदरपुर बादली मेट्रो के आस-पास यातायात सुगम हो जाएगा। पहला अंडरपास हैदरपुर बादली मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-3 पर बनाया जाएगा जिसका इस्तेमाल पैदल यात्री व एनएमवी द्वारा बादली की ओर जाने के लिए किया जाएगा। 50 मीटर लम्बा दूसरा अंडरपास 9.6 मीटर चौड़ा व 6 मीटर ऊँचा होगा और इसका इस्तेमाल बादली, बाहरी रिंग रोड से आने वाले वाहनों द्वारा शालीमार बाग की ओर जाने के लिए किया जाएगा।

तीसरे अंडरपास का उपयोग भविष्य में बनने वाले एलिवेटेड रोड के द्वारा संजय गाँधी ट्रांसपोर्ट नगर से निकलने वाले वाहनों को आजादपुर की तरफ जाने के लिए उपयोगी होगा। इससे मुकरबा चौक पर लगने वाले जाम में कमी आएगी। साथ ही यहां मौजूदा सड़क के सुदृढ़ीकरण, पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ को बेहतर बनाने के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

# विकास परियोजनाएं समय पर हों पूरी : एलजी

● यूटीटीआईपीसी की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने द्वारका के विकास के लिए व्यापक मोबिलिटी योजना तैयार करने को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत अंतिम सिरे तक संपर्क, उन्नत सार्वजनिक परिवहन और इलाके को अधिक चलने-फिरने योग्य बनाना है। एलजी ने सोमवार को एकीकृत यातायात एवं परिवहन आधारभूत ढांचा नियोजन एवं इंजीनियरिंग केंद्र (यूटीटीआईपीसी) की 66वीं बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान उन्होंने समय रेखा का कड़ाई से पालन करने और पूर्ण अंतर-एजेंसी समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने 59 मेट्रो स्टेशनों के लिए मंजूर मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजना पर सफल अमल के मद्देनजर अंतर-एजेंसी समन्वय के आभाव को लेकर निराशा जताई। उन्होंने संबंधित एजेंसियों के बीच सुचारु समन्वय का निर्देश दिया जिनमें पीडब्ल्यूडी, परिवहन विभाग, एमसीडी, ट्रैफिक पुलिस और डीडीए शामिल हैं। उन्होंने प्रायोगिक आधार पर उन पांच स्टेशनों की पहचान करने के लिए कहा जहां लोगों की आवाजाही अधिक है, ताकि मंजूरी प्राप्त एमएमआई योजना पर संतोषजनक अमल हो स क` ।


एलजी विनय सक्सेना

यूटीटीआईपीईसी ने द्वारका (के-दो) क्षेत्र के लिए व्यापक मोबिलिटी योजना तैयार करने को मंजूरी दे दी है। इसके तहत इलाके को चलने-फिरने योग्य बनाने, सार्वजनिक परिवहन, अंतिम छोर तक संपर्क और पार्किंग विकास की बात शामिल है। छतरपुर से मैदानगढ़ी स्थित औद्योगिक क्षेत्र, सरयूपुर और सतबारी जाने वाली सड़क से जुड़ी परियोजना को लेकर उठाए गए कदम संबंधी रिपोर्ट पर चर्चा की गई।

सक्सेना को अवगत कराया गया कि मौजूदा सात मीटर चौड़ी सड़क को 30 मीटर चौड़ा करने के लिए निजी भूमि अधिग्रहण की जरूरत होगी और इससे अधिक महत्वपूर्ण वन विभाग से मंजूरी हासिल करना होगा, क्योंकि पूरे इलाके को मार्फोलॉजिकल रिज घोषित किया गया है।

# तीन लाख संविदा कर्मियों में से एक भी नहीं हुआ नियमित : भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने संविदा कर्मियों को लेकर दिल्ली सरकार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दावा किया कि करीब 3 लाख कर्मचारी ठेके पर काम कर रहे हैं। इनमें आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, गेस्ट टीचर, योगा टीचर और अन्य स्टाफ, अस्पतालों में काम करने वाले गार्ड और अन्य स्टाफ, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, डीटीसी और सरकार के अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं।

आम आदमी पार्टी आठ साल पहले उन्हें नियमित करने का वादा किया था लेकिन आज तक एक भी कर्मचारी को पक्का नहीं किया गया है। इतना ही नहीं सरकार उन्हें न्यूनतम वेतन देने में भी नाकाम है। अब गुजरात में अपनी जमीन तलाश रहे


रामवीर सिंह बिधूड़ी

केजरीवाल गुजरात में ठेके पर काम कर रहे कर्मचारियों को ऐसा ही झांसा दे रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनावों के दौरान वर्ष 2015 में दिल्ली परिवहन निगम कर्मचारियों, गेस्ट टीचरों और अन्य संविदा का काम कर रहे कर्मचारियों के साथ इसी तरह अलग-अलग मुलाकातें की थीं, जैसी वह आजकल गुजरात में कर रहे हैं। यहां

● केजरीवाल झूठ बोलते हुए नहीं हिचकते : नेता प्रतिपक्ष

उन्होंने कर्मचारियों को झांसा दिया था कि अगर वह सत्ता में आ गया तो उन सभी की नौकरी पक्की कर दी जाएगी लेकिन यह सब झूठ था और यही झूठ अब वह गुजरात में भी बोल रहे हैं।

उन्हें याद रखना चाहिए कि काठ की हंडिया बार-बार आग पर नहीं चढ़ती है। इसलिए गुजरात के लोग केजरीवाल पर विश्वास नहीं कर रहे।

कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री ने ऐलान किया था कि दिल्ली जल बोर्ड के कांट्रेक्ट कर्मचारियों को पक्का किया जा रहा है लेकिन आरटीआई से पता चला है कि वह भी झूठ था और एक भी कर्मचारी पक्का नहीं किया गया।

# शाहीनबाग समेत आसपास के क्षेत्रों में धारा 144 लागू

**नई दिल्ली।** देश में आतंकी व हिंसक गतिविधियों के आरोपों से घिरे पापुलर फ्रंट आफ इंडिया पर सुरक्षा एजेंसियों ने शिकंजा कर दिया है।

इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अन्य यूनिटों व जिला पुलिस के साथ मिलकर दिल्ली छह जिलों के कई मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में छापेमारी की और इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। पीएफआइ के खिलाफ छापेमारी से सुरक्षा एजेंसियों व पुलिस को अंदेशा था कि वे विरोध स्वरूप आंदोलन न शुरू कर दें। इसको देखते हुए पहले ही जामिया यूनिवर्सिटी प्रशासन ने छात्रों को नोटिसा जारी कर किसी भी तहत के प्रदर्शन में शामिल न होने के लिए चेतावनी जारी कर दिया।

सर्कुलर में बताया गया कि 19 सितंबर से 17 नवंबर तक पूरे इलाके में धारा 144 लगी रहेगी। छात्र-छात्राओं को हिदायत दी गई कि वे परिसार में के भीतर या बाहर समूह में इकट्ठा ना हो।

# निचले इलाकों में घुसा पानी, अलर्ट

● यमुना के तटवर्ती इलाकों को खाली कराकर सुरक्षित स्थानों पर भेजा : डीएम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पहाड़ी इलाकों में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी से यमुना नदी उफान पर हैं।

सोमवार देर रात नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर 206.18 मीटर तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए शाहदरा जिला प्रशासन ने मंगलवार को पुराना लोहा पुल बंद करा दिया है। पुल बंद होने से रेल व अन्य वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। प्रशासन के अधिकारियों ने रेलवे व दिल्ली यातायात पुलिस से बात कर यह फैसला लिया है। जिलाधिकारी अनिल बंका ने कहा कि जलस्तर के 206 मीटर के स्तर को पार करने के बाद मंगलवार सुबह लोगों को निकालने के लिए अलर्ट जारी किया गया। नदी के तटवर्ती निचले इलाकों को खाली कराया जा रहा है।

## केजरीवाल शुक्रवार को जारी करेंगे विंटर एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की आबोहवा दुरुस्त करने के मकसद से विंटर एक्शन प्लान इस सप्ताह के अंत में जारी होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए अपनी सरकार की 15 सूत्रीय कार्ययोजना 30 सितंबर को सार्वजनिक करेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन मे कहा, दिल्ली सरकार ने 5000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले निर्माण और विध्वंस के सभी स्थलों पर स्मॉग-रोधी उपकरण की तैनाती को अनिवार्य कर दिया है। इसका उल्लंघन पर परियोजना से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले धूल प्रदूषण की रोकथाम के लिए 20,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले निर्माण और विध्वंस के स्थलों पर स्मॉग-रोधी उपकरण लगाना अनिवार्य था।


## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त को दीं आपत्तियां

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस परिसीमन समिति के चेयरमैन हरी शंकर गुप्ता के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त से मिला। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली के लोगों से प्राप्त वार्ड परिसीमन के 90 सुझावों और आपत्तियों को चुनाव आयुक्त को सौंपा। पार्टी नेताओं को भरोसा है कि चुनाव आयोग उनकी मांग को मानते हुए सभी वार्डों में जरूरी बदलाव करेगा। इस अवसार पर हरी शंकर गुप्ता ने कहा कि निगम वार्ड परिसीमन से संबधित आपत्तियां लगातार आना जारी है।

### सेवाओं पर नियंत्रण, 9 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र और दिल्ली सरकार की विधाई और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित कानूनी मुद्दे पर नौ नवंबर को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि पीठ दैनिक आधार पर मामले की सुनवाई शुरू करेगी। पीठ में न्यायमूर्ति एम.आर. शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। संविधान पीठ की कार्यवाही पूरी तरह से कागज रहित होगी और इसे हरित पीठ कहा गया है क्योंकि कार्यवाही के दौरान किसी कागज का इस्तेमाल नहीं होगा या उस पर निर्भरता नहीं रहेगी।



# स्वयंवर में धनुष तोड़ सीताजी के हुए श्रीराम, गरजे परशुराम

## श्रीदुर्गा रामलीला जैकबपुरा के तीसरे दिन की लीला रही भव्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला में स्वयंवर में धनुष तोड़ने के बाद एक-दूसरे को जयमाला पहनाते राम-सीता बने कलाकार।

**जैकमपुरा** स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से तीसरे दिन की राम लीला में भव्य सीता स्वयंवर के साथ भगवान शिव के टुटे धनुष को देखकर आग-बबुला हुए परशुराम की लीला में कलाकारों ने अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लक्ष्मण-परशुराम संवाद देखने के लिए खूब भीड़ उमड़ी।

रामलीला की शुरुआत ताड़का वध के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ काफी समय तक राम-लक्ष्मण ने ऋषियों के साथ वनों में ही समय बिताया। गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को गंगा मईया के दर्शन कराकर उन्हें इसके इतिहास से अवगत कराया। इसके बाद घूमते हुए वे जनकपुरी में राजा जनक के दरबार में जा पहुंचे। उनके आने की समाचार सुनकर राजा जनक प्रसन्न हुए और खुद जाकर उनका स्वागत किया। इसी समय राजा जनक ने सीता का स्वयंवर भी रखा हुआ था। इसकी जानकारी गुरू विश्वामित्र को भी दी गई। स्वयंवर में खुद के लिए अच्छा वर पाने की इच्छा लिए सीता अपनी सखियों के साथ बगिया में मां गिरिजा जी की पूजा करने जाती है। राजा जनक ने सीता जी के स्वयंवर की शर्त यह थी कि जो भी शिवजी के इस धनुष को उठा उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वर माला डालेगी। सिंह गर्जना के साथ रावण राजा जनक के दरबार में प्रवेश करते हैं। जब वे धनुष उठाने में असमर्थ साथ ही सीता को धमकी भरे शब्दों में यह कह जाते हैं कि सीते, एक दिन तुझे लंका जरूर दिखाऊंगा। सभी राजा-राजकुमारों द्वारा धनुष उठाने में असफलता पर राजा जनक कहते हैं-हे दीप-दीप के राजा जन हम किसे कहें बलशाली हैं, हमको तो यह विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। राजा जनक की यह बात सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हुए और उठकर बोले राजा जनक यह बात कहना उन्हें शोभा नहीं देती। अगर उनके भइया राम उन्हें आज्ञा दें तो वह अभी इस धनुष को उठाकर कई टुकड़े कर दें। इसके बाद राम उठे और लक्ष्मण को शांत करते हुए कहा-लड़ना अच्छा नहीं है भाई, टुक लक्ष्मण करो समाई। राजा जनक से वार्ता के बाद संगीत की स्वर लहरियों के बीच राम आगे बढ़े और शिवजी के धनुष को प्रणाम किया और उठाकर जब प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो धनुष के दो टुकड़े हो गए। इसके बाद मंच पर ही सीता जी व राम जी ने एक-दूसरे को माला पहनाई।

रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद बेहतरीन रहा। जब राम-सीता ने एक-दूसरे का माला पहना दी तो राजा जनक के दरबार में भगवान परशुराम पहुंचते हैं। टूटा हुआ धनुष देखकर वे क्रोधित हुए और बोले-ओ जनक जरा जल्दी बता ये धनुष किसने तोड़ा है, इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जवाब में राम जी ने कहा-जो कृपा पात्र हैं गुरुओं का वह कब किससे डर सकता है, जिस पर कृपा हो ब्राह्मणों की यह काम वही कर सकता है। इसके बाद भी परशुराम शांत नहीं हुए और वे गुस्से से आग-बबुला होते रहे। फिर लक्ष्मण-परशुराम के बीच दमदार तरीके से संवाद हुआ। फिर शांत होने के बाद भगवान परशुराम ने श्रीराम को प्रणाम किया।

# शीतला माता मंदिर में लगाई वैक्सीन, कानून की भी दी जानकारी

## डीएलएसए की ओर से आयोजित किया गया माइक्रो सर्विस शिविर


श्रीमाता शीतला मंदिर में स्टॉल पर जानकारी लेती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** यहां श्रीमाता शीतला मंदिर में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के सहयोग से पूरी नवरात्रि के लिए माइक्रो सर्विस शिविर की शुरुआत की। यह शिविर 4 अक्टूबर तक चलेगा। शिविर में लोगों को वैक्सीन लगाने के साथ कानून की भी जानकारी दी जा रही है।

स्टॉल पर मौजूद पैनल अधिवक्ता मुनमुन गोयल ने बताया कि यहां केवल जागरुकता स्टॉल नहीं है, बल्कि यहां रोजाना विभिन्न विभागों की स्टॉल लगायी जाएगी। लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। आधार कार्ड की सुविधा रोजाना दी जाएगी। जिन्हें भी अपना आधार कार्ड बनवाना हो वो शीतला मंदिर आएं और आधार कार्ड बनवाएं। इसी के साथ कोरोना रोधी टीकाकरण का स्टाल भी लगाया गया। स्टॉल पर आईआईएलएम यूनिवर्सिटी के लॉ के विद्यार्थियों ने भी लोगों को जागरुक किया। इसके साथ ही लोगों को आगामी 12 नवम्बर को लगने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई।

# संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता ने व्हाट्सअप पर गलत मैसेज भेजने पर पति पर कराया केस

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ व्हाट्सअप पर गलत मैसेज भेजने के आरोप में मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने बताया कि पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने के लिए ऐसा किया है। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी विवाहिता एकता ने पुलिस को बताया कि उसकी 2005 में योगेश से शादी हुई थी। उसको एक चार वर्षीय बेटी है, लेकिन ससुरालवालों से अनबन होने के कारण वह पिता के घर मारुति कुंज कॉलोनी में रह रही है। उसके पति ने उसके पिता के मोबाइल नंबर के व्हाट्सअप पर गलत तरीके का मैसेज भेजा। वह मैसेज उसके पिता ने उसे भेजा। उसके बाद उसके पिता ने उसे कॉल की थी, लेकिन वह पिता द्वारा की गई कॉल को सुन नहीं सकी। उसके पिता ने पति योगेश को फोन करके ऐसा मैसेज भेजने की शिकायत की। उसके जबाव में योगेश ने अपनी गलती नहीं स्वीकार की। पुलिस ने विवाहिता द्वारा दी गई शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### पिकअप ने दो भाइयों को मारी टक्कर, एक की मौत

**सोहना।** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों में से एक की मौत और दूसरा घायल हो गया। आरोपी चालक मौके से पिकअप लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर की आईटीआई कॉलोनी निवासी पंकज ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह और उसका भाई प्रवेश दोनों बाइक से जखोपुर आटा लेने जा रहे थे। इंडरी मोड़ पर निजी अस्पताल के सामने तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। उसका भाई प्रवेश उछलते हुए सड़क पर गिरा गया। आरोपी चालक मौके से भाग गया। वह खुद संभलते हुए अपने भाई को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां से डॉक्टरों ने प्रवेश का गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान रविवार रात को प्रवेश की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने पंकज की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### अदालत ने सतीश हत्याकांड में आरोपी को जेल भेजा

**सोहना।** पुलिस ने किसान 42 वर्षीय सतीश हत्याकांड में एक दिन रिमांड पर आये आरोपी को अदालत में पेश किया। रिमांड पर आये हत्यारोपी से पुलिस पूछताछ में हथियार बरामद नहीं कर सकी। अदालत ने हत्यारोपी को जिला जेल भोंडसी भेज दिया है। सदर थाना पुलिस ने सोमवार को शहर की गहलोत विहार कॉलोनी निवासी किसान सतीश कुमार की हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपी पवन उर्फछोटू को एक दिन का रिमांड लिया था। हत्या आरोपी पवन उर्फ छोटू से की गई पूछताछ तथा पुलिस द्वारा घटना स्थल पर 12 घंटे तक की गई तलाश के बावजूद हथियार बरामद न होना सिर दर्द बन गया है। पुलिस ने मामले से संबंधित किसान के दूसरे नौकर सोनू को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन सोनू ने भी हथियार बरामदगी के मामले में हाथ ऊपर उठा दिए हैं। सदर थाना प्रभारी जयसिंह ने बताया कि अदालत ने सतीश हत्यारोपी को जेल भेज दिया है। लेकिन रिमांड के दौरान भी पवन हथियार को बरामद नहीं करा सका है। पुलिस अपने स्तर पर हथियार बरामद को लेकर जांच कर रही है। अदालत ने हत्यारोपी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### विश्व पर्यटन दिवस पर दिल्ली दर्शन कर गए गुरुग्राम के विद्यार्थी


विश्व पर्यटन दिवस पर दिल्ली दर्शन के लिए पहुंचे विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के छात्र-छात्राएं मंगलवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दिल्ली दर्शन करने गए। कालेज के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने दिल्ली दर्शन एक दिवसीय सैर को हरी झंडी दिखाई। विद्यार्थियों को ऐतिहासिक व विरासत पर्यटन के महत्व को रेखांकित किया। विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन विधार्थियों को ना सिफ उत्साहित व रोमांचित करते हैं, बल्कि इतिहास के परती हमारी जानकारी भी बढ़ाते हैं। इस एक दिवसीय सैर का आयोजन यात्रा व पर्यटन विभाग के छात्रों ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया। इस दिल्ली दर्शन सैर में कुल 34 विद्यार्थियों ने 9 पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया।

### दो सगे भाइयों पर दो दर्जन युवकों ने किया जानलेवा हमला

**सोहना।** भोंडसी मारुति कुंज कॉलोनी के नंबरदार चौक पर गाड़ी में सवार दो भाइयों पर 20-22 युवकों ने लाठी-डंडों से हमला करते हुए घायल कर दिया। घायल युवक के भाई ने आरोपियों पर तीन-चार राउंड हवाई फायर करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले को पुरानी रंजिश बता रही है। रिठौज निवासी अधिवक्ता पंकज ने पुलिस को बताया कि वह और उसका छोटा भाई मोहित सोमवार को समय करीब सवा आठ बजे रात को भोंडसी मारुति कुंज कॉलोनी के नंबरदार चौक से निकल रहे थे। गाड़ी को मोहित से सड़क किनारे रुकवाया और नंबरदार चौक पर सामान लेने के लिए चला गया। उसी समय तीन-चार गाड़ियां और तीन-चार ही बाइकों पर 20 से 22 युवक उनकी गाड़ी के पास आकर रुके। जिन्होने गाड़ी में बैठा उसका भाई मोहित पर जान लेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर वह वहां पहुंचा तो उस पर भी हमला कर दिया। तभी खेड़ला निवासी विपिन, रोकी और दलबीर ने हथियार निकालते हुए फायर किए। एक फायर उसकी कान के निकट से निकल गया।

# प्रकृति के प्रति प्रेम, मानव अस्तित्व के लिए जरूरी : बोधराज सीकरी

## सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने किया पौधारोपण


पौधारोपण करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी व अन्य लोग।

**गुरुग्राम।** सेवा पखवाड़ा के तहत 10 सामाजिक कार्यों को पूरा करने की दिशा में अपने अगले 4 संकल्पों के साथ पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने मंगलवार को जीएवी स्कूल, सेक्टर-7 एक्सटेंशन, गुरुग्राम में पौधारोपण कार्यक्रम, पौधा वितरण का आयोजन किया। कार्यक्रम से पूर्व लोगों के साथ योगाभ्यास किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधान बोधराज सीकरी ने जनसेवा करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कक्षा 9 से 12 तक कक्षा के जरूरतमंद बच्चों को संगठन की तरफ से नि:शुल्क शिक्षा देने की सेवा की जानकारी दी। जिसका श्री गणेश गांधी जयंती पर होगा। उन्होंने कहा कि नि:शुल्क शिक्षा सेवा का प्रबंधन कार्य महिला प्रकोष्ठ से ज्योत्सना बजाज और ज्योति वर्मा की देखरेख में किया जाएगा। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्री सीकरी अब तक संगठन द्वारा 25000 पौधे डीपीएसजी स्कूल के साथ मिल कर लगाए जा चुके हैं। विद्यार्थियों से बकायदा शपथ लिखित में की जाती है कि वे पौधा लगाने के बाद इसका पालन भी करेंगे। प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि पौधे परमात्मा का अंश है। भारतीय संस्कृति में पेड़ों को पूजा जाता है। हम भारतीय प्रकृति में असीम आस्था रखते हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें अपने सामाजिक कर्तव्य और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए सजगता से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

इस दौरान प्रधान बोधराज सीकरी ने तेजी से गिरते भू-जल स्तर पर भी चिंता जताई। कहा कि जल की एक-एक बून्द कीमती है। इसका संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने जल संरक्षण के लिए जल संयंत्र वितरण की जिम्मेदारी सुभाष डुडेजा, सुभाष गांधी और रवि मिनोचा को सौंपी। इस अवसर पर ओम प्रकाश कथूरिया वरिष्ठ उपप्रधान, राम लाल ग्रोवर महामंत्री, धर्मेंद्र बजाज संयोजक, उमेश ग्रोवर सह-संयोजक, रमेश कामरा, ओमप्रकाश कालरा, राजपाल आहूजा, बलदेव गुगलानी, जीएन गोसाई, द्वारका नाथ मक्कड़, रवि मनोचा, भीमसेन कामरा आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# चिली के राजदूत ने लांच किया चिली का वॉलनट

## भारत के साथ व्यापार संबंधों की मजबूती की दिशा में कदम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के एक होटल में चिली वॉलनट की लांचिंग करते चिली के राजदूत जुआन अंगुलो, मशहूर शेफ संजीव कपूर और अन्य।

**भारत** के साथ व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाते हुए चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने यहां एक भव्य समारोह में चिली वॉलनट की लांचिंग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी देश के व्यापारिक संबंध तभी मधुर, मजबूत होते हैं, जब उनके बीच आपसी विश्वास हो। उत्पादों की गुणवत्ता हो। इस समारोह में भारत के मशहूर शेफ संजीव कपूर, चिलीनट के एम्बेसडर एडमंडो वाल्डेरामा, प्रोचिल के ट्रेड कमीश्नर मासेला जुनिगा एलेग्रिया मौजूद रहे।

उन्होंने गुरुग्राम की धरती से भारत में चिली वॉलनट के लिए कैंपेन शुरू किया। त्योहारी सीजन में इस शुरुआत से चिलीनट के संचालक खुश नजर आए। चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि चिलीनट के ग्रोवर और एक्सपोर्ट एसोसिएशन प्रोचिले के सहयोग से विदेश मंत्रालय की संस्था द्वारा दुनिया में चिली के गुड्स और सर्विस की सप्लाई को बढ़ावा देती है। इस संस्था ने भारतीय कंजूमर के लिए चिली वॉलनट नए सीजन को शुरू किया जा सके। उसके प्रमोशन की शुरुआत की है।

भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो ने कहा कि चिली और भारत स्ट्रेटेजिक पार्टनर हैं। दोनों देश बाईलेट्रेल ट्रेंड को बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। चिली दक्षिणी हेमीसफियर में है, भारतीय वॉलनट प्रोडक्शन पीरियड को पूरी तरह से कंपलिट करता है।

चिलीनट के प्रेसीडेंट एडमंडो वाल्डेरामा ने कहा कि चिली दक्षिणी हेमीस्फीयर में वॉलनट का सबसे बड़ा एक्पोर्टर है। यह विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा है। चिली वॉलनट 70 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है और भारत हमारे सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। इस अवसर पर भारत के सबसे मशहूर शेफ संजीव कपूर ने चिली अखरोट की एक हेल्दी मिठाई रेसिपी का लाइव प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने चिलीनट को सराहा।

# सरकारी व निजी एजेंसियों को होल्डिंग लगाने के लिए लेनी होगी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “**एजेंसियों** को अपना पंजीकरण कराने के लिए नगर परिषद कार्यालय में जल्द ही पोर्टल तैयार किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक एजेंसी मालिक पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने के बाद होल्डिंग लगा पाएंगे। जल्द ही होल्डिंग का साइज सरकार के नियमानुसार जारी कर दिए जाएंगे।
>
> **-नगर परिषद के जेई दिगम्बर सिंह**
>
> “**नगर** परिषद का पोर्टल शुरु होने के साथ अवैध रूप से लगे होल्डिंगों को हटाने का अभियान शुरू कर दिया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियों पूरी कर ली गई हैं।
>
> **-नगर प्ररिषद के एक्सइएन प्रवीण राघव**

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियों को अपने प्रचार-प्रसार के लिए होल्डिंग लगाने की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिसके लिए नगर परिषद के पोर्टल पर एजेंसी को अपना पंजीकरण कराना होगा। निजी एजेंसी को अपनी जमीन पर होल्डिंग लगाने के लिए मात्र अनुमति लेनी होगी। शहर सीमा क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियों को अपने प्रचार-प्रसार करने से पहले नगर परिषद के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकृत एजेंसी को ही नगर परिषद सीमा क्षेत्र में होल्डिंग की अनुमति होगी। बिना पंजीकरण होल्डिंगों को तुरन्त प्रभाव से हटाया जाएगा। अपनी निजी जमीन पर अपने ही कारोबार से लेकर व्यापार आदि का होल्डिंग लगाने पर फीस फ्री होगी। लेकिन जमीन मालिक को नगर परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके इसकी अनुमति लेनी होगी। किसी भी एजेंसी द्वारा पोर्टल पंजीकरण कराने के बाद ली गई अनुमति की समय सीमा तीन वर्ष तक ही होगी। जिसके लिए नगर परिषद अपने ऐसी 17 स्थान निर्धारित किए हैं।

### सरकारी विभाग परिसर में भी लगेगी फीस

**यदि** निजी एजेंसी किसी भी सरकारी विभाग की जमीन पर अपना होल्डिंग लगाती है। उससे 60 फीसदी उस विभाग को और 40 फीसदी राशि नगर परिषद कार्यालय में ऑनलाइन जमा करानी होगी। यह राशि तीन माह में एक बार जमा करनी होगी। इसके अलावा 20 फीसदी स्थान होल्डिंग पर एजेंसी को सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार के लिए देना होगा। जिसकी एजेंसी की फीस माफ की जाएगी।

# आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर महिला व उसकी बेटी-बेटे को पीटा

**सोहना।** खंड के गांव दमदमा में रंजिश में नाली का गंदा पानी घर के दरवाजे की तरफ करने से दो गुटों के बीच हुए झगड़े में मां व बेटा-बेटी पर धारदार प्लासी, लोहे की सब्बल आदि से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दमदमा निवासी रेखा ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली महेन्द्री उससे रंजिश रखती है। 23 सितम्बर को महेन्द्र ने नाली का पानी उसके घर की ओर मोड़ दिया। जिसकी शिकायत महेन्द्री को तो वह गालियां देने लगी। उसके द्वारा गंदे पानी की शिकायत करने पर महेन्द्र व उसके बेटे अनूप, शमशेर, वेदपाल और अनूप की पत्नी कविता हाथों में लाठी, लोहे की सब्बल, सरिया आदि लेकर घुस आए। उसके तथा उसकी बेटी रीना और बेटे नवीन पर हमला कर दिया।

# घामडौज में अरावली से गिरते झरने का मस्ती कर युवाओं ने लिया आनंद

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना का गांव घामडौज में पहाड़ी से गिरते झरने का आनंद लेते ग्रामीण।

**अरावली** पहाड़ी की तलहटी में बसे गांव घामडौज में हाल ही में हुई तीन-चार दिन बारिश के दौरान झरने में युवाओं ने खूब मस्ती की। ग्रामीणों को झरना के आने से गांव के गिरते जलस्तर में बढोतरी की उम्मीद है। अरावली पहाड़ी से वर्षों बाद झरना से बहकर आए पानी में घामडौज गांव के युवाओं ने खूब मस्ती की और झरने का आनंद लिया। यह झरना तीन-चार दिन हुई लगातार बारिश के कारण चला है। जैसे ही ग्रामीणों को झरना से पानी गिरने की आवाजें सुनाई दी। युवा झरना में नहाने के लिए अरावली पहाड़ी पहुंच गए। जहां पर करीब 35 फुट की ऊंचाई से गिर रहे दूधिया और एक दम साफ पानी में उछल-कूद कर खूब आनंद लिया। देखते-देखते बड़े और वृद्ध ग्रामीणों ने भी झरने के सबसे निचाई वाले स्थान पर मस्ती की। घामडौज की निवर्तमान सरपंच निर्मला चौपड़ा ने बताया कि तीन-चार तक चली बारिश से झरने में पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक पानी आया है। यह पानी अरावली के साथ-साथ लगती समतल जमीन पर पहुंच गया। इतना भारी पानी धरातल पर आने से गांव के गिरते जलस्तर के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही पेयजल आपूर्ति का पानी ग्रामीणों को तीन दिन में मिलता है, लेकिन जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों के घरों में लगे सबमर्सिबल पंप में पानी आने की पूरी-पूरी संभावना बन गई है।

**वन्य प्राणियों के लिए पानी की सुविधा :** गांव से लगती अरावली पहाड़ी में तेंदुआ, नीलगाय, रोज, लक्कड़ बग्घा, लोमड़ी, भेडिया आदि वन्यप्राणियों को पेयजल की सुविधा हो गई है। विशेष रूप से अरावली पहाड़ी से आबादी क्षेत्र में पानी की तलाश में आने वाले तेंदुए का अपने आवासीय क्षेत्र में ही पानी उपलब्ध हो गया है। गांव के निवास दिनेश राघव ने बताया कि तेदुए कई बार पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र के निकट देखे गए हैं, लेकिन अरावली पहाड़ी के ऊपर व तलहटी में बनें तालाबों में पानी जमा होने से वन्य प्राणियों को काफी सुविधा होगी।

# गोमाता के संरक्षण के लिए आप ने सौंपा ज्ञापन


गुरुग्राम में लंपी बीमारी को लेकर ज्ञापन सौंपते आप नेता।

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के नेताओं ने गो संरक्षण पर मनोहर सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार का दोहरा चेहरा साफ नजर आ रहा है। हरियाणा में लंपी बीमारी से गोमाता रोज मर रही हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई भी नहीं है। जो वैक्सीनेशन सरकार को मुफ्त में देनी चाहिए उसके लिए पैसे लिए जा रहे हैं। हरियाणा में लंपी वायरस का कहर 10 हजार के करीब पशु संक्रमित हैं। इस विषय पर आप नेता प्रवीण शर्मा की अगुवाई में मंगलवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

आप के जिला अध्यक्ष मुकेश डागर ने कहा कि प्रदेश में लगातार पशुओं में बढ़ रहे लंपी वायरस के संक्रमण को देखते हुए हरियाणा सरकार ने एक जिले से दूसरे जिले में पशुओं की आवाजाही पर रोक लगा रखी है। प्रदेश के सभी जिलों में लंपी स्किन वायरस गोमाता में लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस समय भाजपा की सरकार है। जिस तरीके से उनकी सारी योजनाएं विफल रही हैं, उसी तरीके से लंपी बीमारी भी है जिसमें वैक्सीन ना होने के कारण पशुओं को निरंतर मरना पड़ रहा है। एक तरफतो यह लोग गाय को अपनी माता बुलाते हैं और उसके बाद इस तरह की दुर्दशा करते हैं। यह बहुत ही दयनीय है। आप नेता प्रवीण शर्मा ने बताया कि उनकी खुद की 700 गाय हैं। उनमें से दुर्भाग्यपूर्ण 5 गायों की मृत्यु लंपी बीमारी से हो चुकी है। सरकार से बार-बार गुजारिश करने के बाद भी सही इलाज नहीं मिल पाया। एडवोकेट राजीव ने कहा कि गौरक्षा आयोग सफेद हाथी ना बने। महेश कटारिया, राजबाला शर्मा, एडवोकेट राजीव कौशिक, रामचंद्र यादव, विजयपाल वहां पर मौजूद थे।

# अमेजन बिजनेस ने की एमएसएमई ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के लिए आकर्षक डील्स की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- अमेजन बिजनेस पर कमर्शियल उत्पादों की विशाल श्रृंखला पर बल्क डिस्काउंट, स्पेशल बिजनेस डील्स
- टॉप ब्रांड्स के स्मार्टफोंस, एप्लाएंसेस, टीवी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, लैपटॉप, पीसी, होम और किचन आदि जैसी कैटेगरी में कमर्शियल प्रोडक्ट्स की विशाल रेंज
- केवल अमेजन बिजनेस ग्राहकों के लिए बोनस 7500 रुपये तक का बोनस 5 प्रतिशत कैशबैक
- लाखों उत्पादों पर थोक खरीद पर 40 फीसद तक की अतिरिक्त बचत
- उद्यमों और उनके ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन की उपहार जरूरतों को पूरा करने के लिए स्पेशल 'कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर'। उद्यम आसानी और सुविधा से कॉरपोरेट उपहार की थोक खरीदारी कर सकते हैं।

**अमेजन** डॉट इन का सबसे बड़ा और महीने भर तक चलने वाला जश्न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 23 सितंबर से शुरू हो चुका है, लेकर आया है पूरे भारत में सभी व्यवसायों के लिए अनूठे उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स। अमेजन बिजनेस के ग्राहक स्मार्टफोंस, लैपटॉप, एप्लाएंसेस, टीवी, ऑफिस फर्निशिंग आदि जैसे सभी कैटेगरी में टॉप ब्रांड्स की ओर से अमेजन पर शानदार डील्स पर न केवल जीएसटी लाभ उठाएंगे बल्कि अतिरिक्त बिजनेस डील्स और बल्क डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकेंगे। अमेजन डॉट इन पर बैंक डिस्काउंट के अलावा, अमेजन बिजनेस ग्राहकों को उनकी हर खरीद पर एक स्पेशल पांच प्रतिशत बोनस कैशबैक जो अधिकतम 7500 रुपये तक होगा, भी मिलेगा।

इतना ही नहीं, बिजनेस ग्राहकों को ढेर सारे नए लॉन्च होने वाले उत्पादों को खरीदने का मौका मिलेगा और बिजनेस संबंधी चयन पर स्पेशल ऑफर भी हासिल कर सकेंगे। अमेजन बिजनेस उपहार और खुद के उपयोग दोनों के लिए खासतौर से तैयार किया गया स्टोर है जिसमें अमेजन बिजनेस अकाउंट को लॉगइन कर खरीदारी की जा सकती है। 16 करोड़ से ज्यादा जीएसटी सक्षम उत्पादों के साथ, व्यवसाय जीएसटी बिल के साथ 28 प्रतिशत तक की अधिक बचत कर सकते हैं। ये बिल ग्राहकों को जीएसटी इनपुट क्रेडिट का दावा करने में सक्षम बनाते हैं। अमेजन बिजनेस ग्राहकों को थोक में खरीदारी करने की भी सुविधा देता है, इस तरह ग्राहक क्वांटिटी डिस्काउंट में 40 प्रतिशत तक की अधिक बचत कर पाएंगे। इसके अलावा, अमेजन बिजनेस ने इस साल की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए खरीद प्रक्रिया को और ज्यादा आसान बनाने के लिए एंड्रॉयड और आईओएस ऑप्टीमाइज्ड मोबाइल ऐप को भी लॉन्च किया था।

ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान डील्स के साथ, अमेजन बिजनेस ने बिजनेस गिफ्टिंग जरूरत को पूरा करने के लिए 'कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर' की भी शुरुआत की है। इस स्टोर के जरिए, ग्राहक अपने कर्मचारियों, क्लाइंट और अन्य प्रतिभागियों के लिए आसानी से कॉरपोरेट गिफ्ट की थोक में खरीदारी कर सकते हैं। व्यवसायों के पास अपनी जरूरत के अनुसार कॉरपोरेट गिफ्ट्स को कस्टोमाइज और पर्सनालाइज करवाने का भी विकल्प होगा। अमेजन के बिल-टू-शिप-टू-सुविधा के साथ, व्यवसाय पूरे भारत में उपहार भेज सकते हैं और बिना किसी परेशानी के टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं।

आप www.amazon.in/business पर जाकर अपने जीएसटी नंबर या बिजनेस पैन के जरिए फ्री में अमेजन बिजनेस के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# शहर के मंदिरों में दूसरे दिन हुई मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

## नवरात्रों के तीसरे दिन आज होगी चंद्रघंटा मां की पूजा अर्चना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के मंदिरों में मंगलवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। जिसके तहत मंदिरों में पूरी तैयारी दिखी। पुजारियों ने बताया कि दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली देवी की संज्ञा दी जाती है। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। मां के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

**वैष्णो देवी मंदिर :** सिद्धपीठ श्री वैष्णोदेवी मंदिर में प्रातःकालीन आरती में सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने भाग लिया और मां ब्रह्मचारिणी की भव्य पूजा की। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि नवरात्रों के विशेष अवसर पर मंदिर के कपाट चौबीस घंटे खुले रहते हैं। उन्होंने बताया कि माता ने ब्रह्मचारिणी के रूप में फल-फूल के आहार से 1000 साल व्यतीत किए, और धरती पर सोते समय पत्तेदार सब्जियों के आहार में अगले 100 साल और बिताए। जब मां ने भगवान शिव की उपासना की तब उन्होंने 3000 वर्षों तक केवल बिल्व के पत्तों का आहार किया। अपनी तपस्या को और कठिन करते हुए, मां ने बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिया और बिना किसी भोजन और जल के अपनी तपस्या जारी रखी, माता के इस रूप को अपर्णा के नाम से जाना गया।

**काली मंदिर :** तिकोना पार्क में स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के प्रधान राकेश ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से मिलने वाले फल को बताया। जिसमें उन्होंने मां के हर रूप की पूजा विधि और कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी की कथा जीवन के कठिन क्षणों में भक्तों को संबल देती है।

**बांके बिहारी मंदिर :** एनएच-पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर में ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। इस बारे में ललित गोसाईं ने बताया कि दूसरे दिन पूजा करने में बच्चों की संख्या भी थी, क्योंकि इस पूजा में ब्रह्मचर्य का पालन करने वाले विद्यार्थी भी भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सर्व सिद्धि प्राप्त होती है।




सिद्ध पीठ महाकाली मंदिर में नवरात्र के अवसर पूजा करते भक्तगण। श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में आरती करते भक्तगण।

### आज करें मां चंद्रघंटा की पूजा, दूर होंगे पांचों विकार : मुनिराज

**फरीदाबाद।** राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक महंत मुनिराज ने बताया कि चंद्रघंटा मां की पूजा करने से भक्तों के पांचों विकार दूर होते हैं। तीसरे दिन मां के अर्द्धचंद्र को धारण किया हुआ है। मस्तक पर चंद्रमा और हाथ में घंटा लिए हुए मां चंद्रघंटा के स्वरूप की पूजा की जाती है। शुंभ व निशुंभ नाम के दो राक्षसों ने समस्त देवताओं पर आक्रमण कर दिया। अचानक हुए आक्रमण से देवता घबरा गए। उस समय देवताओं ने मां दुर्गा की स्तुती की। उसी दौरान चंड और मुंड ने मां भगवती को युद्ध के लिए ललकारा। दोनों राक्षसों ने अपने दूतों को मां भगवती को केश पकड़ कर लाने के लिए भेजा। तब मां भगवती ने उन्हें कहा कि अरे मूर्खों तब तक गर्जना कर लो, जब तक कि मैं मधु का पान कर रही हूं। ऐसा कहकर उन्होंने चंद्र मुंड का वध कर दिया। तब सब देवताओं ने विजय उत्सव मनाया। तब मां का चामुंडा व चंद्रघंटा नाम पड़ा। उन्होंने बताया कि चंद्रघंटा मां की पूजा करने से पांचों विकारों पर विजय प्राप्त करने का साहस मिलता है। जो मनुष्य के विजय शत्रु हैं। जिसमें काम, क्रोध, मोह, लोभ व अहंकार इन सबके ऊपर विजय प्राप्त होती है एवं स्वयं यश की प्राप्ति होती है।

# अपराधियों पर प्रहार : नशा तस्करों की 24 सम्पत्तियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

## नशा तस्कर बिजेंद्र उर्फ लाला के परिवार के तीन मकान, 18 दुकानें और तीन गोदाम गिराए

## नशा तस्कर परिवार पर दर्ज हैं 32 मुकदमे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



अवैध निर्माण ढहाती नगर निगम की जेसीबी।

**अपराधियों** पर शिकंजा कसने के लिए जिला प्रशासन एवं फरीदाबाद पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। सरकार के आदेश अनुसार मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर बिजेंद्र उर्फ लाला द्वारा अवैध तरीके से कमाई करके सेक्टर 22 ऐरिया मे सरकारी जमीन पर बनाई गई 24 इमारतें को ध्वस्त किया है।

तोड़फोड़ के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट के अलावा डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान, एसीपी विष्णु प्रसाद, एसीपी सुखबीर सिंह, एसएचओ मुजेसर सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न की गई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले कुछ दिनों में फरीदाबाद पुलिस ने अवैध तरीके से कमाई गई काफी संपत्ति ध्वस्त की हैं। मंगलवार को फरीदाबाद पुलिस ने नशा तस्कर बिजेंद्र उर्फ लाला पुत्र जॉनी द्वारा नशा व शराब तस्करी करके केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा करके बनाए गए गई 25 इमारतों को ध्वस्त किया है जिसमें 18 दुकानें, तीन मकान, तीन गोदाम और एक ऑफिस शामिल है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की करीब ढाई एकड़ जमीन पर कई जगह अवैध कब्जे किए हुए थे जिसे कब्जा मुक्त करवाकर सीपीडब्ल्यूडी के हवाले किया गया।

प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाने का नोटिस दिया गया था। इसके पश्चात जिला उपायुक्त विक्रम कुमार के दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार बड़खल सुरेश कुमार, नायब तहसीलदार धौज करण कुमार तथा एमसीएफ एक्सईएन पदम भूषण को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। तोड़फोड़ से एक दिन पहले डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में फ्लैग मार्च भी निकाला था। नशा तस्कर लाला व उसके परिजनों के अपराधों की लिस्ट बहुत लंबी है। शुरू में वह शराब तस्करी करने लगा और वर्ष 2011 से अवैध मकान बनाकर रह रहा है। इसके पश्चात आरोपी हत्या, नशा तस्करी, लड़ाई झगड़ा जैसी वारदातों में शामिल रहा। आरोपी लाला और उसके परिवार के खिलाफ फरीदाबाद में 32 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें 21 मुकदमे लाला के खिलाफ, सात उसके भाई कन्हैया, तीन लाला की साली तथा एक लाला की मां के खिलाफ है। लाला कई बार जेल की हवा खा चुका था। आज फरीदाबाद पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा लाला द्वारा अवैध तरीके से बनाई गई इमारतों को ध्वस्त करके अपराधी लाला के काले साम्राज्य को खत्म किया गया है।

फरीदाबाद पुलिस की अपराधियों को कड़े शब्दों में चेतावनी है कि या तो वह गलत धंधे छोड़कर कोई अच्छा काम शुरू कर दें। पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों की सूची तैयार की जा रही है जिनके खिलाफ फरीदाबाद पुलिस की कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी।

# दोस्त की हत्या कर शव ठिकाने लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## मृतक रवि की पत्नी ने शिकायत देकर गुमशुदगी का कराया था मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



हत्या के आरोप में गिरफ्तार संदीप और सचिन।

**मई** माह में मृतक रवि (32 वर्ष) की पत्नी ने अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दी थी। जिसपर मुकदमा दर्ज कर रवि की तलाश की जा रही थी। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा क्राइम ब्रांच डीएलएफ को मामले में कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए एसीपी क्राइम सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने तफ्तीश में रवि हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल मुख्य आरोपी सहित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप (34 वर्ष) और सचिन (25 वर्ष) अनंगपुर गांव के रहने वाले हैं। आरोपी संदीप और मृतक रवि दोनों ड्राइवर का काम करते थे। आरोपी सचिन अपनी दूध की डेरी पर काम करता है। आरोपी संदीप मृतक रवि के घर पिछले 10 साल से आता जाता था। मृतक को संदीप का घर आना जाना पसंद नहीं था। मृतक के घर आने जाने के लिए मना करने पर दोनों में झगड़ा हो गया था। मुख्य आरोपी संदीप ने मृतक को इसी रंजिश के चलते शराब पिलाकर अपनी गाड़ी में बैठा कर सुरजकुंड पाली रोड पर ले जाकर रुमाल से गला दबाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच टीम एएसआई विजय, एएसआई कुलदीप, सिपाही अजीत की टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से मुख्य आरोपी संदीप को सेक्टर-31 एरिया से तथा आरोपी सचिन को खौरी गांव से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि करीब दो साल पहले घर आने-जाने की बात पर झगड़ा हो गया था। जिसकी रंजिश के कारण आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में हत्या की धारा को जोड़ दिया गया है। मामले में पूछताछ के लिए आरोपियों को अदालत में पेश पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में पूछताछ जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### केक काटकर मनाया शहीद भगत सिंह का जन्मदिन



**फरीदाबाद।** शहीद भगत सिंह के जन्म दिन के उपलक्ष्य में पंजाबी समाज की तरफ से विधायका सीमा त्रिखा को उनके कार्यालय पर जाकर धन्यवाद का पत्र सौंपा। आपको बता दें कि शहीद चौक एनआईटी-5 नंबर पर शहीद भगत सिंह की विशाल मूर्ति की स्थापना एवं चौक का सौन्दर्यीकरण करने की लगातार उठाई जा रही मांग को पूरा करने पर पंजाबी समाज की तरफ से विधायक सीमा त्रिखा का धन्यवाद व्यक्त किया। सीमा त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक एवं पंजाबी समाज द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण और केक काटकर शहीद भगत सिंह का जन्म दिन मनाया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक भगत सिंह की आज जयंती मनाई जा रही है। देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लडने् वाले महान क्रांतिकारी महज 23 वर्ष की उम्र में ही शहीद हो गए, पंजाबी समाज सभा के चेयरमैन अशोक बनयाल, प्रधान पवन चौधरी, कार्यकारी, उप प्रधान परमजीत सिंह पम्मा, महासचिव राजेन्द्र बजाज, कोषाध्यक्ष टीएन कपूर, सचिव नरेंद्र शर्मा, सह सचिव मोनिका पुंज, दीपक छाबड़ा, वित सचिव हरजिंदर सिंह बेदी, मीडिया प्रभारी हेमंत माटा, युवा संगठन सलाहकार विशाल बनयाल, सत्येंद्र पांडे, सुशील सेतिया, मुरारीलाल गर्ग, रामपाल भारद्वाज, जनकराज शर्मा, तरसेम मेहता, जागीर मेहता, करमबीर बैंसला, कपिल शर्मा, सतनाम सिंह मंगल, अनिल बांगा, जगदीश मैनी, श्याम पाल, हनन, कुलभूषण शर्मा, रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर आशीष बजरंगी, जय बनयाल, अभिजीत राय, पूजा कौर, कमल प्रीत कौर, हरभजन सिंह बेदी आदि उपस्थित रहे।

### चाकू घोंपकर लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने एक महीने पहले राहगीर को चाकू घोंपकर उसके साथ छीनाझपटी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में रजनीश, अभिजीत उर्फ गुड्डू, पप्पू उर्फ करण तथा सागर उर्फ प्रिंस का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के पल्ला एरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष है। एक महीने पहले 28/29 अगस्त की रात आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पल्ला एरिया में रात के समय राह चलते एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर उसके साथ लूटपाट करने की कोशिश की थी। विरोध किया तो आरोपियों ने उसके पेट में चाकू घोंप कर उसका मोबाइल फोन तथा पर्स छीनकर फरार हो गए.क्राइम ब्रांच 48 की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल चार आरोपियों को सूत्रों के आधार पर अगवानपुर चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर लगाया

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी व व्यावसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा की दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच-माप शिविर का आयोजन राजस्थान भवन, सेक्टर-10 में किया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर बुजुर्गों और की दिव्यांगजनों का हाल चाल लिया और उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्गदर्शन पर चलते हुए भाजपा की सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रान्त प्रमुख गंगा शंकर मिश्र ने कहा कि भाजपा की सरकार में निरंतर सेवा के कार्य किये जा रहे है जिसके जीता जगता उदाहरण कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान हम सभी को देखने मो मिला था। पीएम मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जन मानस को लाभ पहुंचाने के लिए सेवा पखवाडा के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के सह संयोजक अशोक कुकरेजा, राजीव सिंगला, जिला महामंत्री भाजपा आरएन सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला सचिव पुनीता झा, रोहित रुंगटा, सिद्धार्थ शर्मा, नीलम चौधरी, राजू सोलंकी, ईश्वर गोयल, चन्द्रभान प्रधान, दर्शितम गोयल, संदीप शर्मा, विष्णु शर्मा, लाजर रंजीत सेन, अनिल पाथरे व अन्य कार्यकर्ता गण और राजस्थान एसोसिएशन, जय सेवा फाउंडेशन, नई उड़ान, इंसानियत, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, जिला नागरिक अस्पताल, विपिन मिश्रा, विमल खंडेलवाल व चिकित्सक अधिकारी उपस्थित रहे।

### बुलेट से पटाखे छोड़ ध्वनि प्रदूषण करने पर कसेगा शिकंजा

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कल से ट्रैफिक पुलिस साइलेंसर मॉडिफाई करवाके पटाखे छोड़ने वाले बुलेट को इंपाउंड करेगी तथा ऐसा करने वाले मैकेनिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के दिशानिर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह अभियान चलाया जाएगा। कई बुलेट मोटरसाइकिल चालक अपने मनोरंजन के लिए बुलेट का साइलेंसर मॉडिफाई करवाकर उससे पटाखे छोड़ते हैं जिसकी वजह से आमजन को तो परेशानी होती ही है इसके साथ पर्यावरण में ध्वनि प्रदूषण को भी बढ़ावा मिलता है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा कल से यह अभियान चलाया जाएगा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत पटाखे छोड़ने वाले बुलेट इंपाउंड किए जाएंगे। इसके अलावा साइलेंसर को मॉडिफाई करने वाले मैकेनिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अनुरोध है कि वह कंपनी का लगाया हुआ साइलेंसर ही उपयोग करें अन्यथा उनके वाहन को इंपाउंड करके उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया जाएगा।

### पानी की बर्बादी रोकने को बच्चों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लदाना चक्कू में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर व्यख्यान दिया। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व की 18 प्रतिशत आबादी हमारे देश में रहती है। वही हमारे पास मात्र चार प्रतिशत पानी उपलब्ध है और बारिश के पानी का मात्र आठ प्रतिशत पानी ही हम संचय कर रहे हैं। भारत में 1911 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व के 20 शहर जहां पानी की किल्लत है। उस सूची में भारत के पांच शहर शामिल है। नंबर दो पर दिल्ली, छठे स्थान पर कोलकाता, 18वें स्थान पर चेन्नई, 19वें स्थान पर बेंगलुरु और 20वें स्थान पर हैदराबाद है। वहीं अगर हम कैथल जिले की बात करें तो कैथल जिले के सात खंडों में से दो खंड राजौंद और गुहला को केंद्रीय भू-जल विभाग द्वारा डार्क जोन घोषित कर दिए गए हैं। दीपक कुमार ने बच्चों को एफटीके फील्ड टेस्टिंग कीट के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि फील्ड टेस्टिंग कीट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा। किट में डालने के बाद पानी काला हो गया तो वह पीने योग्य नहीं है। ऐसे गांव में पानी की शुद्धता को लेकर विभाग की ओर से समाधान के प्रयास किए जाएंगे। दीपक कुमार ने बताया कि किट में पानी डालकर उसे अच्छी तरह हिलाएं और 12 से 24 घंटे के लिए रख दें। पानी का रंग हल्का भूरा रहा तो पानी पीने योग्य है। अगर पानी का रंग काला हो जाता है तो वह पानी पीने योग्य नहीं है।

# रोजगार एवं विदेशी मुद्रा अर्जन को पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के पर्यटन विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सपर्ट कोमल बर्मन ने छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढावा देने के लिए विश्व स्तर पर 27 सितंबर 1980 से प्रति वर्ष इस दिवस को विश्व पर्यटन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए विद्यार्थियों में आवश्यक कौशल का होना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं के साथ इंडस्ट्री के अपने अनुभव भी सांझा किए। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने सभी छात्राओं एवं स्टॉफ सदस्यों को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं पर्यटन क्षेत्र में अपना करियर बना रही है, यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में रोजगार एवं विदेशी मुद्रा अर्जन के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना अति आवश्यक है।

# जिला शिक्षा अधिकारी के निलंबन को लेकर प्रदर्शन

## महायज्ञ आयोजित कर की गई भ्रष्टाचारियों को सबुद्धि मिलने की कामना : जसवंत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सामने हवन करते युवा आगाज संगठन के सदस्य।



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के गेट पर प्रदर्शन करते युवा आगाज संगठन के सदस्य।

**जिले** में पिछले काफी समय से लगातार शिक्षा विभाग, नगर निगम, तहसील व अन्य विभागों में हो रहे घोटालों एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा आगाज संगठन की ओर से मोर्चा खोला गया है।

इसी कड़ी में मंगलवार शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर छात्र संगठन की ओर से भ्रष्टाचारियों को सबुद्धि मिलने की कामना को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया। महायज्ञ का आयोजन सेक्टर 12 डीसी ऑफिस के समक्ष किया। महायज्ञ में छात्र संगठन छात्रों के अलावा युवाओं ने भी खासी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञ के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले में विभिन्न विभागों में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार के प्रति सरकार को जगाना है। उन्होंने कहा कि यह सरकार के ढीले रवैया का नतीजा है जोकि भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जाने के बावजूद भी जिला शिक्षा अधिकारी आज भी अपने पद पर बनी हुई है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसी भी क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को पूरा नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस महायज्ञ के दौरान युवाओं ने शहीद भगत सिंह को याद करते हुए उनके पद चिह्नों पर चलते हुए उनकी विचारधारा को जीवित रखने की शपथ ली।

युवा आगाज संगठन के महासचिव दीपक आजाद ने कहा कि युवाओं के शपथ ग्रहण करने का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को खत्म करना है। यदि समाज का युवा भ्रष्टाचारियों के प्रति सचेत रहेगा तो भविष्य में हम भ्रष्टाचार मुक्त समाज की नीव रख सकते हैं।

# बरसात और दो दिनों के अवकाश के बाद बढ़े मरीज

## दवाओं का इतना टोटा कि साढ़े तीन रुपये का इंजेक्शन तक नहीं

**कविता।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल के दवा काउंटर पर मौजूद मरीजों की भीड़।



वायरल हो रही पोस्ट की फोटो।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में रविवार और सोमवार के अवकाश के बाद मंगलवार को दो हजार मरीज इलाज करवाने पहुंचे। जिसमें सबसे अधिक बुखार, त्वचा रोगों और कान, नाक व गले के मरीज थे। वहीं अपातकालीन कक्ष में भी पिछले दो दिनों से बुखार, पेट से सम्बंधित बीमारियों के मरीज अधिक हैं। लेकिन अस्पताल में बुखार और रेनटेक के इंजेक्शनों का भारी टोटा है। यहां तीन रुपये 60 पैसे वाले इंजेक्शन भी लोगों को उपलब्ध नहीं है। वहीं मरीजों को यहां दवाइयां पूरी नहीं मिल पा रही है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी कर्मचारियों ने दे रखी हैं, लेकिन न जाने क्यों उपलब्ध नहीं हो रही। समाजसेवियों द्वारा मरीजों के लिए यहां जरूरत पड़ने पर इंजेक्शन उपलब्ध करवाये जाते है।


बुधवार से शुरू हुई चार दिनों की बरसात और रविवार के अलावा 23 और 26 सितम्बर के अवकाश के बाद मरीजों की संख्या बढ़ गई। बरसात के कारण मौसम ठंडा होने से बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई। बरसात के कारण त्वच रोगों के मरीज भी बढ़े हैं। मौसम के प्रभाव से लोगों को ईएनटी सम्बंधित परेशानियां हो रही है। बुखार व पेट दर्द के मरीज अपातकालीन कक्ष में और स्पेशलिस्ट को दिखाने वाले मरीज मंगलवार को ओपीड़ी में पहुंचे। मंगलवार को अस्पताल पहुंचे मरीजों की संख्या दो हजार से अधिक थी।

**नहीं मिली दवा :** मरीजों ने बताया कि पहले वे घंटों कार्ड की लाईनों में सुबह से खड़े रहे। इसके बाद चिकित्सकों से जांच की लाइनों में और फिर दवा काउंटर पर घंटों खड़े रहे। लेकिन ओपीडी के डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाईयों में से मात्र एक या दो ही दवाइयां उन्हें मिली। किसी किसी को तो पूरी दवाइयां मिल गई। लेकिन लम्बी लाईनों में लगकर बीमारी के कारण उनकी हालत खराब हो गई।

**वायरल पोस्ट :** बीके सिविल अस्पताल में रेनटेक और पीसीएम इंजेक्शन तक उपलब्ध नहीं हैं। इस बात का खुलासा एक वायरल हो रही पोस्ट से हुआ है। जिसमें सेवा वाहन फरीदाबाद के संचालक सतीश चोपड़ा द्वारा लिखा गया है कि जरूरतमंदों के लिए सिविल अस्पताल के अपाताकलीन कक्ष में 40 इंजेक्शन रेनटेक और चार पीसीएम इंजेक्शन उपलब्ध करवा दिए हैं। अस्पताल में जीवनरक्षक दवाईयों के आभाव की शिकायत पीएमओ डॉ. सविता यादव को दी है। उन्होंने बताया कि जल्द सभी इंजेक्शन एमरजेंसी में उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। वायरल पोस्ट में रेनटेक इंजेक्शनों का रेट तीन रुपये 60 पैसे लिखा है।

# अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी देने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**उत्तराखंड** की बेटी अंकिता भंडारी के कातिलों को फांसी दो, पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान करो। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को उत्तराखंड जागरूक मंच के बैनर तले उत्तराखंड की विभिन्न संस्थाओं के लोग सेक्टर 12 राजस्थान भवन के सामने एकत्रित हुए। यहां से नारे लगाते हुए लघु सचिवालय के सामने पहुंचे।

प्रदर्शनकारी अंकिता भंडारी के हत्यारों को फांसी दो, उसके परिजनों के साथ न्याय करो के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के फौरन बाद देश के माननीय प्रधानमंत्री के नाम सात सूत्री मांगों का ज्ञापन नगराधीश नसीब सिंह एचसीएस को सौंपा। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में 18 सितंबर को वनतारा रिजॉर्ट में 19 साल की बेटी अंकिता भंडारी जो उस रिजोर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट के पद पर कार्यरत थी। को देह व्यापार में धकेलने के लिए उसके मालिक ने मजबूर किया। जब बहादुर बेटी ने इस काम को करने से इंकार कर तो दिया तब उस रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य और उसके दो साथियों ने अंकिता भंडारी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उसको मारा पीटा गया। अन्त में उसकी निर्मम हत्या करके उसके शव को बैराज में फेंक दिया गया। 4 दिन तक पट्टी पटवारी ने कोई सुनवाई नहीं की। क्योंकि पटवारी के साथ कातिल की सांठगांठ थी। जब पट्टी पटवारी की तरफ से टालमटोल की नीति अपनाई जा रही थी। तब लोगों ने इस केस को पुलिस को सौंपने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाया।

# गहलौत की रणनीति

## कांग्रेस में संकट

**कांग्रेस** नेतृत्व यह समझने में विफल रहा कि अशोक गहलौत राजस्थान में मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत की उसके लिए उम्मीदवारी से एक बार फिर पार्टी नेतृत्व, यानी गांधी परिवार की भयानक अक्षमता स्पष्ट हुई है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि वे अनेक बार स्थिति का आंकलन करने में विफल रहे हैं। ऐसा लगता था कि अंतर-पार्टी चुनाव से गांधी परिवार को 'एक तीर से दो शिकार' करने का मौका मिल सकता है। इससे कांग्रेस को एक गैर-परिवार पार्टी अध्यक्ष मिल जाएगा और भारतीय जनता पार्टी को 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' पर हमले की धार कुंद हो जाएगी जो उसे परिवार-संचालित पार्टी कहती है। इससे राजस्थान में गहलौत-पायलट टकराव भी समाप्त हो जाएगा। हमने इस पर संपादकीय टिप्पणी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गहलौत शुरुआत से ही राष्ट्रीय भूमिका के लिए राजस्थान का सर्वोच्च पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। शायद उनका विश्वास था कि नई दिल्ली में सेवा करने के बजाय जयपुर में शासन करना बेहतर है क्योंकि गांधी परिवार के आर्शीवाद से पार्टी अध्यक्ष बनने का अर्थ उनकी निगरानी में काम करना होगा। लेकिन मुख्यमंत्री पद छोड़ने की अनिच्छा तथा इस जिद में भारी फर्क है कि किसी भी कीमत पर यह पद उनके विश्वासपात्र को दिया जाए। उनके समर्थन में 90 से अधिक कांग्रेस विधायकों के विद्रोह ने केवल गांधी परिवार को नाराज किया है, बल्कि इससे देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष पद की उनकी उम्मीदवारी भी खटाई में फंस गई है। रविवार को सचिन पायलेट के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर 90 विधायकों ने इस्तीफे की धमकी दे दी।



बताया जाता है कि 'व्यथित और अपमानित' गांधी परिवार कांग्रेस के सर्वोच्च पद के लिए गहलौत के विकल्पों की तलाश कर रहा है। कहा जाता है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ राष्ट्रीय राजधानी में सोनिया गांधी के साथ बैठक के लिए पहुंचे हैं। लेकिन इन सबसे गहलौत या उनके विधायक हतोत्साहित नहीं लगते हैं। उन्होंने आलाकमान के पर्यवेक्षकों-अजय माकन व मल्लिकार्जुन खड़गे से बात करने से इनकार कर दिया। वे चाहते थे कि अगले मुख्यमंत्री का निर्णय अगला कांग्रेस अध्यक्ष चुनने के बाद हो। माकन ने यह बात मीडिया से बताते हुए कहा कि यदि यह प्रस्ताव पास हो जाता तो 'हितों का टकराव' होता क्योंकि 'गहलौत पहले ही पार्टी अध्यक्ष बन चुके होते। इस प्रकार उनको राजस्थान में अपना वारिस चुनने की शक्ति मिल जाती।' यह बात ठीक है, लेकिन गहलौत व उनके विधायकों ने अगले मुख्यमंत्री के मामले में जिद पकड़ ली। सभी जानते हैं कि 71 वर्षीय राजस्थान के मुख्यमंत्री और उनके युवा प्रतिद्वंद्वी के बीच टकराव है और यह 2020 में असफल विद्रोह के बाद और तेज हो गया है। लेकिन निश्चित रूप से गांधी परिवार व कुछ अन्य लोग यह नहीं समझते थे कि यह सीमायें पार कर जाएगा और इससे निपटना कठिन हो जाएगा। क्या अब दुश्मनी केवल राजनीतिक नहीं है? क्या यह व्यक्तिगत हो गई है? केवल गहलौत और पायलेट ही इन सवालों का जवाब दे सकते हैं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इस प्रकरण से गांधी परिवार की क्षमता पर एक और सवालिया निशान लग गया है। भला राहुल गांधी विपक्ष को कैसे एकजुट कर सकते हैं, जबकि वे अपने नेताओं को ही एकजुट नहीं रख पा रहे हैं? समय आ गया है कि कांग्रेस का सर्वोच्च नेतृत्व अपना घर व्यवस्थित रखने पर ध्यान दे।

# मुख्यधारा मीडिया के समक्ष चुनौतियां

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा 20 सितंबर को एशिया पैसिफिक इंस्टीट्यूट फार ब्राडकास्टिंग डेवलपमेंट-एआईबीडी में दिए भाषण का संपादित स्वरूप।



**अनुराग ठाकुर**
(लेखक, सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)




**मुझे** एशिया-प्रशांत इंस्टीट्यूट फार ब्राडकास्टिंग डेवलपमेंट-एआईबीडी की आम सभा बैठक 2022 में शामिल होने तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ब्राडकास्टरों की सम्मानित सभा को संबोधित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता है। सबसे पहले मैं ब्राडकास्टरों के लिए एक समुचित प्लेटफार्म तैयार करने के लिए एआईबीडी को मुबारकवाद देना चाहता हूं जहां वे अपना सुदृढ़ भविष्य बनाने के बारे में राय व्यक्त कर सकते हैं तथा टिप्पणियां कर सकते हैं।

मुझे बताया गया है कि कोविड के कठिन समय में भी जब दुनिया भय और निराशा से ग्रस्त थी तथा लाकडाउनों ने जीवन की गति धीमी कर दी थी व अर्थव्यवस्थाओं पर भारी दबाव था, तब भी एआईबीडी नेतृत्व ने सदस्य देशों से आनलाइन संपर्क बनाए रखा तथा इस बारे में लगातार संवाद किया कि मीडिया महामारी का प्रभाव कम करने में किस प्रकार योगदान कर सकता है। सदस्य देशों को चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम परिवर्तनों के बारे में सूचनायें साझा कर बहुत लाभ हुआ। कोविड विजेताओं की सकारात्मक गाथाओं का प्रसार करने व ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से महामारी के समय तेजी से फैलने वाली फर्जी खबरों पर लगाम लगाने में इससे बहुत सहायता मिली।

यदि हम इस आयोजन के विषय के बारे में बात करें तो यह महामारी-पश्चात युग में प्रसारण का सुदृढ़ भविष्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। मीडिया ने ही इस कठिन समय में दुनिया को एक मंच पर लाने तथा एक विश्व परिवार की भावना मजबूत करने का काम किया है। हमने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार द्वारा कोविड-19 के इस अत्यधिक कठिन समय में मीडिया का व्यापक प्रयोग देखा है जिसमें मुख्यधारा मीडिया व डिजिटल मंच, दोनों शामिल हैं।

सूचना के समय पर व पारदर्शी ढंग से साझा करने से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हुई, अफवाहों पर विराम लगा तथा महामारी के बारे में जागरूकता का लगातार विस्तार हुआ जो निरंतर नए-नए रूपों में सामने आ रही थी और अब भी हो रही है। अपने मीडिया मित्रों के साथ मिल कर हमने सुनिश्चित किया कि दुनिया भर में लाखों लोगों का जीवन बचाया जाए। यदि समय पर सुरक्षा उपायों तथा कोविड-19 से बचाव के तरीकों पर सूचनाओं का समय पर संप्रेषण न होता तो और लाखों लोगों की जान जाती।

मैं खासतौर से भारत के सरकारी सेवा ब्राडकास्टरों-दूरदर्शन व आल इंडिया रेडियो की प्रशंसा करना चाहूंगा जिन्होंने बहुत संतोषजनक ढंग से सार्वजनिक सेवाओं का अपना दायित्व पूरा किया तथा महामारी के परीक्षा वाले समय में मजबूती से जनता के साथ खड़े रहे। अन्य भारतीय ब्राडकास्टरों व भारतीय मीडिया ने सामान्य रूप से सुनिश्चित किया कि कोविड-19 के बारे में जागरूकता संदेशों, महत्वपूर्ण सरकारी दिशानिर्देशों व डाक्टरों के साथ मुफ्त आनलाइन विचार-विमर्श देश के हर कोने तक पहुंचे। 'डाक्टर्स स्पीक' जैसे कार्यक्रमों व 'मास्क-अप इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से सार्वजनिक ब्राडकास्टर दूरदर्शन ने ऐसे समय बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जब महामारी के बारे में फर्जी खबरें विभीषिका बन सकती थीं।

दुनिया भर में मीडिया ने अपने देशों की जनता को वैक्सीनों की उपलब्धता तथा कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के लाभों के बारे में शिक्षा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था को टीकों के प्रति हिचक दूर करने में सहायता मिली। कोविड-19 संकट ने हमारे सामने चुनौतियों के साथ एक अवसर भी पेश किया। इससे न केवल पत्रकारिता की पुन: खोज हुई, बल्कि मीडिया को खबरों व सूचनाओं के विश्वसनीय स्रोत के रूप में स्थापित किया।

हमारे मुख्यधारा मीडिया संगठनों के समक्ष महान चुनौती है कि वे सच्ची, सटीक व विश्वसनीय खबरें तेजी से प्रसारित करें तथा इसके साथ ही मीडिया की नैतिकता व मूल्य बनाए रखें। असली पत्रकारिता का संबंध तथ्यों, सच्चाई के प्रस्तुतीकरण तथा सभी पक्षों को अपने विचार रखने के प्लेटफार्म उपलब्ध कराने से है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि मुख्यधारा मीडिया को सबसे बड़ा खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय स्वयं मुख्यधारा मीडिया चैनलों से है। यदि आप ध्रुवीकरण पैदा करने वाले अतिथियों को आमंत्रित करने का निर्णय करते हैं जो झूठे विमर्श फैलाते हैं तथा पूरी ताकत लगा कर चीखते-चिल्लाते हैं तो आपके चैनल की विश्वसनीयता गिरती है। दर्शकों की नजर में आपकी विश्वसनीयता आमंत्रित अतिथियों, उनकी शैली तथा विजुअल्स से तय होती है। दर्शक एक मिनट के लिए आपका शो देखने के लिए ठहर सकते हैं, पर वे कभी आपके एंकर, चैनल या ब्रांड पर खबरों के पारदर्शी स्रोत के रूप में विश्वास नहीं करेंगे।

इसलिए आज ब्राडकास्टरों से मेरा सवाल यह है कि क्या आप ऐसा विमर्श फैलाना चाहते हैं जो 'साउंड बाइट्स' से तय हो, या आप स्वयं को अपने अतिथियों व चैनल के माध्यम से पुन: परिभाषित करना चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि युवा पीढ़ी टीवी खबरों में चीख-चिल्लाहट से प्रभावित हो या आप खबरों और बहसों में होने वाली चर्चाओं में निष्पक्षता बरतते हुए खेल में आगे रहना चाहते हैं? क्या आप ऐसे विजुअल दिखाना चाहते हैं जो लोगों को आकर्षित कर उनमें गुस्सा भड़कायें या संयम बरत कर ऐसे विजुअल दिखाना चाहेंगे जो पूरी तस्वीर सामने रखें? अंतत: सवाल यह है कि आप अपनी टीवी खबरों, विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण व संप्रेषण को किस प्रकार खोजना व पुन: परिभाषित करना चाहेंगे कि वह नौजवान पीढ़ी के दर्शकों-स्रोताओं तक पहुंचे जिनको लगातार सोशल मीडिया मंचों से सूचनायें मिल रही हैं? इस जबरदस्त प्रतियोगिता के समय में अपने मूल्यों से समझौता करने के बजाय हमें कठोर परिश्रम कर पेशेवर भावना बनाए रखनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि पत्रकारों का दायित्व बिना तोड़-मरोड़ के खबरें देना तथा उन लोगों से प्रचार में प्रतियोगिता का लाच छोड़ना है जो फर्जी खबरें फैलाते हैं। एआईबीडी एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जिसे मीडिया प्रेक्टिशनरों को प्रशिक्षित करने तथा उनको सर्वोत्तम पेशेवर कौशलों से लैस करने का काम करना चाहिए ताकि हम मीडिया की और व्यापक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें। भारत आपके प्रयासों में सहायता के लिए तैयार है।

सहयोग का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र सदस्य देशों के बीच अच्छी गुणवत्ता वाली विषयवस्तु का आदान-प्रदान है। प्रसार भारती डीडी इंडिय चैनल का साझा दक्षिण कोरिया के ओटीटी मंचों पर परस्पर आधार पर करता है जिसमें अनेक सह-प्रोडक्शन कार्यक्रमों का आदान-प्रदान शामिल है। प्रसार भारती बांग्लादेश टीवी का अपने फ्री डिश प्लेटफार्म पर अपलिंक करता है। हमने मार्च, 2022 में कार्यक्रम साझे के माध्यम से प्रसारण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया के साथ साझा किया है। दोनों देश के ब्राडकास्टर सह-प्रोडक्शन व कार्यक्रमों के संयुक्त प्रसारण पर विचार कर रहे हैं। इसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम शामिल हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि डीडी इंडिया का लक्ष्य वैश्विक सार्वजनिक ब्राडकास्टर चैनल बनना है जो अब ओटीटी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

प्रिय प्रतिनिधियों, आप ऐसे समय भारत आए हैं जब हम स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह समय उन सैकड़ों-हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने अपना जीवन बलिदान कर देश को विदेशी शासकों के शिकंजे से आजाद कराया। यह हमारे लिए उत्सव का समय है जिसे हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' कहते हैं। इसने एक जन-अभियान का रूप ले लिया है जहां जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग देश भर में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। अपनी बात समाप्त करने के पहले मैं कहना चाहता हूं कि मेरा मीडिया के सभी रूपों में विश्वास है। जनता के दृष्टिकोण को स्वरूप देने और उसे तय करने में उनकी असाधारण क्षमता है। वे सशक्तीकरण का प्रभावी उपकरण हैं। मीडिया के स्पेस को ज्यादा जीवन्त व लाभदायक बना कर अपने पत्रकारों व ब्राडकास्टरों के लिए ज्यादा सक्षम करने वाला परिवेश बनाना जरूरी है। मुझे आशा है कि एआईबीडी के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का भारत में प्रवास बहुत आनन्ददायक रहेगा। मुझे विश्वास है कि दो दिनों में आपकी चर्चा बहुत सार्थक होगी तथा उससे मीडिया उद्योग के बारे में नई गहन जानकारियां प्राप्त होंगी।

# भारत में चीतों के पुनरागमन का स्वागत



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, आईसीएफआरआई के पूर्व महानिदेशक हैं)

**भारत** में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से चीतों का पुन: आगमन स्वागत योग्य है, लेकिन आदतन नकारात्मक सोच रखने वाले कुछ लोग तथा वास्तविक जीवन से कटे कुछ पर्यावरणविद् तर्क दे रहे हैं कि भारत में अफ्रीकी चीतों का पुन: बसाया जाना अच्छा विचार नहीं है।

मध्य प्रदेश (अब छत्तीसगढ़ में) में कोरिया एस्टेट के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव द्वारा अंतिम जीवित चीते की शिकार के नाम पर की गई हत्या के 70 साल बाद, केंद्र ने देश में चीतों को फिर से पेश किया। शंघाई सहयोग से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑर्गनाइजेशन समिट ने मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में 17 सितंबर 2022 को आठ चीतों के पहले जत्थे को लाकर बसाया गया।

चीतों को पहले कुछ दिनों के लिए एक बाड़े में रखा जाएगा और फिर धीरे-धीरे एक बड़े बाड़ वाले क्षेत्र में और अंतत: जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। चीतों की रिहाई न केवल वन्यजीवों के संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जैव विविधता की खोई हुई विरासत को वापस लाने और पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों के सह-अस्तित्व का जश्न मनाने के सभ्यतागत संदेश के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह अत्यंत बदनाम भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए भी गौरव का क्षण है, जो गुमराह रजवाड़ों द्वारा बंदूक के जरिए बहादुरी की झूठी शान दिखाने के कारण शिकार हुई और विलुप्त होने के कगार पर पहुंची, इस कीमती प्रजाति को वापस पाने के लिए एक सदी से भी अधिक समय से आईएफएस का उपयोग कर रही है। चीता दुनिया का सबसे करिश्माई, सुंदर और तेज दौड़ने वाला जानवर है।

चीता महज तीन सेकेंड में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। टॉप स्पीड पर, उनकी छलांग 23 फीट लंबी होती है जो उन्हें भयानक शिकारी बनाती है। नर और मादा चीते अलग-अलग रहते हैं। नर भाई-बहन दो से तीन या उससे भी अधिक के समूह में चलते हैं और इसे गठबंधन कहा जाता है जो जीवन भर रहता है और अपने क्षेत्र की अच्छी तरह से रक्षा करता है, जबकि मादा चीता अकेली रहती है और नर से केवल संभोग के समय मिलती है। चीते इंसानों के लिए ज्यादा चुनौती नहीं पेश करते हैं और कई राजघराने और अन्य लोग उनका पालन-पोषण करते थे और शिकार के लिए उनका इस्तेमाल करते थे। सिंह परिवार की अन्य बिल्लियों के विपरीत, वे दहाड़ते नहीं हैं, लेकिन म्याऊ या गड़गड़ाहट करते हैं। हालांकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को छोड़ने के बाद, वनवासियों के लिए असली चुनौती यह देखने की शुरू हो गई है कि क्या हम चीतों के लिए भी बाघ संरक्षण जैसी सफलता को दोहरा सकते हैं या नहीं। अंधाधुंध शिकार और अपने प्राकृतिक आवास के सिमटने के कारण चीता विलुप्त हो गया। यह घास के मैदान में पनपता है और भारत में सबसे दुखद बात यह है कि हमने कभी वन संरक्षण के रूप में घास के मैदानों के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया। अब हमेशा की तरह ऐसे निंदक और बैठे-ठाले पर्यावरण आलोचक हैं जो तर्क देते हैं कि अफ्रीकी चीता लाना एक बुरा विचार है। आज अगर चीता को अपने गृह क्षेत्र के समान नया घर मिल जाए तो जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आखिरकार, विकास प्रक्रिया के दौरान जानवरों व पौधों का एक भौगोलिक क्षेत्र से दूसरे स्थान पर प्रवास नियमित रूप से हुआ था। पुन: प्रस्तुति की असली परीक्षा तब होगी जब ये आठ चीते अपने नए घर में ढल जाएंगे और शिकार करना शुरू कर देंगे और अपनी प्राकृतिक शैली में रहेंगे ताकि चीतों के अगले बैच को यहां लाया जा सके। कुनो के बारे में अच्छी बात यह है कि वहां पर इनके जीवित रहने के लिए एक अच्छा शिकार आधार है। दूसरा मसला यह है कि स्थानीय लोग भविष्य में अपनी रिहाइशों की सुरक्षा के संदर्भ में इस नयी बसावट को कैसे देखेंगे।



मध्य प्रदेश सरकार ने पहले ही 24 गांवों को इस वन क्षेत्र से स्थानांतरित कर दिया था और वन विभाग ने उनकी सुरक्षा व आवाजाही के लिए पर्याप्त सावधानी बरती थी। इसके साथ ही 24 घंटे सतर्कता की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उन्हें यह देखना होगा कि पेड़ पर चढ़ने वाला तेंदुआ उनके क्षेत्र में प्रवेश न करे। तेंदुआ घात लगाकर शिकार करता है लेकिन चीता के पास पहचान योग्य पंजे नहीं होते हैं और वह एक विशेष प्रकार के पशुओं, जैसे कि मध्यम आकार के मृग, खरगोश, झुंड में चलने वाले जानवरों के बछड़े, पक्षियों आदि का शिकार करता है। तीसरा, वन्य जीवन संस्थान और विश्वविद्यालयों के स्थानीय लोगों व वैज्ञानिक समुदाय को, उदार शोध एवं प्रशिक्षण अनुदान के साथ संरक्षण प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता है। चौथा, शिकारियों को चीतों के पुनरागमन वाले इस पर्यावास क्षेत्र से दूर रखा जाना चाहिए और इसके लिए क्षेत्र स्तर पर वन विभाग के पास सर्वोत्तम उपकरण होने चाहिए। इसलिए केंद्र और मध्य प्रदेश सरकारों को भारत में चीतों के संरक्षण के लिए एक दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी ताकि अगले कुछ वर्षों में चीतों की आबादी बढ़ सके। इसके लिए वन रक्षक से लेकर रेंजर स्तर तक जनशक्ति की स्थिति और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की जरूरत है। हमें यह समझना चाहिए कि वर्तमान समय में वन विभाग की जनशक्ति और बेहतर हथियार व अन्य आधुनिक उपकरणों जैसे बुनियादी ढांचे का शिकारियों के बेहतर उपकरणों से कोई मुकाबला नहीं है। वन संरक्षकों को उपयुक्त हथियारों से लैस करना जरूरी है। पार्क निदेशक के लिए यह एक विशेष चुनौती होगी, क्योंकि चीते के प्रजनन के लिए उचित ध्यान व संसाधनों की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की तर्ज पर 'प्रोजेक्ट चीता स्कीम' शुरू करने की जरूरत है।

## आप की बात

### आजाद की पार्टी

**भारतीय** राजनीति बहुआयामी रही है। कभी जितने दल उतने नेता के हालातों से गुजरी राजनैतिक व्यवस्था में नए दलों का प्रादुर्भाव और उनका अवसान भी लोगों ने देखा है। उमा भारती से लेकर ताजा हालातों में अमरिंदर सिंह इसके साक्ष्य हैं। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर अलग हुए गुलाम नबी आजाद ने नई पार्टी का गठन किया है। आज के दौर में कुछ लोगों में राजनीतिक चेतना का विशेष जोश नजर आता है। वैसे आमतौर से लोग दलों के कर्ताधर्ताओं की पृष्ठभूमि देखकर ही उससे जुड़ते हैं। ऐसे में नित निरंतर भारतीय राजनीति द्विदलीय व्यवस्था की ओर बढ़ती जा रही है। भले ही आप और तृणमूल कांग्रेस जैसी क्षेत्रीय पार्टियां इसका अपवाद हों, परंतु केंद्रीय सत्ता के लिए तो भाजपा का मुकाबला कांग्रेस नीत गठबंधन से ही होना है। ऐसे में आजाद कितना किला लड़ा पाएंगे यह देखने वाली बात होगी। यह भी देखना होगा कि जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे गुलाम नबी आजाद की पार्टी वहां अपने लिए कितना स्थान बना पाती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि महबूबा मुफ्ती व फारूक अब्दुल्ला की तुलना में वे ज्यादा बड़ी संख्या में हिंदुओं व मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने में सफल होंगे।

–**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### मीडिया की विश्वसनीयता

**यदि** बात विश्वास की होती है तो सर्वाधिक विश्वसनीय लिखित समाचार पत्रों और लिखित लिपियों को माना जाता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कम ही भरोसा है जनता जनार्दन का, उसपर पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया नामक संगठन पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा ऐसी खबर चलाना कि संघ जैसा संगठन बनाना चाहता था, यह उनकी विश्वसनीयता पर और प्रश्नचिन्ह लगा देता है। क्योंकि आज भी यही माना जाता है कि अख़बार में खबर छपी है तो सत्य है क्योंकि वो लिखित है। सुरक्षा एजेंसियो को जिस प्रकार के लिखित दस्तावेज पॉपुलर फ्रंट के मिले हैं उसके बाद इस तरह का समाचार प्रस्तुत करना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को और भी शर्मसार न कर दे, क्योंकि संघ के दस्तावेज देश को जोड़ने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं और पूरे भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाले दावे करते हैं, जिसके उलट पॉपुलर फ्रंट के दस्तावेज एक़ कट्टर सोच और भारत को तोड़ने एवं समुदाय विशेष के कट्टरपंत से प्रभावित हैं। ऐसे में दोनों संगठनों की तुलना करते इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे।

–**मनोज,** मेरठ


### विज्ञान की भूमिका

**विज्ञान** को निरंतर अपना काम करते रहना चाहिए। उसी के बलबूते, इस पृथ्वी पर मनुष्य ने बहुत कुछ पाया है। नासा का एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी के साथ संभावित विनाशकारी टकराव को रोकने के लिए डिज़ाइन किए गए एक अभूतपूर्व परीक्षण में एक क्षुद्रग्रह से टकराया है। टकराव जानबूझकर किया गया था और यह परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था कि क्या अंतरिक्ष की चट्टानें, जो पृथ्वी को खतरे में डाल सकती हैं, उन्हें सुरक्षित रूप से रास्ते से हटाया जा सकता है। पृथ्वी पर जो रोज प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, उनसे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है। तूफ़ान, आग, बाढ़, भूस्खलन, सूखा, जलजला, भूकंप, ज्वालामुखी का फटना, ये तो कभीकभार नहीं, बल्कि रोज़ धरती के किसी न किसी भाग में होने लगी घटनाएं बन गए हैं। उन तांडवों से मानवता को बचाने का पहले काम किया जाता तो, अच्छा होता। धरती को ज्यादा खतरा यहां होने वाली गतिविधियों से है। इनसे निपटने में भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मेरा** बेटा सीधासाधा बालक व अपने काम से काम रखने वाला है। मैं पुलकित व मृत लड़की, दोनों के लिए न्याय चाहता हूं।

– **विनोद आर्य**
भाजपा नेता



**कनाडा** में दक्षिणपंथी अतिवाद उभर रहा है। लेकिन मेरे विचार से इससे अल्पसंख्यकों को कोई खतरा नहीं है।

– **चिन्नैया जंगम**
कार्लटन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर



**वर्तमान** समय में यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया क्या कवर करता है और क्या नहीं कवर करता है।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

# राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन, बनेगा स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन

## नीतियों के निर्धारण में थिंक टैंक का करेगा काम, 50 करोड़ से ऊपर के सरकारी भवनों की डिजाइनिंग, निर्माण व टेंडर के बाबत भी लेगा निर्णय



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन करते हुए नया स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन बनाने का निर्णय किया है। यह ताकतवर आयोग नीतियों के निर्धारण में थिंक टैंक का काम करेगा। साथ ही 50 करोड़ से ऊपर के सरकारी भवनों के निर्माण प्रोजेक्ट, उसकी डिजाइनिंग व टेंडर की बाबत भी निर्णय लेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस आयोग के अध्यक्ष होंगे। यह आयोग केंद्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर काम करेगा। टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन के सदस्यों की नामित की अवधि तीन वर्ष होगी जिसे विशेष परिस्थितियों में दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सके। इस अवधि में सीएम के अनुमोदन से परिवर्तन किया जा सकता है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा ने मंगलवार को कैबिनेट द्वारा लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग में दोनों उपमुख्यमंत्री, वित्त, समाज कल्याण, पंचायतीराज, औद्योगिक विकास, जलशक्ति, नगर विकास, नियोजन विभाग के मंत्री पदेन सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री आर्थिक क्षेत्र के किसी विशेषज्ञ को इसका उपाध्यक्ष नियुक्त करेंगे। इसमें मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, समाज कल्याण आयुक्त भी शामिल किए जाएंगे। खास बात यह कि लोक निर्माण विभाग के अधिकार कम करते हुए 50 करोड़ रुपए के सरकारी भवनों की निर्माण योजना, डिजाइनिंगए टेंडर जारी करना आदि काम भी नए आयोग के जरिए होंगे। इसके लिए आयोग में प्रोजेक्ट मानटरिंग यूनिट बनाई जाएगी। शर्मा ने कहा कि यह आयोग थिंक टैंक के रूप में काम करेगा। विभिन्न विभागों की नीतियों की समीक्षा करना, उसमें बदलाव का सुझाव आदि देने का काम भी आयोग के जिम्मे होगा। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों से राय भी ली जाएगी। नया आयोग परिणाम आधारित परफार्मेंस पर काम करेगा। पीपीपी मॉडल पर वित्तीय संसाधनों को तलाशने पर भी काम होगा।

### निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत सभी विलेखों का होगा डिजिटाइजेशन

**लखनऊ।** कैबिनेट ने राज्य में उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत विलेखों के डिजिटाइजेशन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद द्वारा स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग के उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत विलेखों के डिजिटलीकरण, माइक्रो फिल्मिंग, इण्डेक्सिंग, स्कैनिंग व अभिलेखों को ऑनलाइन आम जनमानस को उपलब्ध कराए जाने की योजनाए वित्तीय उपाशयता के आकलन के साथ अनुमोदित की गई है। प्रदेश के उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत समस्त अभिलेखों के डिजिटाइजेशन से सम्बन्धित विभागीय योजना के अन्तर्गत यह कार्य तीन चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। प्रथम चरण में वर्ष 2005 से वर्ष 2017 के पंजीकृत अभिलेखों, द्वितीय चरण में वर्ष 1990 से वर्ष 2004 तक के पंजीकृत विलेखों तथा तृतीय चरण में वर्ष 1990 से पूर्व समस्त पंजीकृत अभिलेखों का डिजिटलीकरणए माइक्रो फिल्मिंग तथा इण्डेक्सिंग की कार्यवाही की जाएगी।

इस योजना के लिए एनआईसी द्वारा एकीकृत सॉफ्टवेयर तैयार कर विभागीय उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। अभिलेखों की स्कैनिंग, डिजिटाइजेशन तथा इण्डेक्सिंग के कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए महानिरीक्षक निबन्धन कार्यालय स्तर पर प्रोग्राम मैनेजमेण्ट यूनिट का गठन किया जाएगा।

### अयोध्या में पीपीपी मोड पर होगा टूरिस्ट फैसिलेशन सेंटरों का निर्माण

**लखनऊ।** कैबिनेट ने अयोध्या में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर परियोजना का निर्माण व संचालन पीपीपी मोड पर कराए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रेतर निर्णय लिए जाने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंन बताया कि देश में पर्यटन उद्योग का परिदृश्य निरन्तर बदल रहा है एवं मॉडर्न टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर का निर्माण एवं संचालन विशेषज्ञ संस्थाओं द्वारा कराया जाना पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यन्त लाभकारी होगा। इससे अयोध्या आने वाले देशीध्विदेशी पर्यटकों को लाभ मिलेगा व पर्यटन उद्योग से जुड़े हुए व्यावसायियों, सेवा प्रदाताओं तथा अयोध्या के आमजन का आर्थिक उन्नयन होगा। टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर का संचालन, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विपणन तथा रख-रखाव के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं, निजी निवेशकों की आवश्यकता होगी। अत: टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर परियोजना के निर्माण व संचालन के लिए परियोजना को पीपीपी मोड पर विशेषज्ञ संस्थाओं निजी निवेशकों से विकसित कर संचालित किए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अयोध्या में लगभग 30 होटल और लगभग 100 मन्दिरों की धर्मशालाएं हैं, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 25000 से अधिक शैय्या उपलब्ध हैं। अयोध्या में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर के प्रस्तावित निर्माण के पूर्ण हो जाने के पश्चात् इसकी बेसमेंट पार्किंग में लगभग 250 कार पार्क की जा सकेंगी।

### ग्राम सचिवालयों में तैनात डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी अब मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**लखनऊ।** कैबिनेट ने ग्राम सचिवालय के सुदृढ़ीकरण व इसके माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायक के माध्यम से विभिन्न विभागों एवं ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करायी जाती हैं। इस सेवा के सापेक्ष ग्राम पंचायत को प्रति सेवा 15 रुपए की आय होती है जो ग्राम निधि में जमा होती है। कैबिनेट ने अब फैसला लिया है कि प्राप्त होने वाले 15 रुपए में पांच रुपए पंचायत सहायक (डाटा इण्ट्री ऑपरेटर) को कार्यहित में प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाए तथा शेष धनराशि ग्राम पंचायत के निर्धारित खाते में जमा की जाए। ग्राम सचिवालयों की स्थापना प्रदेश की प्रत्येक 58189 ग्राम पंचायतों में की जा रही है। इन सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय सुचारु रूप से चल सके, इसके लिए पंचायत सहायकों की भी तैनाती की गई है। ग्राम पंचायतों में स्थापित ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से पंचायत सहायकों द्वारा कुल 243 योजनाएं-सेवाएं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं।

## प्रदेश में सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर बसाई जाएंगी औद्योगिक पट्टियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि सूक्ष्म , लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) प्रोत्साहन नीति-2022 को भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस नीति को बनाने के पीछे रणनीति यह थी कि देश की एमएसएमई का बड़ा हिस्सा यूपी में है।

यूपी में एमएसएमई विकास की बड़ी कड़ी है। इसके माध्यम से लाखों करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। नई नीति के तहत अब हर ग्रामीण क्षेत्र में एमएसएमई की

### ● एमएसएमई की नई नीति पर लगी मोहर

स्थापना के लिए पांच एकड़ या उससे अधिक की भूमि चिन्हित करके उद्योग निदेशालय को हस्तांतरित कर एमएसएमई लगाने का प्रयास होगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में जितने भी एक्सप्रेस-वे हैं मसलन आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे, के दोनों ओर औद्योगिक पट्टियां बसाने का निर्णय लिया गया है। इस नीति के तहत इनके पांच किलोमीटर की दूरी के कारीडोर में पांच एकड़ या उससे अधिक भूमि एक स्थान पर स्थित होने पर उद्योग निदेशालय वहां इंडस्ट्रियल कलेस्टर का विकास करेगा। उन्होंने कहा कि अगर निजी क्षेत्र के किसी व्यक्ति के पास दस एकड़ जमीन है और वह भी औद्योगकि पट्टी विकसित करना चाहता है तो उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। उसे कई स्तर पर कई रूपों में सब्सिडी प्रदान की जाएगी।् निजी क्षेत्र का कोई दस एकड़ जमीन है वह इस प्रकार का बनाना चाहते हैं तो उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। इसमें कई स्तर और रूप में सब्सिडी दी जाएगी।

### चित्रकूट के रानीपुर में होगी टाइगर रिजर्व पार्क की स्थापना

**लखनऊ।** कैबिनेट ने वन्यजीव के संरक्षण और बुंदेलखंड क्षेत्र में ईको पर्यटन, आर्थिक, सामाजिक सांस्कृति विकास करने के लिए चित्रकूट के रानीपुर में टाइगर रिजर्व पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने इस सम्बन्ध में अन्य निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रानीपुर वन्य जीव बिहार के रूप में अधिसूचित कुल 23 हजार 31 हेक्टेयर भूमि को रानीपुर टाइगर रिजर्व के लिए कोर या अति महत्वपूर्ण बाघ प्राकृतवास एवं वन क्षेत्र के रूप में अधिसूचित अन्य 29 हजार 958 हेक्टेयर क्षेत्र को रानीपुर टाइगर रिजर्व के बफर/वाह्य क्षेत्र के रूप में सम्मिलित करते हुए कुल 52 हजार 898 हेक्टेयर क्षेत्र को रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करते हुए बाघ संरक्षण फाउंडेशन की स्थापना, फाउंडेशन के संचालन के लिए एकमुश्त 50 करोड़ रुपए के कॉर्पस फंड की व्यवस्था तथा रानीपुर टाइगर रिजर्व के प्रशासनिक नियंत्रण के लिए व्यवस्था किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने इस सम्बन्ध में अन्य निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। ज्ञातव्य है कि रानीपुर टाइगर रिजर्व अधिसूचित होने के उपरान्त यह भारत सरकार की प्रोजेक्ट टाइगर योजना से आच्छादित हो जाएगा। प्रोजेक्ट टाइगर योजना के अन्तर्गत अनावर्ती व्यय 60:40 तथा आवर्ती व्यय 50:50 के अनुपात में केन्द्रांश व राज्यांश का प्राविधान है। राज्य सरकार की अधिसूचना की जारी होने की तिथि से रानीपुर टाइगर रिजर्व स्थापित हो जाएगा।

### 50 करोड़ से अधिक की लागत के निर्माण के लिए ईपीसी मिशन का गठन

**लखनऊ।** कैबिनेट ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले शासकीय भवनों के निर्माण के लिए ईपीसी मिशन का गठन किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। निर्णय की जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि पचास करोड़ के ऊपर की लागत वाले सरकारी भवन बनते हैं उसकी अभी तक की कार्यपद्धति यह थी कि पीडब्लूडी ही ड्राइंग, डिजाइन बनाता था टेंडर भी तय करता था। इसमें पाया गया कि एक ही एजेंसी जब करती है और एक ही जगह सब निर्णय होने से दिक्कते आ रही थी। ईपीसी मोड में कराए जाने वाले शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों के लिए नियोजन विभाग के अन्तर्गत एक ईपीसी मिशन का गठन किया जाएगा। जो परियोजना की डीपीआर के गठन से लेकर परियोजना के क्रियान्वयन एवं पूर्ण होने तक उसकी मॉनीटरिंग के लिए उत्तरदायी होगा। ईपीसी मिशन एक प्रोजेक्ट मैनेजमेण्ट यूनिट (पीएमयू) की तरह कार्य करेगा। ईपीसी मिशन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक गवर्निंग बॉडी होगी जो इस सम्बन्ध में नीतिगत मार्गदर्शन के साथ-साथ परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का समाधान करेगी। ईपीसी मिशन की गवर्निंग बॉडी नीतिगत मार्गदर्शन, परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निराकरण परियोजना के कॉन्सेप्ट प्लान का अनुमोदन, परियोजना की प्रगति की समीक्षा तथा परियोजना प्रबन्धन का कार्य करेगी।

### नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर व नगर पंचायत कटरा का सीमा विस्तार

**लखनऊ।** मुजफ्फ रनगर की सीमा में ग्राम खानजहापुर, ग्राम मन्धेड़ा, ग्राम मीरापुर, ग्राम वहलना, ग्राम सूजड़ू, ग्राम सहावली ग्राम सरवट, ग्राम कूकडा, ग्राम मुजफ्फरनगर, ग्राम शाहबुद्दीनपुर, ग्राम अलमासपुर, ग्राम बीबीपुर, ग्राम मुस्तफाबाद, ग्राम शेरनगर, ग्राम बिलासपुर के विभिन्न गाटों को सम्मिलित करते हुए सीमा विस्तार किए जाने विषयक अन्तिम अधिसूचना निर्गत किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने गोंडा की नगर पंचायत कटरा का सीमा विस्तार किए जाने सम्बन्धी अन्तिम अधिसूचना निर्गत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद द्वारा अधिसूचना निर्गत होने के उपरान्त कोई त्रुटि परिलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार संशोधित व परिमार्जित किए जाने के लिए नगर विकास मंत्री को अधिकृत किया गया है।

## तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे सरकार



**लखनऊ।** औरैया जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक द्वारा 15 वर्षीय दलित छात्र की पिटाई के बाद हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि योगी सरकार इस तरह के मामले की अनदेखी करने के बजाए तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि औरैया में शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत पर सरकारी उदासीनता व लापरवाही का मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है। इंसाफ व उचित कार्रवाई के अभाव में लोग काफी आक्रोशित हैं। सरकार ऐसे संगीन मामलों को रफा-दफा करने के बजाय तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे, बीएसपी की यह माँग। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, यूपी में दलितों, गरीबों, मजलूमों व अल्पसंख्यकों आदि के साथ-साथ महिलाओं की असुरक्षा का मामला भी काफी चर्चाओं में है। महिला पुलिसकर्मियों के विरुद्ध थाना में शोषण व अन्याय की खबरें भी लगातार सुर्खियों में हैं, जो सरकार के कानून-व्यवस्था के दावे को गलत साबित करती हैं।

### यूपी में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए भव्य कार्यशाला आयोजित की जाए

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने स्टार्टअप पॉलिसी के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक भव्य कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यशाला में प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक्सपर्ट, डीआरडीओ, डीपीटीआई और इन्वेस्टर्स आदि के साथ विचार-विमर्श किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को स्टार्टअप की दिशा में तेजी से कार्य करने की जरूरत है ताकि इससे हर क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा मिले सके।

# खिलाड़ियों को योगी का उपहार अब एसी थ्री टियर में करेंगे यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## साढ़े पांच वर्ष में बेहतर हुई प्रदेश की खेल-संस्कृति, बढ़ी है जागरूकता



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को शासकीय सेवा का मौका देने के लिए 2 प्रतिशत सीटें आरक्षित की हैं तो पुलिस में 500 से अधिक पदों पर नियुक्ति शुरू हो गई है और अब राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवागमन के लिए रेलवे की एसी थ्री टियर कोच की सुविधा भी मिलेगी।

36वें राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने जा रहे उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों से मंगलवार को संवाद के दौरान मुख्यमंत्री की इस घोषणा का खिलाड़ियों ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे होनहार खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। खास मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह खुशी की बात है इस बार के राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की अब तक की सबसे बड़ी टीम रवाना होने वाली है। पिछली बार जहां प्रदेश ने 20 खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर 68 मेडल प्राप्त किए थे, वहीं इस बार 28 खेलों में उत्तर प्रदेश भाग ले रहा है। यह सकारात्मक बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल के प्रति बढ़ी जागरूकता का ही परिणाम है। खेलों के इस राष्ट्रीय कुंभ में भाग लेने जा रहे 462 सदस्यीय दल को टीमवर्क का मंत्र देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के शानदार प्रदर्शन के प्रति विश्वास जताया।

## अब तक 50 लाख गोवंश का टीकाकरण किया गया: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन मंत्री** धर्मपाल सिंह ने कहा है कि प्रदेश के गोवंश को 'लम्पी' रोग से बचाने के लिए टीकाकरण का लक्ष्य बढ़ाते हुए प्रतिदिन साढ़े चार लाख किया जाए और आगामी 10 अक्टूबर तक 01 करोड़ टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। पूर्वी जनपदों में किसी भी गोवंश के प्रभावित होने की सूचना पर तत्काल कार्यवाही की जाए और कानपुर नगर व वाराणसी के सीमावर्ती जनपदों में शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी जनपद में वैक्सीन की कमी न होने पाये। प्रदेश में कुल 112.50 लाख वैक्सीन उपलब्ध है। जब तक प्रदेश से 'लम्पी' रोग समाप्त नहीं हो जाता तब तक बचाव एवं रोकथाम के सभी कार्य अभियान चलाकर युद्धस्तर पर जारी रखे जाएं। मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में टीम 9 की बैठक में रोग प्रकोप के नियंत्रण एवं बचाव हेतु कृत कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 50 लाख गोवंश का गोटपॉक्स टीकाकरण किया गया है। देश में 15 राज्य लम्पी रोग से प्रभावित हैं, जिसमें यूपी में प्रभावी रूप से रोग पर नियंत्रण प्राप्त किया है। परिणाम स्वरूप प्रदेश के पश्चिमांचल के 30 जनपदों में अब तक कुल 37306 गोवंश इस रोग से प्रभावित है, जिसमें से 23368 पशु रोगमुक्त हो चुके हैं, जो 58 प्रतिशत है। 351 गोवंश की मृत्यु हुई है। मृत्युदर 0.94 प्रतिशत है। चिकित्सा हेतु समस्त जनपदों में प्रचुर मात्रा में औषधियां उपलब्ध हैं।

## स्थायी डीजीपी तक नहीं तय कर पा रही है यूपी सरकार

**लखनऊ।** औरैया में एक दलित छात्र की पिटाई के बाद मौत पर कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश की लचर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। वहीं प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए एक स्थायी डीजीपी तक नहीं तय कर पा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए स्थायी डीजीपी नहीं तय कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट के बनाए गए नियम के अनुसार जिस आईपीएस अधिकारी की सर्विस 6 माह से अधिक हो, ऐसे तीन वरिष्ठ आईपीएस का पैनल यूपीएससी को भेजना होता है स्थायी डीजीपी बनाने के लिए। मगर 4 महीने से अधिक हो गए और अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार वह नाम नहीं भेज पाई है।

## जाली मुद्रा के प्रचलन पर सख्ती से की जाए रोकथाम: प्रमुख सचिव गृह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रमुख** सचिव गृह संजय प्रसाद ने निर्देश दिए हैं कि जाली मुद्रा के प्रचलन पर सख्ती से रोकथाम लगाई जाए। इसके लिए उन्होंने बैंक शाखाओं व स्थानीय थानों के बीच प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ किए जाने पर भी विशेष बल दिया। प्रसाद मंगलवार को बैंकों की सुरक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की गोमती नगर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैंक अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों की करैंसी चेस्ट में उपयोग की जाने वाली नगदी के सुरक्षित आवागमन विशेषकर उसे दूसरे राज्यों में लाने ले जाने से जुड़े सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। करैंसी.चेस्ट एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाये जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। प्रमुख सचिव गृह ने कहा किबैंको की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, चुस्त-दुरूस्त व उच्च स्तर की बनाए जाने के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा जीरो टालरेंस की नीति के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सभी बैंको को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे मानक के अनुसार अपने बैंक शाखाओं में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करे। साथ ही इंटरनेट बैंकिंग को और अधिक बेहतर बनाये जाने की सुविधा पर भी बल दिया। प्रसाद ने कहा कि बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के लिये सर्विलांस सिस्टम व डाटा स्टोरेज को और प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता है। सभी ब्रांच, करेंसी चेस्ट व एटीएम शाखाओं में सीसीटीवी की पुख्ता व्यवस्था अनिवार्य रूप से किया जाए। बैंकों में लगाए सुरक्षा के उपकरणों एलार्म, सायरन आदि की नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए। बैंक व करेन्सी चेस्ट में आग से सुरक्षा के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाने के सम्बन्ध में फायर आडिट में निर्धारित मानकों को पूरा करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी बैंकों में आग से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबन्ध किए जाने तथा उसका अनिवार्य रूप से फायर ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए गए। समय समय पर बैंक व अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा इसकी निगरानी भी की जाएगी।

## सपा का सम्मेलन आज से रमाबाई अम्बेडकर मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### कल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चुनाव




**सपा** का राज्य सम्मेलन बुधवार 28 सितंबर से रमाबाई अंबेडकर मैदान में शुरू हो रहा है। राष्ट्रीय सम्मेलन बृहस्पतिवार 29 सितम्बर को आयोजित किया गया है।

सपा इस सम्मेलन में लोकसभा चुनाव में अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन और जनता की ताकत से भाजपा की एकाधिकारी सत्ता को उखाड़ फेकने का संकल्प लेगी। दोनों दिन प्रात: दस बजे सम्मेलन की शुरुआत झंडारोहण से होगी और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्मेलन में उद्घाटन एवं समापन भाषण करेंगे। पार्टी स्तर से सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। पार्टी हाईकामन के नेता लगातार कार्यक्रम स्थल का जायजा ले रहें है। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव समेत कई बड़े नेताओं ने कार्यक्रम स्थल रमाबाई अम्बेडकर मैदान पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा भी की। मौसम को देखते हुए बरसात से बचने के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सम्मेलनं की तैयारियों को लेकर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खास उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यकर्ता और नेता जगह-जगह होर्डिंग, बैरन, पोस्टर तथा पार्टी के झंडे लगाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं। कुल मिलाकर सपा कार्यकर्ताओं सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मेलन में भाजपा की डबल इंजन सरकार की विकास कार्यों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये के जिक्र के साथ वर्तमान राजनीतिक आर्थिक परिदृश्य पर भी चर्चा होगी। बुधवार सम्मेलन के पहले दिन 28 सितम्बर को सपा राज्य सम्मेलन में सर्वप्रथम प्रात: 10 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। इसके उपरान्त निर्वाचन अधिकारी प्रो. रामगोपाल यादव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करायेंगे। 11:30 बजे अखिलेश यादव सम्मेलन में उद्घाटन भाषण करेंगे। इसी तरह से 29 सितम्बर बृहस्पतिवार को दूसरे दिन राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत प्रात: 10 बजे ध्वजारोहण के साथ होगी। इसके उपरान्त रामगोपाल यादव द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। 11:30 बजे अखिलेश यादव उद्घाटन भाषण करेंगे। तदोपरांत राजनैतिक एवं आर्थिक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। जिस पर चर्चा एवं प्रस्ताव पारित किया जाएगा। अखिलेश यादव राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन करेंगे। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मेलन में संगठनात्मक चुनाव कर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन और जनता की ताकत से भाजपा की एकाधिकारी सत्ता को उखाड़ फेकने का संकल्प लेगी।

# कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय मंत्री ने की समीक्षा बैठक



## ● सिधौली विधानसभा के ब्लाकों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**मंगलवार को** योजनाओं की प्रगति जानने सीतापुर कलेक्टेट्र पहुंचे केन्द्रीय मंत्री मोहनलालगंज सांसद कौषल किषोर ने सिधौली विधानसभा क्षेत्र के ब्लाकों में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देष देते हुए कहा कि हर पात्र को आवास पहुंचे इसके लिए सर्वे कराया जाए। केन्द्रीय मंत्री ने आत्म निर्भर बनाने को लेकर कौषल विकास के तहत लोगो को प्रषिक्षण देने के साथ रोजगार दिए जाने के भी निर्देष अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि पात्रों के अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड जारी किये जाये तथा जहां-जहां अस्पताल है वहां कैम्प लगाकर प्रचार-प्रसार करते हुये गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिये जागरूक किया जाये, साथ ही आशाएं भी इस कार्य में सहयोग करें। सांसद ने कहा कि सिधौली तहसील के ब्लाकों में विधवा पेंषन, वृद्धा पेंषन, विकलांग पेंषन सहित अन्य योजनाओं के कैंप लगाए जाए जिससे लाभार्थियों को रोज-रोज चक्कर ना लगाना पड़े। बैठक के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने पीडब्लूडी एक्सईन को निर्देष देते हुए कहा कि निर्माणाधीन व निर्माण होने वाली सभी सड़को का जल्द से जल्द कार्य पूरा करें, जिनके कार्य की धीमी प्रगति है उन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेट किया जाए। मंत्री ने ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन के अंतर्ग ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक कैंप लगाने के निर्देश दिए तथा तीन दिवसीय कैंप लगाकर प्रशिक्षण दें जिससे गांव में मधुमक्खी पालन जैम बनाना व अन्य ऐसे कई कार्य हैं जो लोग गांव पर कार्य करके रोजगार पा सकते हैं। बिजली विभाग को विद्युत व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुये ओ.डी.एफ योजना को वास्तविकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिये। ए.आर. सहकारिता कॉपरेटिव की कार्यशैली पर नाराजगी जताई, ऋण वसूली की अनियमतओं पर कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि सहकारिता विभाग की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें एवं यह भी निर्देश दिये कि कूट रचित, फर्जी एवं भ्रामक रिपोर्ट न प्रस्तुत करें। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन की स्थिति एवं जिन बच्चों के अभिभावकों को ड्रेस, जूते आदि के लिये धनराशि मिल चुकी है उन अभिभावकों के साथ अध्यापक बैठक करके उन बच्चों के लिये सामान उपलब्ध कराने के लिये प्रेरित करें। सांसद ने खेल चला गांव की ओर, गांव चले ओलम्पिक की ओर, के लिये भी प्रेरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि एक महीने बाद पुनः फिर इन्हीं कार्यों को लेकर बैठक की जाएगी, फिर से समीक्षा बैठक की जाएगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एमएलसी पवन सिंह चौहान, सिटी मजिस्टेट्र अमृता सिंह, सीडीओ अक्षत वर्मा, पीडी, डीडीओ, डीपीआरओ मनोज कुमार, बीएसए अजीत कुमार, डीएफओ ब्रजमोहन षुक्ला, सीओ सिधौली यादुवेन्द्र यादव, सांसद मीडिया प्रभारी दुर्गेष सिंह, अशोक सिंह, सुधीर सिंह, गुड्डू भारती सहित तमाम अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### ...जब 7 चिताओं पर जलाएं गए 9 शव, रो पड़ा टिकौली, कांप उठा कलेजा

# हर आंख नम, हर ओर गम, एक सड़क हादसे ने तबाह की कई जिन्दगी

संवाददाता। सीतापुर


**मंगलवार को** ऐसे अमंगल की कल्पना किसी ने नहीं की होगी, जब एक साथ 7 चिताएं टिकौली में बनाई गई, 7 चिताओं पर 9 षवों को मुखाग्नि दी गई। गांव में एक साथ उठी 9 अर्थियों को देखकर हर किसी का कलेजा कांप उठा। गांव में उठे गम के गुबार से हर आंख नम हो गई। गांव में एक चूल्हा तक नहीं जला और जले भी तो कैसे। सोमवार को इंटौजा के तालाब में ट्रक से टक्कर के बाद तालाब में पलटी टैक्टर-ट्राली सड़क हादसे में कई जिन्दगी तबाह हो गई। हादसे में जहां 37 लोग घायल हुए वहीं मरने वालों की संख्या दहाई के आंकड़े में पहुंच गई। मृतकों में तीन लड़कियां और 7 महिलाएं षामिल है। यह सभी टिकौली गांव के ही रहने वाले है जिनमें दो परिवार की मां-बेटी भी है। गांव में एक ऐसी



बदनसीब दादी रामरती भी है जिन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनकी दो बहुएं सुषमा, कोमल और पोतियां रुचि, आयुषी सदा के लिए उनसे दूर जा चुकी है। बार-बार दोनों पोतियों की तस्वीर देखकर रोने लगती हैं। घटना के 2 दिन पहले की बात याद करते हुए रामरती कहती हैं, नवरात्र में मंदिर दर्शन जाने को लेकर रुचि और आयुषी दोनों बहुत खुश थीं। लेकिन क्या पता था कि वो वहां से कभी वापस नहीं लौटेंगी। दोनों मां के साथ ही घर आई थीं, मां के साथ ही चली गईं। मृतकों में रामरतन मौर्य की 48 वर्षीया पत्नी सुषमा और 21 बरस की बेटी रूचि, चुन्नीलाल की 45 वर्षीय पत्नी कोमल, 13 वर्षीया बेटी आयुषी उर्फ बिट्टो, राजकिषोर मौर्या की 54 वर्षीया पत्नी मालती, सुखलाल मौर्या की 50 वर्ष की पत्नी सुखरानी, छोटेलाल मौर्या की 46 वर्षीय पत्नी केतकी, पवन गुप्ता की 13 वर्षीय बेटी अंषिका, रामखेलावन पांडेय की 40 वर्षीय पत्नी सुनीला और बाबू अवस्थी की 48 वर्षीय पत्नी अन्नपूर्णा षामिल है। सरकार ने हादसे में मृतक परिवार को इमदाद का मरहम लगाते हुए 4-4 लाख रूपये आर्थिक मद्द के रूप में देने का ऐलान किया है।

## बुखार के प्रति लोगों को किया जागरुक

**लखीमपुर खीरी।** करुणा फाउंडेशन की युवा अध्यक्ष एवं मेडिकल की अंतिम वर्ष की छात्रा वैशाली ने गोटैय्याबाग गोला रोड में बच्चों को बदलते मौसम में बुखार के बारे में जागरूक किया। वैशाली ने कहा कि बदलते मौसम में संक्रमण जैसे फ्लूए चिकन पॉक्सए निमोनियाए टाईफाइड से बचने के बारे में बुखार को बारीकी से बताते हुए कहा कि बुखार में जब शरीर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है यानी शरीर गर्म होने लगता है तो उसे ही बुखार कहते हैं। बुखार आना कोई रोग नहीं लेकिन लक्षण हैए यह किसी संक्रमण की शरीर द्वारा दी गई



प्रतिक्रिया है। जब बुखार तेजी से बढ़ता है तो किसी रोगी की गंभीरता की ओर संकेत करता है। बुखार आने में ठंड महसूस होना कपकपी आनाए भूख न लगनाए थकान आनाए डिप्रेशनए निर्जलीकरणए नींद ना आनाए पसीना आनाए या कुछ दवाइयों के साइड इफेक्ट के लक्षण हो सकते हैं।

वैशाली ने बुखार से बच्चों को बचाने के लिए गर्मियों में अधिक समय तक धूप से बचनेए बार.बार पानी पीते रहनेएऔर बीमार लोगों के संपर्क से बचने की सलाह दी। उन्होंने बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाने व उपचार के लिए पैरासीटामोलए एसिटामिनोफेनए ;टायलोनोमद्धए या इबोप्रोफेनए ;एलविलए माटरीन आईबीद्ध दवा लेकर तथा ठंडे पानी की पट्टी माथे पर रख कर बुखार को कम किया जा सकता है। इसके अलावा वैशाली ने बच्चों को नित्य क्रिया के बाद साबुन से हाथ धोने व नित्य दातों की सफाई व प्रतिदिन सामान्य तापमान के पानी से नहाने की भी टिप्स दिए।

# कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा है नंबर वन पार्टीः धर्मपाल

संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय जनता** पार्टी एक पार्टी हीं नहीं, बल्कि परिवार है। इसमें कार्यकर्ता एक दूसरे के सुख-दुख कर ध्यान रखते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा नंबर वन पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा का विजय रथ हर दिन नया इतिहास बनाता हुआ आगे बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को यह बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सीतापुर भाजपा जिला कार्यालय पर कही। वे संगठन के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होने कहा कि जल्द ही निकाय चुनाव आने वाले हैं, पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से ही तैयारियों में जुट जाएं। जैसे पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव व सांसद के चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय पताका फहराई है। वैसे ही निकाय चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों के साथ - साथ सांसद और विधायक भी नगर निकाय के





चुनाव की रणनीति बनाएं। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के तहत कार्य कर रही है। पार्टी के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं, इसलिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत होरहे कार्यक्रम की समीक्षा की । इस दौरान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि हाल के ही चुनावों में अन्य दलों ने भाजपा का दम देखा है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 9 में 8 विधानसभा क्षेत्रों में जीत का परचम लहराया है। पंचायत चुनाव हों, क्षेत्र पंचायत चुनाव हो या फिर जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव हो। हर जगह भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। यह जीत केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों व कार्यकर्ताओं की मेंहनत के बल पर प्राप्त हुई है। इसी तरह से पूरे मनोयोग से कार्यकर्ता व पदाधिकारी निकाय चुनाव में भी जुटेंगे और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत का रास्ता प्रशस्त करेंगे। बैठक में जिला प्रभारी त्रियंबक त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, त्रियंबक तिवारी, अवध क्षेत्र महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ गोदावरी मिश्रा, राज्य मंत्री सुरेश राही, विधायक ज्ञान तिवारी, शशांक त्रिवेदी, आशा मौर्या, मनीष रावत, रामकिशन भार्गव, शिव कुमार गुप्ता, एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, रामपाल यादव, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, अजय गुप्ता, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, रमेश भार्गव दीपू, संजय मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, नीरज वर्मा, करुणा शंकर त्रिपाठी, जय सिंह, राजकुमार अग्रवाल, सुनील मिश्रा, उदित बाजपेई समेत मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, पूर्व विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

## रामलीला का हुआ शुभारंभ

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेला श्री राम लीला का विधिवत आज शुभारंभ हुआ। मेला मैदान में गणेश पूजन कर ध्वज की स्थापना की गई। इससे पूर्व आर्य समाज मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। मेला श्री रामलीला का आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में आज आर्य समाज मंदिर से तमाम देव स्वरूपों की झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमे बैंड बाजों की धुन पर रामनामी दुपट्टा ओढ़े हुए नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई भाजपा नगर अध्यक्ष शौरभ गुप्ता, रवि शुक्ला, सुशील वर्मा, विनोद तिवारी, गोपाल मोहन रस्तोगी, रमाकांत द्विवेदी सहित तमाम लोग रामलीला मैदान पहुंचे।

# शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाए आगामी त्योहारः डीएम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मंगलवार** को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित आयोजित हुई। बैठक का संचालन अनिल शुक्ल ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखते हुए अपने त्योहारों को मनाए। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। ना ही त्यौहार के नाम पर कोई मार्ग अवरुद्ध होगा।

यदि कहीं समस्याएं आती है तो अपने क्षेत्रीय एसडीएम.सीओ को सूचित करेए उसका निदान कराए। यथाआवश्यक एडीएम.एएसपीए सीडीओए उन्हें व एसपी को बताए।



आज की बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के संबंध में आपके सुझाव एवं समस्याएं जानना है। साथ ही प्रशासन द्वारा सभी जरूरी बातों को सूचित करना है। सभी का सहयोग निरंतर मिलता रहा हैए उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगे भी मिलता रहेगा। त्यौहार अच्छे से गुजरेए लोगों के घरों में खुशहाली आए। खुराफाती तत्वों पर प्रशासन की सतर्क दृष्टि रहेगीए चिन्हित होने पर ऐसी कार्यवाही करेंगे कि वह हमेशा याद करेंगे। उन्होंने आगामी त्योहारों के संबंध में शुभकामनाएं दी। एसपी संजीव सुमन ने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखते हुए सभी त्यौहार मनाए जाए। त्योहारों में कोई भी मार्ग अवरुद्ध नहीं होगा। जुलूस या शोभायात्रा में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन पूर्णतया वर्जित है। एसडीएम सीओ अपने.अपने क्षेत्रों में सुनिश्चित कराएं कि सभी आयोजन समितियां शोभा पंडाल एवं मूर्ति की सुरक्षा हेतु राउंड ओ क्लॉक स्वयंसेवी तैनात करे व सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए।

एसडीएम.सीओ अपने क्षेत्रों में सभी मेला स्थलों एवं पूजा पंडालों का भ्रमण अवश्य कर ले। जुलूस एवं शोभायात्रा में भड़काऊ एवं अश्लील गाने नहीं बजेंगे। पारंपरिक रूटों पर ही यात्राएं निकालेंगी। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। नदियों में जलस्तर बढ़ा हैए इसलिए विसर्जन के लिए कोई नया विकल्प तैयार रखें यथा गड्ढा खोदकर विसर्जन करें। विसर्जन के दौरान सतर्कता बरतेंए ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।उन्होंने कहा कि खीरी इन त्योहारों में एक अच्छी मिसाल पेश करें। जनपद वासियों का हमेशा बेहतर सहयोग मिलता रहा है, इसे आगे भी बनाए रखें। सोशल मीडिया पर प्रशासन व पुलिस सतर्क दृष्टि रखेगा। किसी भी आपत्तिजनक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज को कदापि फॉरवर्ड ना करेंए बल्कि प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना दें। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर की स्थापना की जा रही हैए जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

# भारी मात्रा में अवैध कबाड़ बरामद, एक गिरफ्तार

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**कबाडियों पर** हरगांव पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए दो ट्रक स्क्रैब सहित वाहनों के पाट्र्स बरामद करते हुए एक आरोपी को जेल भेजनें की कार्रवाई की। क्षेत्र के सलारपुर में कबाड़ का अवैध कारोबार कर रहे लोगों पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को ट्रैक्टर काटने की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष हरगांव आलोकमणि त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ कबाडियों के कारोबार स्थल पर जाँच की। जिसमें रहीस अहमद गुड्डू पुत्र अजीज अहमद इब्राहिमपुर लहरपुर कबाड़ रखने व बेंचने का कोई भी कागजात नही दिखा सके। दो ट्रैक्टर



के इंजन और एक ट्रक के कटे पाट्र्स, टायर, टंकी, स्टेयरिंग ड्राइवर सीट आदि सामग्री बरामद हुयी। एक ट्रक और पकड़ा गया जिसमें कागजात दिखाए गये। उसको असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल जीएसटी अनिल गौड़ ने टैक्स चोरी पर प्रतिबंधित भी किया। कबाड़ी रईस अहमद गुड्डू को 41, 411, 414, के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है!

# पेज एक का शेष

## पीएफआई के...

बढ़ती हुई राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के मद्देनजर जनपदीय पुलिस, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के संयुक्त दलों ने छापेमारी की। उन्होंने बताया पुलिस दलों ने 26 जिलों में एक साथ पीएफआई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें कुल 57 लोग हिरासत में लिए गए। कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई के बाद मौके से बरामद विभिन्न प्रकार के अभिलेखों एवं साक्ष्यों का संयुक्त रूप से विश्लेषण किया जा रहा है। कुमार ने बताया कि उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीएफआई का गठन 2006 में किया गया था और वह भारत में हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तिकरण के लिए नव सामाजिक आंदोलन चलाने का दावा करता है। हालांकि, कानून प्रवर्तन एजेंसी का दावा है कि पीएफआई कट्टर इस्लाम का प्रसार कर रहा है। इस संगठन का गठन केरल में किया गया था और इसका मुख्यालय दिल्ली में है। पीएफआई के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के बाद उस पर देशभर में प्रतिबंध लगने की संभावना हैं। असम के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न जिलों से पीएफआई के 25 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा 10 पीएफआई कार्यकर्ताओं को गोलपाड़ा से गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद पांच को कामरूप (ग्रामीण) में और तीन को धुबरी में गिरफ्तार किया गया। वहीं, बारपेटा, बक्सा, दरांग, उदलगुरी और करीमगंज में भी गिरफ्तारियां की गईं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पहले कहा था कि राज्य सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों के लिए कथित तौर पर एक तंत्र बना रहे संगठन को प्रतिबंधित करने का केंद्र से आग्रह किया है।

## गहलोत के...

में आगे रहे। विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जोशी और राठौर पर इसलिए कार्रवाई हुई, क्योंकि उन्होंने विधायकों की समानांतर बैठक आयोजित की और कांग्रेस विधायक दल की बैठक नहीं होने दी। एआईसीसी सूत्रों ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में रविवार दोपहर से राज्य में हुए घटनाक्रम के लिए गहलोत को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। गहलोत ने मंगलवार शाम को अपने स्तर पर फोन कर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को बताया कि लगभग 90 विधायकों द्वारा सीएलपी बैठक में पहुंचने से इनकार करने एवं सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के मामले में उनका कोई हाथ नहीं है। सूत्रों के अनुसार उन्होंने सोनिया गांधी से माफी भी मांगी है। वह बुधवार को दिल्ली आ सकते हैं। इस बीच, मंगलवार शाम को सचिन पायलट दिल्ली पहुंच चुके हैं। उनके भी सोनिया गांधी से मुलाकात करने की संभावना है। गहलोत एवं कांग्रेस हाईकमान की ओर से साफ संकेत मिल रहे हैं कि दोनों ही मामले को आगे नहीं खींचना चाहते। सूत्रों ने कहा कि आनंद शर्मा एवं अंबिका सोनी ने संकट को सुलझाने के लिए पहले सोनिया गांधी से मुलाकात की और फिर उन्होंने गहलोत से बात की। सोमवार को राजधानी पहुंचे कमलनाथ भी सोनिया से मिले और फिर उन्होंने भी गहलोत से चर्चा की।

## गहलोत की...

रवैये से बेहद नाराज बताए जा रहे हैं। आगे की रणनीति तय करने के लिए सोनिया ने कमलनाथ, पवन बंसल, अंबिका सोनी समेत अपने भरोसेमंद कई नेताओं के साथ बैठक की है। गांधी परिवार के पसंदीदा उम्मीदवार के बारे में बने रहस्य के बीच पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि एआईसीसी के कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने नामांकन फॉर्म ले लिए हैं। मिस्त्री ने कहा कि थरूर चुनावी दौड़ में हैं जबकि बंसल ने संभवतः किसी अन्य के लिए पर्चा लिया है। नामांकन की तारीख शुक्रवार को खत्म हो रही है। ऐसे में मिस्त्री ने कहा कि उन्हें यह मालूम नहीं है कि गहलोत नामांकन पत्र भरेंगे या नहीं। मिस्त्री यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब खबरें तैर रही हैं कि संभवतः राजस्थान के मुख्यमंत्री को अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं बनाया जाएगा। हालांकि गहलोत ने इस बीच मंगलवार को सोनिया गांधी से फोन पर बात की और अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की।

## मोदी ने...

में राजकीय अंतिम संस्कार में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व विदेश मंत्रालय ने भारत-जापान साझेदारी को आगे बढ़ाने में उनके अपार योगदान को याद करते हुए ट्वीट किया, एक महान दूरदर्शी को श्रद्धांजलि। जापान की समाचार एजेंसी क्योदो की खबर के अनुसार, मोदी के अलावा अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक सहित 700 से अधिक विश्व नेता आबे को श्रद्धांजलि देने तोक्यो पहुंचे हैं। गौरतलब है कि आबे (67) की आठ जुलाई को उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह दक्षिणी जापानी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

## भारत-पाकिस्तान...

साथ हमारे संबंध अलग हैं। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते अपनी जगह हैं। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के प्रशासन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता देने पर रोक लगाने से संबंधित पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के फैसले को बदलते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी दी थी। ट्रंप प्रशासन ने यह रोक कथित तौर पर अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने के लिए लगाई थी। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं कि इन दोनों पड़ोसियों के संबंध यथासंभव रचनात्मक हों। यह एक और महत्वपूर्ण बात है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान पर लगे आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोपों के चलते तनावपूर्ण रहे हैं। भारत ने पांच अगस्त 2019 को संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त करके जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस ले लिया था और उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था, जिसके बाद दोनों देशों के संबंधों में और खटास आ गई थी।

## चुनाव आयोग...

चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने उद्धव ठाकरे नीत खेमे की इस संबंध में दायर याचिका खारिज कर दी। पीठ में न्यायमूर्ति एमआर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल थे। संविधान पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि चुनाव आयोग के समक्ष कार्यवाही पर कोई रोक नहीं होगी। ठाकरे खेमे की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनाव चिह्न आदेश तभी लागू किया जा सकता है, जब दावा करने वाला उसी राजनीतिक दल से हो, लेकिन दावा एक विरोधी खेमे का है। उन्होंने कहा, मेरा कहना है कि शिंदे पार्टी में अब नहीं हैं और सदस्यता त्याग दी गई है। ऐसे में, चुनाव आयोग उनकी सुनवाई कैसे करेगा? सिब्बल ने इस साल जून में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने वाले शिंदे और शिवसेना के कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ आयोग्यता नोटिस जारी किए जाने का हवाला देते हुए यह कहा। चुनाव आयोग की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दतार ने कहा कि आयोग यह फैसला करने के लिए स्वतंत्र है कि किस खेमे में अधिक विधायक हैं।

## बहुमत के...

देती है और हम बहुमत का नियम लागू करके इसे बेहद पारदर्शी प्रक्रिया के तौर पर परिभाषित करते हैं। जब भी हम इस मामले पर गौर करेंगे तो बहुमत का नियम लागू करेंगे। सुप्रीम कोर्ट का फैसला पढ़ने के बाद यह किया जाएगा।

## आप व...

मीडिया पर साझा किए गए झूठे व मानहानिकारक पोस्ट, ट्वीट या वीडियो हटाने का निर्देश देने की भी अपील की थी। आप के नेताओं ने आरोप लगाया था कि सक्सेना ने नवंबर 2016 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का अध्यक्ष रहते हुए चलन से बाहर हो चुकी मुद्रा हासिल करके उसे नई मुद्रा में परिवर्तित कराया था। आप और इसके नेताओं ने उपराज्यपाल पर 1,400 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (ए) सभी व्यक्तियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है, मगर इसमें अनुच्छेद 19 (2) भी है, जिसके तहत कुछ पाबंदियां हैं, जिनमें मानहानि भी शामिल है। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि इसलिए, वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार एक निरंकुश अधिकार नहीं है, जिसकी आड़ में मानहानिकारक बयान देकर किसी व्यक्ति की छवि धूमिल की जा सके। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार से किसी की छवि को धूमिल नहीं की जानी चाहिए। हाईकोर्ट के इस फैसले का एलजी सक्सेना ने सत्यमेव जयते कहकर स्वागत किया। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि वह अदालत के अंतरिम आदेश से पूरी तरह असहमत है।

## सुप्रीम कोर्ट...

जिसने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए दस प्रतिशत कोटे की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की, को लगभग 2.5 लाख बार देखा गया। कोर्ट नंबर 2, जो शिवसेना संकट से उत्पन्न मामलों की सुनवाई कर रही थी और राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र और दिल्ली सरकारों की विधायी और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित मुद्दे को लगभग 4 लाख लोगों ने देखा गया। इसी प्रकार कोर्ट नंबर 3, जिसमें अखिल भारतीय बार परीक्षा की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई, को एक लाख से कम बार देखा गया। फीड को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम किया गया था और यह सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध था।

## आशा पारेख...

सह-लेखन फिल्म समीक्षक खालिद मोहम्मद ने किया था। उन्हें 1992 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था। पिछले साल, 2019 के लिए रजनीकांत को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़े वैज्ञानिक समुदाय

## राष्ट्रपति ने किया आह्वान

भाषा। बेंगलुरु



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने बृहस्पतिवार को वैज्ञानिक समुदाय से सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़ने और स्वदेशीकरण की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह सुनिश्चित करना सभी की संयुक्त जिम्मेदारी होनी चाहिए कि 2047 का भारत अधिक समृद्ध और मजबूत राष्ट्र होगा। राष्ट्रपति ने यहां हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन निर्माण केंद्र (आईसीएमएफ) का उद्घाटन करने और जोनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (दक्षिण क्षेत्र) की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही।

मुर्मू ने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर, मुझे अपने पूर्ववर्ती माननीय डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की याद आ रही है। हम उन्हें भारत के मिसाइल मैन के रूप में जानते हैं, लेकिन उनके जीवन का एक और पहलू था, जिस पर मैं कुछ प्रकाश डालना चाहती हूं। उन्होंने हमेशा सामाजिक समावेश के साथ-साथ प्रौद्योगिकीय विकास का मार्ग अपनाया। राष्ट्रपति ने कहा कि विज्ञान एक अभूतपूर्व क्रांति और लोगों के जीवन में बदलाव ला सकता है। डॉ. कलाम भी कलाम-राजू स्टेंट तैयार करके लोगों के जीवन में बदलाव लाए थे। यह स्वदेशी कोरोनरी स्टेंट (हृदय की धमनी के इलाज में इस्तेमाल होने वाला छल्ला) था, जिसने हजारों रोगियों की मदद की। यह आयात किए गए स्टेंट की तुलना में काफी सस्ता था। उन्होंने कहा, मेरे कहने का मतलब यह है कि डॉ. कलाम द्वारा अपनाई गई स्वदेशीकरण की भावना का हमारे समाज पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और शोध कई लोगों के जीवन को बचा सकते हैं। मैं भारत के वैज्ञानिक समुदाय से सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़ने का आग्रह करती हूं। एचएएल के एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन विनिर्माण केंद्र (आईसीएमएफ) से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए एक ही स्थान पर रॉकेट इंजन का समस्त उत्पादन किया जा सकेगा। केंद्र का निर्माण 4,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया गया है। यहां भारतीय रॉकेटों के क्रायोजेनिक (सीई20) और सेमी-क्रायोजेनिक (एसई2000) इंजनों के निर्माण के लिए 70 उन्नत उपकरण और परीक्षण केंद्र होंगे। साल 2013 में, एचएएल की अंतरिक्ष विज्ञान डिवीजन में क्रायोजेनिक इंजन मॉड्यूल का विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे और बाद में 2016 में इसमें संशोधन कर 208 करोड़ रुपए के निवेश के साथ आईसीएमएफ की स्थापना का लक्ष्य रखा गया। राष्ट्रपति ने कहा कि एचएएल और इसरो का गौरवशाली अतीत हमें भरोसा दिलाता है कि वे भविष्य में भी महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा, हमने एक स्वतंत्र देश के रूप में 75 साल पूरे कर लिए हैं। हम अगले 25 वर्षों में नए भारत की कल्पना और इसे एक विकसित देश बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करना हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है कि 2047 का भारत एक बहुत अधिक समृद्ध व मजबूत राष्ट्र होगा। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, एचएएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सी. बी. अनंतकृष्णन समेत अन्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## राजस्थान सीमा से बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा

**नई दिल्ली।** राजस्थान के श्रीगंगानगर सेक्टर से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 20 वर्षीय एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बल के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद वकास नामक व्यक्ति को सोमवार की शाम भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया था। प्रवक्ता ने कहा, शुरुआती पूछताछ के दौरान, उक्त व्यक्ति ने खुलासा किया कि वह तहरीक-ए-लब्बैक का सदस्य है। उसने अपने संगठन की विचारधारा का प्रचार करने के लिए भारत में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद वकास पाकिस्तान के बहावलनगर जिले के करमपुर गांव का रहने वाला है। अधिकारी ने कहा कि खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों का एक संयुक्त दल व्यक्ति से पूछताछ कर रहा है। उसे जल्द ही स्थानीय पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### आतंकवाद, राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निपटने के लिए व्यापक योजना तैयार है : जम्मू कश्मीर के डीजीपी

**जम्मू।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ व्यापक स्तर पर जारी कार्रवाई के बीच जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने मंगलवार को कहा कि देश में आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निपटने के लिए व्यापक योजना तैयार है। उन्होंने कहा कि आतंकी नेटवर्क के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई का निश्चित तौर पर सकारात्मक प्रभाव होगा और देश भर में जारी छापेमारी की कार्रवाई को सांप्रदायिक कोण से नहीं देखना चाहिए। पुलिस प्रमुख ने यहां 20-27 सितंबर के दौरान आयोजित 11वीं जम्मू और कश्मीर निशानेबाजी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। सिंह ने कहा, आतंकियों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार है। आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कोई भी कार्रवाई, ऐसे समूहों को कमजोर करेगी और निश्चित रूप से सकारात्मक प्रभाव डालेगी।

### अरुणाचल प्रदेश में पकड़ा गया उल्फा (आई) का एक उग्रवादी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में म्यांमार सीमा के निकट उल्फा (आई) का एक उग्रवादी पकड़ा गया है। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम राइफल्स की खोंसा बटालियन ने सोमवार को म्यांमार सीमा के निकट नोगलो गांव से उग्रवादी को पकड़ा। उन्होंने बताया कि उग्रवादी की पहचान असम के डिब्रूगढ़ निवासी दिब्ज्योति सेनापति उर्फ दीपेन असोम के तौर पर की गई है। अधिकारी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान, उग्रवादी ने सुरक्षा कर्मियों को बताया कि रहन-सहन की कठिनाइयों के कारण वह म्यांमार में अपने शिविर को छोड़ कर सीमा पार कर भारत आ गया था।

### पलानीस्वामी ने वरिष्ठ नेता को अन्नाद्रमुक से हटाया

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अंतरिम महासचिव के. पलानीस्वामी ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता पनरुट्टी एस रामचंद्रन को कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से हटाए जाने की घोषणा की। यह कदम ऐसे वक्त आया है जब रामचंद्रन ने कथित रूप से पार्टी के अंतरिम प्रमुख के खिलाफ कुछ आलोचनात्मक टिप्पणी की थी। पार्टी की ओर से जारी बयान में पलानीस्वामी ने कहा कि रामचंद्रन को संगठन को बदनाम करने के लिए पार्टी के संगठन सचिव के पद के साथ-साथ अन्नाद्रमुक की प्राथमिक सदस्यता से हटाया जाता है। उन्होंने कहा, रामचंदन ने पार्टी सिद्धांतों और नियमों के विरुद्ध कार्य किया। इस बीच, पलानीस्वामी के प्रतिद्वंद्वी और खुद पार्टी का समन्वयक होने का दावा करने वाले ओ पनीरसेल्वम ने कहा कि रामचंद्रन को पार्टी का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।

### न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है। शीर्ष न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान के अनुसार सोमवार को प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बैठक हुई। बयान में कहा गया है, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 26 सितंबर, 2022 को हुई अपनी बैठक में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की अनुशंसा की है। न्यायमूर्ति दत्ता को 22 जून, 2006 को स्थाई न्यायाधीश के रूप में कलकत्ता उच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था। उन्हे 28 अप्रैल, 2020 को बंबई उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

### सीबीआई में संयुक्त निदेशक के तौर पर राकेश अग्रवाल और संपत मीणा का कार्यकाल बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के तौर पर राकेश अग्रवाल और संपत मीणा का कार्यकाल बढ़ा दिया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अग्रवाल के कार्यकाल को 2 सितंबर 2022 के बाद छह महीने के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। अग्रवाल 1994 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति ने झारखंड कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी मीणा के कार्यकाल को 21 सितंबर, 2024 तक बढ़ाने को भी मंजूरी दी है।

## हम वफादार नहीं होते तो कभी गिर गई होती कांग्रेस सरकार: मुख्य सचेतक जोशी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार विधायकों द्वारा अलग से बैठक किए जाने को अनुशासनहीनता करार दिए जाने के कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन के बयान पर पलटवार करते हुए सरकार के मुख्य सचेतक डॉ महेश जोशी ने मंगलवार को कहा कि हम पार्टी के निष्ठावान लोग हैं और अगर हम वफादार नहीं होते तो राज्य की कांग्रेस सरकार कब की गिर गई होती। इसके साथ ही जोशी ने कहा कि वफादारी तो उन लोगों को साबित करनी होती है जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम लोगों की वफादारी पर कोई अगर शक खड़ा करेगा तो हम उस वफादारी को हर हाल में सिद्ध करेंगे। हमने आलाकमान के प्रति वफादारी में कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने कहा, अगर हमारी वफादारी नहीं होती तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार कब की गिर गई होती। हम पार्टी के निष्ठावान लोग हैं।

परोक्ष रूप से सचिन पायलट खेमे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हम अपनी वफादारी सिद्ध कर चुके हैं, सिद्ध तो उनको करना है जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक कराने यहां आए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी माकन ने सोमवार को कहा था कि (गहलोत के वफादार विधायकों द्वारा) विधायक दल की आधिकारिक बैठक में न आकर उसके समानांतर बैठक करना अनुशासनहीनता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार रात को मुख्यमंत्री के निवास पर होनी थी, लेकिन गहलोत के वफादार विधायक इसमें नहीं आए। इन विधायकों ने संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के बंगले पर बैठक की और फिर वहां से विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी से मिलने गए और अपने इस्तीफे उन्हें सौंपे।

## गोलवलकर को लेकर आपत्तिजनक वॉट्सऐप स्टेटस पर कांग्रेस पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज

**इंदौर।** सोशल मीडिया मंच वॉट्सऐप पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रमुख एमएस गोलवलकर को लेकर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के आरोप में इंदौर में कांग्रेस के एक पार्षद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मल्हारगंज पुलिस थाने के प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि संघ के स्थानीय स्वयंसेवक राजपाल जोशी की शिकायत पर वॉर्ड क्रमांक 58 के पार्षद अनवर कादरी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 505(2) (अलग-अलग वर्गों में दुश्मनी, घृणा या वैमनस्य फैलाने वाला कथन) और धारा 188 (किसी सरकारी अफसर का हुक्म नहीं मानना) के तहत सोमवार रात मामला दर्ज किया गया। उन्होंने प्राथमिकी के आरोपों के हवाले से बताया कि गोलवलकर को लेकर कादरी के 25 सितंबर को डाले गए आपत्तिजनक वॉट्सऐप स्टेटस से त्योहारों के दौरान सामाजिक सौहार्द्र और समरसता बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था।

## देश में 2014 से पहले चिकित्सा शिक्षा में सुधार के नाम पर कांग्रेस नेताओं ने पैसा बनाया: शाह

भाषा। अहमदाबाद



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2014 से पहले कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान पार्टी नेताओं ने स्वास्थ्य ढांचे में सुधार के बजाय चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं को उन्नत बनाने के नाम पर पैसा बनाया। गांधीनगर जिले के कलोल में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्तासीन होने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में परिदृश्य में बदलाव आया। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत या पीएम-जेएवाई योजना के तहत 60 करोड़ गरीब नागरिकों को पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार मिल रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने योजना के क्रियान्वयन के लिए जरूरी स्वास्थ्य ढांचे को खड़ा करने के लिहाज से 64,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस योजना के तहत 600 जिलों के अस्पतालों में 35,000 नए बिस्तर बढ़ाए गए हैं।

शाह ने कहा कि देश में एकीकृत प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना के लिए 1,600 करोड़ रुपए का अलग बजटीय प्रावधान किया गया है। शाह सोमवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं जहां इस साल दिसंबर में चुनाव होने हैं। शाह ने आज दो अस्पतालों की आधारशिला भी रखी। 750 बिस्तरों के एक अस्पताल का संचालन एक ट्रस्ट करेगा और 150 बिस्तर का एक और अस्पताल कलोल में बनाया जाएगा जिसका संचालन कर्मचारी राज्य बीमा योजना के हाथ में होगा। गांधीनगर से लोकसभा सदस्य शाह ने कहा, अगर अस्पतालों में डॉक्टर ही नहीं हों तो ऐसे बुनियादी ढांचे का क्या मतलब? कांग्रेस शासन में नेता चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं में सुधार के नाम पर पैसा बनाने में व्यस्त थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पद संभालने के बाद परिदृश्य को सुधारा। उन्होंने कहा कि देश में 2013-14 में निजी और सरकारी, दोनों क्षेत्रों में 387 मेडिकल कॉलेज चल रहे थे और प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से यह संख्या 600 तक पहुंच गई है। शाह ने कहा, एमबीबीएस सीटों की संख्या भी बढ़ी है। 2013-14 में 51,384 सीटें थीं जो अब बढ़कर 89,875 हो गई हैं। पीजी सीटें भी 31,185 से बढ़कर आज 60,202 हो गई हैं।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीईटी उत्तरपुस्तिका को नष्ट करने के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की उत्तर पुस्तिका (ओएमआर शीट) नष्ट करने में कथित अनियमितताओं के मामले की जांच मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया। अदालत ने इसके साथ ही पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य को इस मामले में आज रात आठ बजे तक सीबीआई के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। अदालत टीईटी परीक्षा देने वाले कुछ उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई कर रही है जिन्होंने शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने भट्टाचार्य को तय समय में सीबीआई के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि एजेंसी उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है।

# सीएम योगी ने कसी लम्पी पर लगाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



### कारगर साबित हुई योगी की रणनीति, लम्पी के प्रकोप को रोकने में सबसे सफल राज्य बनकर उभरा यूपी, देश भर में अब तक 20 लाख 57 हजार 700 पशु संक्रमित, 97 हजार की मृत्यु

**देश भर** में पशुओं पर कहर बनकर टूट रहे लम्पी स्किन डिजीज के प्रसार पर रोक लगाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति कारगर साबित हो रही है। देश के 14 राज्यों में अपने पैर पसार चुके इस वायरस के कदम यूपी में रुक गए हैं। सर्वाधिक प्रभावित छ बड़े राज्यों से अगर तुलना की जाए तो उत्तर प्रदेश इस वायरस के प्रकोप को रोकने में देश में सबसे सफ्ल राज्य बनकर उभरा है। भारत सरकार के पशु पालन और डेयरी विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस वायरस से देश भर में अब तक 20 लाख 57 हजार 700 पशु संक्रमित हैंए जबकि 97 हजार से ज्यादा पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। राज्यों के लिहाज से देखें तो सबसे खराब हालत राजस्थान के हैंए जहां 14 लाख से ज्यादा पशु इससे संक्रमित हुए हैं और 64 हजार से ज्यादा पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। पंजाब में संक्रमित हुए पशुओं की संख्या 1,73,159 है, जिनमें 17,200 पशुओं की मृत्यु हुई है और मृत्यु दर 10 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं गुजरात में 1,56,236 पशु इस वायरस से प्रभावित हुए हैं, जिनमें 5,544 की मृत्यु हुई है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में 66,333 पशु संक्रमित हुए हैं, जिनमें 2,993 मृत्यु हुई है। हरियाणा में 97,821 पशु प्रभावित हुए हैं, जिनमें मृत्यु हुई 1,941 है। जम्मू-कश्मीर में संक्रमित हुए पशुओं का आंकड़ा 32,391 हैए जिनमें 333 पशुओं की मृत्यु हुई है। वहीं उत्तर प्रदेश में अब तक 26,024 पशु इस वायरस से प्रभावित हुए हैं, जिनमें में 273 पशुओं की मृत्यु हुई है। बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जनपद लम्पी स्किन रोग से प्रभावित हैं। योगी सरकार की सजकता एवं प्रभावी कार्यवाही से पशुओं के संक्रमण से ठीक होने का प्रतिशत 64 प्रतिशत है और मृत्युदर मात्र 01 प्रतिशत है। पशुओं को इस वायरस से बचाने के लिए सरकार लगातार टीकाकरण अभियान चला रही है। इस बारे में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री जी निर्देश पर हमने कोरोना की तर्ज पर टीम 9 बनाकर नियमित समीक्षा कर रहे हैं। हमने इलाज और वैक्सिनेशन का वृहद अभियान चलाया है। इस पर काबू करने में हमें सफ्लता मिली है।

**हर जिले में होगा टीकाकरण**

इसके लिए योगी सरकार ने प्रदेश में 1126 टीमें टीकाकरण के लिए गठित की है, जिनके द्वारा प्रदेश में 50 लाख गोटपॉक्स के टीके लगाए जा चुके हैं। पशुओं को बचाने के लिए सरकार अब हर जिले में टीकाकरण की कार्यवाही करने जा रही है, जिसके तहत 10 अक्टूबर तक एक करोड़ टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 1.22 करोड़ टीके उपलब्ध हैं।

### रिंग एवं बेल्ट के माध्यम से टीकाकरण

यह डिजीज अन्य क्षेत्रों में न फैले इसलिए सरकार ने एक रणनीति बनाईए जिसके तहत सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करते हुए रिंग एवं बेल्ट के माध्यम से सघन टीकाकरण करता जा रह है। बेल्ट-1 नेपाल से मध्यप्रदेश तक 320 किमी. तथा बेल्ट-2 बुन्देलखण्ड क्षेत्र 155 किमी. तक सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है, जो 10 किमी. चौड़ा है। अर्न्तराज्यीय एवं अर्न्तजनपदीय सीमा से लगे जनपदों में सीमावर्ती/विकासखण्ड/ग्रामों को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जा रही है।

### टीम-9 का किया गठन

सरकार ने इस रोग पर नियंत्रण पाने के लिए टीम-9 का शुरूआत में ही गठन कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त जनपदों में जनपदीय एवं विकासखण्ड स्तर पर कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त संक्रमित गोवंश को स्वस्थ पशुओं से अलग किया जा रहा है।

### 76 आइसोलेशन सेंटर स्थापित

पशुओं को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 127 मोबाइल वेटेनरी यूनिट संचालित की जा रही है। गोआश्रय स्थलों के प्रभावित पशुओं को अलग रखने के लिए 76 आइसोलेशन सेंटर स्थापित किये गये हैं। बीमारी से बचाव के लिए सभी जनपदों में पर्याप्त दवायें उपलब्ध हैं।

## नड्डा ने भाजपा के राज्य प्रभारियों के साथ बैठक की

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी की ओर से नियुक्त विभिन्न राज्यों के केंद्रीय प्रभारियों के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव सहित अगले साल होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। नड्डा ने इस महीने की शुरुआत में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों व प्रमुख नेताओं को राज्यों और संघशासित प्रदेशों का प्रभार सौंपा था। प्रभारियों के साथ यह उनकी पहली बैठक थी। बैठक में संगठन महासचिव बी एल संतोष भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने और 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां के बारे में विशेष रूप से मंथन किया गया। बैठक में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब, भाजपा महासचिव अरुण सिंह, विनोद तावड़े, तरुण चुग और सुनील बंसल भी मौजूद थे। इस साल के अंत तक हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हिमाचल में जहां उसके सामने सत्ता बचाए रखने की चुनौती है, वहीं गुजरात में उसके समक्ष अपना गढ़ संभाले रखने की चुनौती है। अगले साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड और मिजोरम में चुनाव होने हैं। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, त्रिपुरा में जहां भाजपा की सरकार है।

## महाराष्ट्र के मंत्री महाजन के खिलाफ रंगदारी के आरोपों की जांच अब सीबीआई करेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन पर मारपीट और रंगदारी मांगने के लगे आरोपों की जांच करेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलगांव स्थित एक शिक्षण न्यास के निदेशक ने मंत्री पर ए आरोप लगाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 22 जुलाई को महाजन के खिलाफ जांच की सिफारिश सीबीआई से की थी और दो सितंबर को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने यह अनुशंसा जांच एजेंसी को भेजी।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत सीबीआई नए सिरे से मामला दर्ज करेगी। सबसे पहले इस मामले में जलगांव पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी और पिछले साल पांच जनवरी को जांच पुणे पुलिस ने अपने हाथ में ले ली थी। प्राथमिकी पुणे स्थानांतरित की गई क्योंकि कथित अपराध पुणे शहर में हुआ था। पुलिस ने इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता महाजन सहित 28 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।जलगांव जिला मराठा विद्या प्रसारक सहकारी समाज के निदेशक विजय पाटिल ने दिसंबर 2020 में निम्बभोर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पाटिल ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में वह और उनके सहकर्मी बड़े भाई नरेंद्र पाटिल के निर्देश पर संस्थान के पूर्व सचिव तानाजी भोइटे से संस्थान के दस्तावेज प्राप्त करने पुणे गए थे। नरेंद्र पाटिल उस समय संस्थान के अध्यक्ष थे। शिकायत के मुताबिक पुणे में एक आरोपी नीलेश भोइटे ने कथित तौर पर पाटिल से कहा कि वह, उसे संस्थान को सौंप दे क्योंकि महाजन की इसमें रुचि है। प्राथमिकी के मुताबिक उसने महाजन को वीडियो कॉल भी की, जिन्होंने पाटिल को कथित तौर पर कहा कि सभी निदेशक अपना इस्तीफा दे दे और जिम्मेदारी नीलेश भोइटे को सौंप दे।

## 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ के कारोबार का लक्ष्य: राजनाथ



आगामी होने वाले डिफेंस एक्सपो 22 की तैयारी की समीक्षा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य रखा है और सैन्य उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योगों को समर्थन देने के प्रयासों के तहत घरेलू कंपनियों से सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए इस साल के रक्षा बजट में लगभग 85,000 करोड़ रुपए की राशि अलग से रखी है। सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय अलग-अलग समयसीमा के बाद 309 रक्षा वस्तुओं का आयात न करने से संबंधित तीन सूची पहले ही जारी कर चुका है।

उन्होंने रक्षा उत्पादन के लिए रणनीतिक साझेदारी मॉडल पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य देश में लड़ाकू जेट, सैन्य हेलीकॉप्टर, टैंक और पनडुब्बियों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) की वार्षिक आम बैठक में उन्होंने कहा, हमें बस चलते रहना है, बिना थके चलते रहना है। भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश को पिछले वित्त वर्ष में कुल 83.57 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत में निवेश करने को लेकर दिलचस्पी दिखा रही है क्योंकि देश एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। सिंह ने कहा, यह दर्शाता है कि अब बहुत तेज गति से आगे बढ़ने का समय है।

### सेना ने चीन से लगी सीमाओं पर कई तरह के रॉकेट और तोपें तैनात कर गोलाबारी की क्षमता बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सेना ने चीन से लगी सीमा पर कई तरह के रॉकेट और तोपें तैनात कर गोलाबारी की अपनी ताकत में काफी इजाफा किया है। साथ ही, इसकी योजना और 100, के-9 वज्र होवित्जर और मानव रहित यान(यूएवी) सहित बड़ी संख्या में अतिरिक्त सैन्य उपकरण खरीदने की है। भारतीय थल सेना की तोपखाना इकाइयां, के-9 वज्र ट्रैक्ड सेल्फ प्रोपेल्ड होवित्जर , अत्यधिक हल्के एम-777 होवित्जर, पिनाका रॉकेट प्रणालियां और धनुष तोप प्रणालियां पहले ही तैनात कर चुकी हैं। रक्षा प्रतिष्ठान सूत्रों ने बताया कि सेना की योजना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी तोपखाना इकाइयों को 90 किमी की रेंज वाले मानव रहित यान से लैस करने की है। एक सूत्र ने बताया, हम 15-20 किमी की दूरी तय करने वाले और चार घंटों तक 80 किमी के दायरे में निगरानी करने वाले मानव रहित यान खरीदने पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि सेना 100 और के-9 वज्र होवित्जर की नई खेप हासिल करने वाली है। यह 2017 में इस तरह की 100 तोपों के लिए दिए गए ऑर्डर के अतिरिक्त होगी। सूत्र ने कहा, रक्षा खरीद परिषद ने 100 और के-9 वज्र का आर्डर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अनुरोध प्रस्ताव जल्द ही जारी किया जाएगा। के-9 वज्र को मुख्य रूप से रेगिस्तानी क्षेत्र में तैनात करने के लिए खरीदा गया था लेकिन पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद सेना ने काफी संख्या में होवित्जर को अधिक उंचाई वाले क्षेत्र में तैनात किया है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त तृणमूल कांग्रेस को घेरने के लिए नई रणनीति बना रही है भाजपा

भाषा। कोलकाता

**अंदरूनी** झगड़ों, नेताओं, पदाधिकारियों के दल-बदल आदि से जूझ रही भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी और केन्द्रीय एजेंसियों की छापेमारी झेल रही सत्तारूढ़ तृणमूल को चुनौती देने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रही है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में मिली हार से आहत भाजपा राज्य में सत्ता पाने के लक्ष्य से तृणमूल कांग्रेस को घेरने का प्रयास कर रही है और पार्टी के महासचिव सुनील बंसल को आशा है कि नई रणनीति राज्य में पार्टी में नई जान फूंकने में सक्षम होगी। बंसल ने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी की स्थिति सुधरेगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई बड़ी समस्या है। जो भी मुद्दे हैं, उनका समाधान निकाल लिया जाएगा।

# जयशंकर, ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग पर चर्चा की

भाषा। वाशिंगटन



**विदेश मंत्री एस जयशंकर** और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि इससे एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत का योगदान बढ़ेगा। वाशिंगटन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर सोमवार को ऑस्टिन से मुलाकात के लिए पेंटागन गए थे। पेंटागन ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका अपनी साझेदारी में एक और उन्नत चरण की ओर बढ़ रहे हैं। ऑस्टिन और जयशंकर ने अमेरिका और भारतीय सेनाओं के बीच गहन संचालनगत समन्वय के लिए सूचना-साझाकरण और रसद सहयोग के विस्तार को लेकर प्रतिबद्धता जताई। पेंटागन ने कहा, उन्होंने (जयशंकर और ऑस्टिन ने) एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत के योगदान के समर्थन में द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के नए अवसरों पर भी चर्चा की, जिसमें इस साल के अंत में एक नया रक्षा संवाद शुरू करना शामिल है क्योंकि अमेरिका और भारत अंतरिक्ष, साइबर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और यूरोपीय भागीदारों के बीच गहन सहयोग के मूल्य को रेखांकित किया। पेंटागन में विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए ऑस्टिन ने हाल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ फोन पर हुई अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि ए बातचीत दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी और आकांक्षाओं को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा, इन सब से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हमारी सेनाएं तैयार हैं। ऑस्टिन ने कहा, मैं आपकी मित्रता का आभारी हूं और हम एक मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत के अपने साझा दृष्टिकोण की दिशा में मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में एक शानदार बातचीत की आशा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा को बनाए रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हाल के महीने में हमने चीन को नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय अदालत को चुनौती देने का प्रयास करते, ताइवान की खाड़ी और आसपास अप्रत्याशित उकसावे वाली कार्वाई करते देखा है। विदेश मंत्री और ऑस्टिन ने इस बात पर सहमति व्यक्त की है कि इस साल विशेषकर हिंद-प्रशांत में चुनौतियों के कारण वैश्विक चुनौतियां बढ़ गई हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों विशेषकर रक्षा संबंधों में और मजबूती लाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं की यह टिप्पणी क्षेत्र में चीन के लगातार बढ़ते धौंस जमाने वाले रवैए के बीच आई है। इस दौरान वह अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन समेत अमेरिकी कैबिनेट के कई मंत्रियों के साथ विचार विमर्श करेंगे।

जयशंकर ने यहां पेंटागन में सोमवार को ऑस्टिन के साथ बैठक में अपने शुरुआती संबोधन में कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस समय विभिन्न कारणों से विशेषकर हिंद-प्रशांत के कारण वैश्विक स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हिंद-प्रशांत की स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित की जाए। इसके लिए दो देशों के बीच सहयोग सबसे अच्छा उपाय है। चीन विवादित दक्षिण चीन सागर में लगभग सभी हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों का दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। पूर्वी चीन सागर में चीन का जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद भी है। जयशंकर ने कहा कि उनका मानना है कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग हमारे समकालीन संबंधों का आधार है।

# रूस ने संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे जापानी राजनयिक को हिरासत में लिया

**मॉस्को।** रूस ने अपने पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक में पदस्थ एक जापानी राजनयिक को संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने की कोशिश के आरोप में हिरासत में लिया है। रूसी समाचार एजेंसियों ने यह जानकारी दी। वहीं, जापान ने जासूसी के आरोपों में जापानी वाणिज्य दूतावास के एक अधिकारी को हिरासत में लेने के आरोपों को खारिज करते हुए रूसी अधिकारियों पर अपमानजनक तरीके से पूछताछ करने का आरोप लगाया और रूस से मामले में माफी की मांग की। रूस की एजेंसियों ने एफएसबी के हवाले से एक खबर में कहा था, संवेदनशील जानकारी लेते हुए जापान के एक राजनयिक को रंगे हाथों पकड़ा गया है। वह रूस के बारे में ऐसी जानकारी हासिल कर रहा था, जिसे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में किसी अन्य देश के साथ साझा करने पर रोक है।

समाचार एजेंसियों के अनुसार, रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने आरोप लगाया कि व्लादिवोस्तोक में पदस्थ वाणिज्य दूत मोतोकी तत्सुनोरी ने पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव से जुड़ी जानकारी भी हासिल करने की कोशिश की। वहीं, जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक अधिकारी को 22 सितंबर को हिरासत में लिया गया था और उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर पूछताछ की गई थी, उनके साथ बदसलूकी की गई और हम इसका विरोध करते हुए माफी की मांग करते हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को मॉस्को में जापान के दूतावास को सूचना दी थी कि अधिकारी को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और गैरकानूनी जासूसी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते उसे 48 घंटे में देश छोड़ने को कहा गया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने पत्रकारों से कहा कि रूस द्वारा की गई कार्रवाई पूरी तरह से आधारहीन है। मात्सुनो ने बताया कि जापान के उप विदेश मंत्री ताकियो मोरी ने रूसी राजदूत को तलब कर इस घटना पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है।

# यूक्रेन में रूसी नियंत्रण वाले इलाकों में जनमत संग्रह के लिहाज से कराया जा रहा चुनाव संपन्न

**कीव।** यूक्रेन में रूस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में जनमत संग्रह के लिहाज से हो रहे चुनाव का आज अंतिम दिन है। इस चुनाव के तहत हो रहा जनमत संग्रह नियंत्रण वाले क्षेत्रों को रूस में शामिल होने की भूमिका साबित होगा। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने इस पूरी कवायद को दिखावा बताते हुए नकार दिया है। क्रेमलिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बेहद रूखे शब्दों में चेतावनी जारी की है कि रूस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में यूक्रेन की बढ़त को रोकने के लिए रूस परमाणु हथियार का उपयोग करने को तैयार है। रूसी नियंत्रण वाले क्षेत्रों के लोग रूस में शामिल होना चाहते हैं या नहीं, इस मुद्दे को लेकर पांच दिन चला यह मतदान, कैसा भी रहा हो लेकिन निष्पक्ष और स्वतंत्र बिल्कुल नहीं था। क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पलायन कर गए हैं और साझा की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रूसी सेना के सशस्त्र सैनिक घर-घर जाकर यूक्रेनी नागरिकों पर वोट डालने के लिए दबाव बना रहे हैं।

# ब्लिंकन, बिलावल ने भारत के साथ जिम्मेदारीपूर्ण संबंध के महत्व पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के बीच बातचीत के दौरान भारत के साथ जिम्मेदारीपूर्ण संबंध के महत्व और इस्लामाबाद पर चीन के बढ़ते कर्ज के समाधान के मुद्दे पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में बैठक के दौरान ब्लिंकन ने यह भी कहा कि अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद से मुकाबले के मुद्दे पर काम करते रहेंगे। ब्लिंकन ने अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों के 75 साल पूरे होने पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज हमारी चर्चा में हमने भारत के साथ जिम्मेदारीपूर्ण संबंध के महत्व पर बात की और हमने अपने सहयोगी से कर्ज राहत तथा इससे जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चीन को शामिल करने को कहा ताकि पाकिस्तान बाढ़ से हुए नुकसान से जल्द उबर सके। कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। पांच अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते और बिगड़ गए।

इस फैसले के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने राजनयिक संबंध घटा दिए और भारतीय राजदूत को निष्कासित कर दिया। इसके बाद से पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध में कोई सुधार नहीं हुआ है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने लोकतंत्रिक देश के रूप में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने, धर्म की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मूल मूल्यों को बनाए रखने के महत्व के बारे में भी बात की। बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों में न केवल लचीलापन है बल्कि यह समय की कसौटी पर खरे भी उतरे हैं।

# आईएईए और ईरान के अधिकारियों ने वियना में की बैठक

**बर्लिन।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी इकाई के प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईरान में अघोषित स्थलों पर पाए गए मानव निर्मित यूरेनियम कणों की चल रही जांच को लेकर वियना में अपने ईरानी समकक्ष से मुलाकात की। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने सोमवार रात ट्वीट किया, लंबित सुरक्षा उपायों के मुद्दों पर स्पष्टीकरण को लेकर ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू हो गई है। ग्रॉसी ने कहा कि उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी से मुलाकात की। बयान के साथ अपनी, इस्लामी और अन्य वार्ताकारों की तस्वीर डाली। आईएईए वर्षों से यूरेनियम कणों के बारे में अपने सवालों के जवाब ईरान से मांगती रही है। जांच का विषय इस्लामिक गणराज्य और विश्व शक्तियों के बीच 2015 के समझौते को पुनर्जीवित करने से संबंधित बातचीत में एक महत्वपूर्ण बिंदु रहा है।

# संरा सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत-जापान का समर्थन करेगा श्रीलंका: विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत-जापान के प्रयास का समर्थन करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो अबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे फिलहाल जापान में हैं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी से मंगलवार को एक मुलाकात के दौरान विक्रमसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका को जापान की ओर से मुहैया कराए गए समर्थन की सराहना की। विज्ञप्ति के मुताबिक विक्रमसिंघे ने कहा कि उनकी सरकार संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने के लिए चलाए गए दोनों देशों (भारत-जापान) के अभियान का समर्थन करने की इच्छुक है।

सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से चलाए जा रहे प्रयास को लेकर भारत काफी सक्रिय रहा है। भारत का कहना है कि वह सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हकदार है और सुरक्षा परिषद का मौजूदा प्रारूप 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकता को नहीं दर्शाता। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्य और 10 अस्थाई सदस्य देश हैं। अस्थाई सदस्यों का चयन दो वर्ष की अवधि के लिए संरा महासभा द्वारा किया जाता है। पांच स्थाई सदस्यों में रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका शामिल हैं और इन देशों के पास वीटो अधिकार होता है, जिससे वह किसी प्रस्ताव को चाहें तो रोक सकते हैं। सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्यों में फिलहाल भारत भी है, लेकिन इसका कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो जाएगा।

# कर धोखाधड़ी मामले में घिरे इटली के पूर्व पीएम सिल्वियो बर्लुस्कोनी करीब एक दशक बाद फिर सांसद निर्वाचित

**रोम।** कर धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहराए जाने के चलते लगी रोक के करीब एक दशक बाद इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी एक बार फिर सांसद (सीनेटर) के रूप में निर्वाचित होकर संसद पहुंचे हैं। तीन दशक तक इटली की राजनीति में दबादबा रखने वाले बर्लुस्कोनी रविवार को मोंजा सीट से 50 फीसदी से अधिक वोट पाकर इटली की संसद के ऊपरी सदन के लिए चुने गए। उनकी पार्टी फोर्जा इटालिया 2018 के आम चुनाव जैसा प्रदर्शन नहीं कर सकी। रोम के मर्केटरम विवि में राजनीतिक विश्लेषक मस्सीमिलानो पनरारी ने कहा, एक बार फिर निर्वाचित होना बर्लुस्कोनी के लिए निजी तौर पर बदला लेने के समान है क्योंकि वह सभी तरह की न्यायिक दिक्कतों से पार पाकर संसद पहुंच रहे हैं। 2013 में, सीनेट ने बर्लुस्कोनी को उनके मीडिया व्यवसाय से संबंधित कर धोखाधड़ी मामले में मिली सजा के कारण निष्कासित कर दिया था।

# स्पेन में कर धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करेंगी शकीरा

**बार्सिलोना।** स्पेन के एक न्यायाधीश ने मंगलवार को कर धोखाधड़ी के आरोप में कोलंबियाई पॉप गायिका शकीरा के खिलाफ मुकदमे की मंजूरी दे दी। स्पेनिश अभियोजकों ने 2018 में गायिका पर 2012 और 2014 के बीच अर्जित आय पर 1.45 करोड़ यूरो (1.39 करोड़ डॉलर) के कर का भुगतान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अभियोजक कर चोरी के दोषी पाए जाने पर आठ साल की जेल की सजा और भारी जुर्माना की मांग कर रहे हैं। शकीरा (45) कोई भी गलत काम से बार-बार इनकार करती रही हैं और मुकदमे से बचने के लिए अधिकारियों के साथ एक समझौते के प्रस्ताव को उन्होंने खारिज कर दिया था। उनके लिए जनसंपर्क का काम देखने वाली कंपनी ने कहा कि उन्होंने (शकीरा ने) पहले ही समूचा बकाया चुका दिया है और ब्याज के तौर पर 30 लाख यूरो (28 लाख डॉलर) का भी भुगतान किया है। मुकदमे की तारीख अभी तय नहीं हुई है। मामला 2012-14 के दौरान का है जब शकीरा वहां रहती थीं। बार्सिलोना में अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि ग्रैमी विजेता ने उस अवधि में आधे से अधिक समय स्पेन में बिताया और उन्हें देश में करों का भुगतान करना चाहिए था, भले ही उनका आधिकारिक निवास बहामास में था। शकीरा का पूरा नाम शकीरा इसाबेल मेबारक रिपोल है और वह तबसे स्पेन से जुड़ी हैं जब वह फुटबॉल खिलाड़ी गेरार्ड पिक के साथ रिश्ते की शुरुआत कर रही थीं। युगल बार्सिलोना में रहता था और उनके दो बच्चे भी हैं हाल ही में उन्होंने अपना 11 साल पुराना रिश्ता खत्म कर लिया था।

**NOTICE**
**In The Court Of The LD. District Delegate (Civil Judge Senior Division) at Siliguri**
**Ref: Misc Judicial (Prob) Case No.13/2021**
**Sri Sandyp Bhattacharya**
Son of Late Dilip Kumar Bhattacharya
Resident of Flat No.602, Carnation Tower, Omaxe Green Valley, Sector 41 & 42, P.O. Amar Nagar, P.S. Surajkund, Faridabad,Haryana 121003.- **Petitioner**
Be it known to all that the above named Petitioner has filed the case under reference for granting probate of the WILL of the deceased Late Dilip Kumar Bhattacharya who died on 09-08-2019 at Flat No.602, Carnation Tower, Omaxe Green Valley, Sector 41 & 42, P.O. Amar Nagar, P.S. Surajkund, Dist. Faridabad, Haryana 121003 & is the date fixed for hearing, on 05.11.2022 Persons interested may either personally or through lawyer appear in the case on the given date with all papers failing which the case will be hcard ex-parte.
**Given under hand and seal of this Court this the 05 day of Agust 2022.**
**By Order**
**Ajay Kumar Sarkar**
**Shristadar**
**Civil Judge, Senior Division Court SILIGURI**

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 38 अंक टूटा



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट आई और धातु, बैंक और वित्तीय शेयरों में नुकसान से सेंसेक्स करीब 38 अंक टूटकर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों के बाजार से पैसा निकालने की वजह से निवेशक सतर्क बने हुए हैं। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स एक समय 560 अंक तक उछल गया था। लेकिन अंत में यह केवल 37.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,107.52 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 8.90 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 17,007.40 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील सबसे ज्यादा 2.25 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक तथा एचडएफसी लि. नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, डॉ. रेड्डीज, एचसीएल टेक और नेस्ले इंडिया शामिल हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 नुकसान में जबकि 12 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सुरक्षित माने जाने वाले डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। इससे घरेलू बाजार में गिरावट जारी है। हाल में बैंक और वाहन शेयर लाभ में रहे थे, लेकिन अब उनमें भी गिरावट का रुख है। आईटी और दवा कंपनियों के शेयर मजबूती दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, कच्चे तेल के दाम में नरमी है। हालांकि यह आशंका है कि तेल निर्यातक देशों के संगठन और उनके सहयोगी देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी को देखते हुए उत्पादन में कटौती कर सकते हैं। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। कोटक सिक्योरिटीज लि. में इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव रहा...धातु और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली जारी रही।

# एडीबी एशिया-प्रशांत क्षेत्र में खाद्य संकट से निपटने के लिए 14 अरब डॉलर देगा

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में गहराते खाद्य संकट से पार पाने में मदद के लिए 2025 तक संबंधित परियोजनाओं के लिए 14 अरब डॉलर देगा। एडीबी ने कहा कि क्षेत्र में गरीबी और खाने के सामान के बढ़ते दामों के कारण स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा खाना खाने से वंचित 1.1 अरब लोगों की मदद के लिए उसने व्यापक कार्यक्रम की योजना बनाई है। फिलिपीन स्थित बहुपक्षीय संस्थान ने सालाना बैठक के दौरान यह घोषणा की। एडीबी के अध्यक्ष मासत्सुगु असाकावा ने कहा, यह खाद्य संकट से पार पाने के लिए समय पर उठाया गया ऐसा कदम है जिसकी तत्काल जरूरत थी। इस संकट से एशिया में बहुत से गरीब परिवार खाने से वंचित हो रहे हैं और गरीबी में फंसते जा रहे हैं।

योजना में जलवायु परिवर्तन और जैवविविधता के नुकसान से पार पाने को लेकर खेती और खाद्य आपूर्ति को मजबूत करके दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में सुधार पर भी जोर दिया गया है। एडीबी ने कहा कि कोष का उपयोग खेती, खाद्य उत्पादन और वितरण, जल संसाधन प्रबंधन तथा सामाजिक समर्थन से संबंधित मौजूदा और नई परियोजनाओं में किया जाएगा।

असाकावा ने कहा कि अल्पकाल में समर्थन का लक्ष्य संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित लोग यानी महिलाएं हैं। उन्होंने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आर्थिक परिदृश्य बदतर हुआ है। कई जिंसों के दाम बढ़े हैं और कई विकासशील देशों में मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट तथा ब्याज दर बढ़ने के कारण आर्थिक परिवेश कठिन हुआ है। एडीबी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में क्षेत्र के लिए वृद्धि के अनुमान को कम कर 4.3 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 5.2 प्रतिशत था। अगले साल इसके 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

## चीन खुद को अलग-थलग महसूस करेगा भारत के लिए अवसर बढ़े : गौतम अडाणी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडाणी का मानना है कि बढ़ते राष्ट्रवाद और आपूर्ति श्रृंखला और प्रौद्योगिकी से संबंधित अंकुशों के कारण चीन खुद को अलग-थलग महसूस करने लगेगा। चीन में प्रौद्योगिकी संबंधी प्रतिबंधों से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को खतरा है। अडानी समूह के संस्थापक-चेयरमैन ने मंगलवार को सिंगापुर में एक सम्मेलन में कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना का कई देशों में विरोध हो रहा है। मेरा अनुमान है कि वैश्वीकरण के चैंपियन के रूप में देखा जाने वाला चीन तेजी से अपने आपको अलग-थलग महसूस करेगा। बढ़ते राष्ट्रवाद, आपूर्ति श्रृंखला जोखिम और प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों का प्रभाव पड़ेगा। अडाणी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि ए सभी अर्थव्यवस्थाएं समय के साथ फिर से पटरी पर आ जाएंगी और मजबूती से वापसी करेंगी। इस बार अर्थव्यवस्था में वापसी अधिक कठिन लग रही है।

**PUBLIC NOTICE**
Be it known to all concerned that Shop no. 4, Sector-12, R.K. Puram, New Delhi-110022 is pending litigation between the owner Mrs. Rati Khanna, w/o. Late Rajan Khanna (Advocate), r/o. Pocket-52 , House No.94, 2nd floor, C.R. Park, New Delhi-110019 and the tenant Mr. Rajesh Kalia, s/o. Late J.R. Kalia, having his business under the name and style of M/s. Sakar Studio at Shop No. 19, Sector-12, R.K. Puram, New Delhi-1110022. The court of Sh. Satyabrata Panda, Ld. Additional District Judge (District New Delhi) has been pleased to pass an order restraining Shri Rajesh Kalia (tenant in possession) to deal with the said property in any manner whatsoever. Anybody Dealing With The Said Property Is Hereby Warned Not Deal With Shri Rajesh Kalia Or Any Body Acting On His Behalf Regarding This Shop/property. Anybody doing so shall be doing it on his own costs and consequences.
**SUNCHIT KHANNA Advocate Chamber No. 354, Lawyer's Block Delhi High Court, Sher Shah Road, New Delhi - 110003**

**PUBLIC NOTICE**
Be it known lo the public at large that my client Babu Lal S/o Bhop Singh R/o 12/21, Block-12,Tirlok Puri, Patparganj,East Delhi-110091 has disowned his son Tilak Raj S/o Babu Lal R/o 12/21, Block-12 Tirlok Puri Patparganj, East Delhi-110091 from his all movable and immovable property. My client has no concerned with his said son and will not be responsible for his any act done by him or on his behalf .
**SHAFIULLAH (ADVOCATE)**
Chamber No. 588
Patiala House,
New Delhi - 110001

**Public Notice**
This is to inform general public that Mr. Chandan Kumar & Mrs. Jyoti Kumari have acquired the Entire Second floor, without roof rights, "said floor" on built up property bearing no. G-1/589, area measuring 100 sq. yds. i.e. 83.6 sq. mtrs. Approx., out of Khasra no. 76/19, situated in the area of village Hastal, Delhi state colony known as G-1 Block, Uttam Nagar, New Delhi vide Sale Deed dated 02.08.2018 Doc. no. 18177 executed by Mr. Birbal Aggarwal & Mrs. Poonam and Now, Mr. Chandan Kumar & Mrs. Jyoti Kumari are intending to sell the above said property to Mr. Manish Kumar & Mrs. Pratimala and Further, Mr. Manish Kumar & Mrs. Pratimala are mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
It is hereby brought to the notice of public at large on behalf of my client that Original/Photocopies of below mentioned sale deeds for land admeasuring 9.5342, Hectare situated at revenue village Bhatiyapura, Prathipur Tehsil Tilhar, Paragna Nigohi and District Shahjahanpur U.P. are not lost and not available with present owner, Malbros International Private Limited, the said deeds are sale Deed No. No.1636 dated 19/02/2013, Deed No. 5179 dated 16/08/2007, Deed No 5424 dated 10/06/2011, Deed no 1148 dated 27/02/2004, Deed No 3973 dated 09/05/2011 Deed No. 10962 dated 29/12/2012, Deed No. 3379 dated 30/05/2008, Deed No. 4689 dated 01/06/2009 deed of 10/05/1999, , Deed No. 1637 dated 28/11/2002, Deed No. 4601 dated 07/06/2001,

Deed No.10963 dated 29/12/2012, Deed No. 4406 dated 07/07/2007, Deed No. 5040 dated 03/08/2004, Deed No. 11005 dated 31/12/2012, Deed No. 4393 dated 06/07/2007, Deed No. 4587 Dated 20/06/2001, Deed No. 4615 dated 08/06/2001, Deed No. 4585 dated 20/06/2001, Deed No. 5052 dated 21/06/2001, Deed No. 4589 dated 07/06/2001, Deed No. 4604 dated 07/06/2001, Deed No. 4590 dated 07/06/2001, Deed No. 4539 dated 30/08/1995, Deed No. 3165 dated 19/06/2000, Deed No. 8379 dated 28/11/2002, Deed No. 2718 dated 07/05/2004, Deed No.3777 dated 11/05/2010, Deed No. 11006 dated 31/12/2012, dated 10/05/1999, Deed No. 97 dated 12/01/1994, Deed No. 1950 dated 27/06/1994, Deed No. 2224 dated 22/03/2010, Deed No. 3069 dated 04/04/2013, dated 10/05/1999, Deed No. 3379 dated 30/05/ 2008, Deed No. 2756 dated 16/02/2019.

The Public at large is hereby informed that owner of aforesaid land admeasuring 9.5342 Hectare situated at revenue village Bhatiyapura, Prathipur Tehsil Tilhar, Paragna Nigohi and District Shahjahanpur U.P. has availed/shall avail credit facilities from HDFC Bank Ltd. against security of the aforementioned land with publication of this notice.
Any person, who comes in knowledge or possession of aforementioned original sale/ title deeds, may please return the same to above mentioned property addresses or at below mentioned addressee.
Any person or authority dealing with the said deeds and / or the aforesaid land 9.5342 Hectare, and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid land, on the basis of said sale/title deeds or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of publication of this Notice.
**Sushil Kumar Singh (Advocate)**
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

## कैस्ट्रॉल इंडिया ने मेकैनिक्स के लिये ट्रेनिंग शुरू की

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट में मेकैनिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हालांकि नई ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज में मेकैनिक्स के पर्याप्त ढंग से प्रशिक्षित न होने से काफी दिक्कतें आती हैं। भारत की प्रमुख लुब्रिकेंट कंपनी कैस्ट्रॉल ने प्रासंगिक व्यावसायिक और सामाजिक पहलों से मेकैनिक समुदाय को लगातार सहयोग दिया है। मेकैनिक्स के कौशल को बढ़ाने के लिए और प्रदूषण.रहित तथा ज्यादा स्थायित्वपूर्ण यातायात को अपनाने में योगदान के लिये कैस्ट्रॉल इंडिया ने मेकैनिक्स के लिये एक अनूठा ट्रेनिंग प्रोग्राम पेश किया। इस पहल के बारे में कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप सांगवान ने कहा कि हमने व्यवसाय और सामाजिक लिहाज से विभिन्न पहलों द्वारा हमेशा मेकैनिक समुदाय को सहयोग दिया है, चाहे कैस्ट्रॉल सुपर मेकैनिक कॉन्टेस्ट हो या हमारा कैस्ट्रॉल एकलव्य। स्वतंत्र ऑटो मेकैनिक्स के लिये हमारे ट्रेनिंग प्रोग्राम्स खास तरीके से डिजाइन किये गये हैं, ताकि नई ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज पर उन्हें जानकारी दी जा सके और उन्हें बदलते ट्रेंड्स पर अपडेट रखने में मदद मिले।

## मोबिल ने विक्रम वेधा के साथ साझेदारी की

**मुंबई।** भारत में इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड मोबिल ने बहुप्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा के साथ साझेदारी की है। विक्रम वेधा 30 सितम्बर को दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में रिलीज़ होने जा रही है। ऋतिक रौशन, सैफअली खान और राधिका आप्टे के अभिनय से सजी इस बहु-प्रतीक्षित फिल्म के साथ जुड़कर मोबिल इंसानों की प्रगति को बढ़ावा देनेए उनमें आत्मविश्वास पैदा करने और ग्राहकों को उनकी असली क्षमता पहचानने की अपनी ब्रांड वैल्यू पर जोर देना चाहता है। विक्रम वेधा एक ऐक्शनथ्रिलर है जिसके लेखक और डायरेक्टर पुष्करगायत्री हैं। विक्रम वेधा की कहानी कई रोमांचक ट्विस्ट और टर्न्स से भरी है क्योंकि इसमें एक कड़क पुलिस ऑफिसर विक्रम सैफ अली खान एक खतरनाक गैंगस्टर वेधा ऋतिक रौशन का पता लगाने और उसका पीछा करने के लिए तैयार है। अंत में यह बिल्ली और.चूहे की दौड़ साबित होती है। इस सहयोग के विषय में एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओए विपिन राणा ने कहा कि अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में सपोर्ट करने के लिए हमारी मजबूत प्रतिबद्धता ही वह बुनियादी मूल्य है जो हमारे बिजनेस को परिभाषित करता है।

# गूगल इंडिया की नीति प्रमुख अर्चना गुलाटी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** गूगल इंडिया की सरकारी मामलों और सार्वजनिक नीति की प्रमुख अर्चना गुलाटी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह सरकारी सेवा छोड़ने के बाद सिर्फ पांच महीने पहले गूगल के साथ जुड़ी थीं। अर्थशास्त्र स्नातक और आईआईटी दिल्ली से पीएचडी गुलाटी इससे पहले नीति आयोग में संयुक्त सचिव (डिजिटल संचार) थीं। नीति आयोग एक सरकारी थिंक टैंक है, केंद्र सरकार को नीति पर सलाह देता है। मामले से परिचित सूत्रों ने बताया कि गुलाटी ने गूगल इंडिया से इस्तीफा दे दिया है। इस बारे में संपर्क करने पर गुलाटी और गूगल, दोनों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अभी तक यह पता नहीं चला है कि उन्होंने गूगल से इस्तीफा क्यों दिया। गुलाटी का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब गूगल भारत में कई मामलों और सख्त तकनीकी नियमन का सामना कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), जहां गुलाटी ने पहले काम किया था, स्मार्ट टीवी बाजार में गूगल के व्यापार आचरण, इसके एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम और साथ ही ऐप भुगतान प्रणाली की जांच कर रहा है।

## पूरे पूर्वोत्तर को 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगाः चंद्रशेखर

**कोहिमा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि पूरे पूर्वोत्तर को 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा और नगालैंड के हर हिस्से में इंटरनेट की सुविधा होगी। चंद्रशेखर ने नगालैंड की तीन दिन की यात्रा के अंतिम दिन दीमापुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी भारतीयों को जोड़ने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में नगालैंड और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में 4जी इंटरनेट होगा। उन्होंने कहा, नगालैंड के हर हिस्से को इंटरनेट की सुविधा मिलेगी, जिसमें बीएसएनएल और निजी कंपनियां अहम भूमिका निभा रही हैं। दीमापुर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक में केंद्रीय उद्यमिता और कौशल विकास राज्यमंत्री चंद्रशेखर ने जोर देकर कहा कि किसी भी जिले के लिए कौशल प्रयासों को क्षेत्र के युवाओं की पसंद के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।

# पूनावाला ने टीकों के वैश्विक प्रमाणीकरण के लिए पहल की

**सिंगापुर।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसे बहुपक्षीय संगठनों को किसी अन्य महामारी से पूर्व टीकों के प्रमाणीकरण पर सामंजस्य स्थापित करना चाहिए। पूनावाला ने सोमवार को सिंगापुर में फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ सम्मेलन में यह स्पष्ट करते हुए कहा, मैं इसका (ऐसी प्रमाणन संधि) प्रस्ताव कर रहा हूं। उन्होंने यहां सम्मेलन से इतर कहा, संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूटीओ जैसे बहुपक्षीय संगठनों को टीकों के प्रमाणन में सामंजस्य स्थापित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पूनावाला ने कहा, अगर हम भविष्य में तैयार रहना चाहते हैं, तो दुनिया को इसकी जरूरत है। उन्होंने वैश्विक नेताओं द्वारा जलवायु संबंधी संधियों पर सहमति का उदाहरण देते हुए कहा कि मुझे यकीन है कि भारत इस तरह की एक महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व करने में अपनी भूमिका निभाएगा। सीमा पार से टीकों की आपूर्ति के दौरान आने वाली बाधाओं का हवाला दिया। महामारी की शुरुआत में वैक्सीन प्रमाण पत्र और नैदानिक परीक्षण के कागजात स्वीकार नहीं किए जा रहे थे। पूनावाला ने एसआईआई की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया, जो मानव जाति की भलाई और व्यवसाय में विविधता लाने पर केंद्रित हैं।

**सार्वजनिक सूचना**
एतद्द्वारा जनता को यह सूचना दी जाती है कि मेरे क्लाइंट **एक्सिस बैंक लिमिटेड**, जिसकी एक शाखा बी-1/633, दूसरी मंजिल, जनकपुरी, मेट्रो पिलर नंबर 566 के सामने, नई दिल्ली-110058 में है, श्री हरप्रीत सिंह, को ऋण सुविधा प्रदान करने का इरादा रखता है। जो जो मार्ग, सुगमता और लाभ के अधिकार के साथ भू-तल में अविभाजित आनुपातिक स्वामित्व अधिकार सहित भूतल की सुरक्षा के विरूद्ध ऋण सुविधा (इसके बाद "**सैड पोरशन**" के रूप में संदर्भित) जो कि लॉट नंबर 17, ब्लॉक-जे-11 पर निर्मित जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर है। जो ग्राम तातारपुर, नई दिल्ली-110027 जो राजौरी गार्डन के रूप में जानी जाने वाली आवासीय कॉलोनी में स्थित है। (इसके बाद "**सैड प्रोपर्टी**" के रूप में संदर्भित)।
श्री नरेश हांडा पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश हांडा अपने जीवनकाल के दौरान SR II जनकपुरी, दिल्ली के साथ दिनांक 22.01.2020 को दस्तावेज संख्या 1269 के रूप में रिकॉर्ड किए गए विधिवत पंजीकृत विभाजन डीड दिनांक 22.01.2020 के आधार पर उक्त हिस्से के मालिक थे। इसके बाद, श्री नरेश हांडा की दिनांक 05.05.2021 को निर्वसीयत मृत्यु हो गई और उनकी पत्नी श्रीमती शांता हांडा 20.11.2019 को निम्नलिखित कानूनी वारिसों को पीछे छोड़ते हुए अर्थात 1) श्री केविन हांडा (पुत्र) और 2) श्रीमती लिसा बोस्की हांडा (बेटी) जो अब श्री नरेश हांडा के निधन के परिणामस्वरूप हिंदू उत्तराधिकार कानून के माध्यम से उक्त हिस्से का एकमात्र सह-मालिक होने का दावा करते है। स्वर्गीय श्री नरेश हांडा और श्रीमती शांता हांडा (पत्नी) और जीवित सदस्यों के प्रमाण पत्र दिनांक 01.06.2022 के आधार पर, राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी किया गया और पूर्वोक्त कानूनी उत्तराधिकारियों ने उक्त संपत्ति के भूतल और प्रथम तल के संबंध में पहले श्रीमती रीता हांडा के पक्ष में अप्रैल 2022 को एक मुख्तारनामा खास निष्पादित किया। को निष्पादित किया। और बाद में उन्होंने श्रीमती साधना जौहर के पक्ष में जुलाई 2022 को एक और विशेष मुख्तारनामा निष्पादित किया। इसलिए, श्रीमती साधना जौहर संबंधित उप पंजीयक कार्यालय के समक्ष निष्पादन एवं पंजीकरण हेतु उक्त भाग से संबंधित विक्रय विलेख प्रस्तुत करेगी। यदि किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उपर्युक्त संपत्ति में किसी भी तरह से अधिकार, शीर्षक या हित/दावे के संबंध में कोई आपत्ति या दावे है, तो अपने दावों/आपत्तियों के संबंध में सभी सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित में अधोहस्ताक्षरी से तत्काल संपर्क करें। यदि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर उनके ऐसा कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि उपरोक्त संपत्ति में किसी का भी कोई अधिकार, शीर्षक या हित नहीं है और भले ही किसी के पास कोई दावा/आपत्ति हो, उसने इसे छोड़ दिया है।
**हिमांशु आहूजा** (अधिवक्ता)
संपर्क नंबर: 9810310373, 011-41830049
ई-मेल पता: alolegals@gmail.com

अयोध्या में लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण आज

# कार्यक्रम से प्रधानमंत्री भी जुड़ेंगे वर्चुअली

## रामनगरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लता मंगेशकर चौराहे का करेंगे लोकार्पण



पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या

**प्रदेश** सरकार द्वारा अयोध्या में सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर बने स्मृति चौक का लोकार्पण समारोह बुधवार को आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली लोकार्पण समारोह से जुड़ेंगे जबकि अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौराहे का लोकार्पण करेंगे।लोकार्पण समारोह में केंद्रीय मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जी किशन रेड्डी भी शामिल होंगे। लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन समारोह में उनके भतीजे आदित्य मंगेशकर व बहू कृष्णा भी आ रहे हैं। लोकार्पण समारोह सुबह 10रू50 बजे शुरू होकर अपराह्न 12रू25 तक चलेगा।लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जी किशन रेड्डी द्वारा किया जाएगा। इसके बाद सभी अतिथि रामकथा पार्क पहुंचेंगे। जहां लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर रामकथा पार्क में भव्य मंच एव पंडाल सजाया गया है। यहां लता मंगेशकर के भजनों की प्रस्तुति प्रख्यात गायिका सावनी रविंद्र द्वारा किया जाएगा। लता मंगेशकर चौक के निर्माण को दर्शाती एक लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी। वहीं अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इंसाइक्लोपीडिया ऑफ रामायण की 11 पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में ही प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। समारोह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास व प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित संत.धर्माचार्य भी मौजूद रहेंगे। लोकार्पण समारोह की तैयारियों में प्रशासन जुटा हुआ है। डीएम नितीश कुमार व विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में मानक के अनुसार मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की ड्युटी लगायी गयी है। यहां सायं 06 बजे सुप्रसिद्व गायिका सुश्री सावनी रवीन्द्र द्वारा लता स्वरांजलि की प्रस्तुति की जायेगी। जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा इसकी व्यापक समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से अन्य महानुभावों के अलावा पत्रकार को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया हैए तथा सायं आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम का अवलोकन करें। इस क्रम में उपनिदेशक सूचना ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए मीडिया को अलग से कोई पास जारी नही किया जा रहा है। अपने मान्यता कार्ड एवं संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र के आधार पर मानक के अनुसार कवरेज करेंगे और सूचना विभाग की टीम भी मौके पर उपस्थित रहकर सहयोग करेगी। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का अयोध्या आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री जी का मुख्य कार्यक्रम अयोध्या परिक्षेत्र स्थित नयाघाट पर भारत रत्न लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण है। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के संस्कृति पर्यटन मंत्री जी0 किशन रेड्डी व उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह आदि अतिथि आ रहे है। यह कार्यक्रम रामकथा पार्क में दिनांक 28 सितम्बर 2022 को लगभग 10:30 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को सुचार रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज राम कथा संग्रहालय के सभागार में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंहए जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त वर्मा ने कार्यक्रम हेतु तैनात किये गये मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस अधिकारियों के साथ तैयारियों के सम्बंध में बैठक आहुत की गयी हैए जिसमें तैनात किये गये मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस अधिकारियों को ड्युटी के दौरान निर्धारित किये गये कर्तव्यों को व्यापक रूप से ब्रीफ किया गया तथा निर्देश दिया गया कि सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपने ड्युटी स्थल को तब तक नही छोड़ेंगे जब तक कि मा0 मुख्यमंत्री जी का प्रस्थान न हो जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधुवन सिंहए अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेलए अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंहए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री महेन्द्र कुमार सिंहए अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव श्री सत्येन्द्र सिंहए अपर नगर आयुक्त श्री शशिभूषण रायए उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह सहित सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारीगण के अलावा अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

धरना दे रहे किसानों पर हमले का मामला

# भाजपा जिलाध्यक्ष समेत 150 पर मुकदमा दर्ज

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा से सटे कासगंज जिले में कथित रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े एक ग्राम प्रधान के जरिए रिश्वत लेने के आरोपी दारोगा के खिलाफ सदर कोतवाली में धरना दे रहे भारतीय किसान यूनियन और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष समेत 150 लोगों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले को लेकर काफी देर तक बवाल मचा रहा ओर इस दौरान किसानों ने कासगंज कोतवाली का घेराव किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि किसानों का आरोप है कि कासगंज सदर कोतवाली में तैनात भूदेव नामक एक दारोगा ने कुछ दिन पहले एक ग्राम प्रधान के माध्यम से एक किसान से रिश्वत ली थी। कुमार ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है और इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के कार्यकर्ता कोतवाली के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं इसमें कुछ बाहरी लोग थाने पर आए तो उनके तथा किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। इसमें जो भी लोग शामिल होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। किसी को भी माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। आरोप है कि वह ग्राम प्रधान भाजपा से जुड़ा है। इस मामले में मंगलवार को दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे और कई किसान सोमवार रात करीब 10 बजे कासगंज कोतवाली पर धरने पर बैठे थे तभी भाजपा जिला अध्यक्ष के. पी. सिंह सोलंकी और स्थानीय नेता डी. एस. लोधी सहित दर्जनभर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों पर हमला कर दिया जिससे पांडे समेत कई किसानों को गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष के. पी. सिंह सोलंकी और डी. एस. लोधी समेत 150 लोगों के खिलाफ बलवा, उपद्रव, हमला और लूट करने तथा चोट पहुंचाने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण शर्मा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पांडे गंभीर रूप से घायल हैं और उनका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ समुचित कार्यवाही नहीं की तो यूनियन कार्यकर्ता कासगंज में एक बड़ी पंचायत कर भविष्य की रणनीति तय करेंगे। शर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर यूनियन अध्यक्ष कुलदीप पांडे ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं से कासगंज आने की अपील की है।

## कई पीढ़ियों का कल्याण करती है भागवत कथा: रामानुजदास

**सुल्तानपुर।** श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से एक पीढ़ी नहींए कई पीढ़ियों का कल्याण होता है। जब पुण्य का उदय होता है तब धर्म के प्रति रुचि होती है। यह उद्गार मध्य प्रदेश के सागर जिले से पधारे रामानुजदास राकेश भाई जी महाराज ने व्यक्त किया। वे मंगलवार को चौकिया गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा के प्रथम दिवस राजा परीक्षित की कथा सुना रहे थे। कथा का श्रवण करने पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान सांसद मेनका गांधी भी पहुंची। उन्होंने कथाव्यास की आरती उतारी और पूजन.अर्चन किया'। लम्भुआ-दुर्गापुर रोड पर स्थित चौकिया गांव में मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। कथाव्यास रामानुज दास महाराज ने प्रथम दिवस महाराज राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने काल को नजदीक देख राजा परिच्छित द्वारा श्रीमद्भागवत कथा सुनाने का विनय किए जाने का मार्मिक वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रेम सरोवर में डूबने वाले लोग भक्ति के साथ कथा में गोते लगाते हैं। कथा के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे आचार्य गोविंद देव तिवारी, मुख्य यजमान राम जन पांडेय, रामचेत शुक्ल, तुलसीराम शुक्ल, कमला पांडेय, मोहन सिंह समेत बड़ी संख्या में भागवत प्रेमी मौजूद रहे। वहीं शाम करीब पांच बजे क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद मेनका गांधी कथास्थल पर पहुंची। कथा आयोजक राम जन पांडेय ने सपरिवार सांसद मेनका गांधी का स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने व्यासपीठ की आरती उतारी। उनके साथ विजय त्रिपाठी, रंजीत सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### फतेहपुर कारागार में विचाराधीन कैदी की मौत

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिला कारागार मे बंद एक विचाराधीन कैदी की बीमारी से मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। फतेहपुर जिला कारागार के अधीक्षक मोहम्मद अकरम ने बताया कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव का रहने वाला रामनाथ रैदास (60) हत्या और हत्या के प्रयास के मामले मे 30 अप्रैल 2022 से कारागार मे बंद था। उन्होंने बताया कि विचाराधीन कैदी रामनाथ हृदय और गुर्दे की बीमारी से पहले से ही ग्रसित था। उसका जेल के अस्पताल मे इलाज चल रहा था। अकरम ने बताया कि तबीयत मे सुधार नही होने पर उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया गया था, जहां से कुछ दिन पूर्व ही वह जेल वापस आया था। कारागार अधीक्षक ने बताया कि सोमवार की रात फिर से तबीयत बिगड़ी तो उसे तुरन्त जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृत कैदी के परिजनो को घटना की सूचना देकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मंदिर परिसर में मिला साधु का शव, हत्या की आशंका

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के जैत क्षेत्र के सुनरख मार्ग स्थित चामड़ देवी मंदिर परिसर मे मंगलवार की सुबह एक साधु का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणो ने साधु की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मूलरूप से मध्यप्रदेश के चित्रकूट के रीवां के रहने वाले 55 वर्षीय सुधाकर दास उर्फ लाल बाबा जैत गांव स्थित बुर्ज वाली माता के मंदिर मे रहते थे और नवरात्रि शुरू होने पर वह मंदिर पर अखंड ज्योति जलाकर माता की पूजा अर्चना करने गए थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर मे एक तख्त पर उनका शव पाया गया। सूत्रों के मुताबिक ग्रामीणो ने साधु की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर वह मंदिर बना है, उसे लेकर पिछले कुछ समय से विवाद था। ग्रामीणों का दावा है कि इसे लेकर साधु को भी धमकी दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि साधु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पिता के डांटने पर 16 वर्षीय लड़के ने लगाई फांसी

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के ज्ञानपुर इलाके मे मंगलवार को कथित रूप से पिता की डांट से क्षुब्ध 16 साल के एक लड़के ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि अजयपुर गांव मे लाल मणि गौतम नामक व्यक्ति ने 11वी कक्षा मे पढ़ने वाले अपने बेटे रोहित को सोमवार की रात पढ़ाई नही करने के लिए डांटा-फटकारा था। उन्होंने बताया कि इससे क्षुब्ध होकर उसने घर के पीछे एक पेड़ पर साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उन्होने बताया कि आज सुबह रोहित को घर मे नही पाकर परिजनो ने उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव घर के पीछे एक पेड़ पर साड़ी से बने फंदे से लटकता पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### घर-घर बैंकिंग सेवाओं के साथ मन रहा अमृत महोत्सव

**लखनऊ।** वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक इकाई महाग्राम ने फिनटेक सॉल्यूशंस के माध्यम से हर कोने के ग्रॉसरी स्टोर के ज़रिये बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। कंपनी का मिशन ग्रामीण महिलाओं को पास की बैंक शाखा तक जाने के लिए मीलों यात्रा करने के बजाय आसपास के किराना स्टोर में पैसों की बचत करने योग्य बनाना है। श्री राम श्रीराम सीईओ महाग्राम के नेतृत्व में कंपनी ने नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराने का पोर्टल ग्रामसेवक डॉट कॉम लॉन्च किया है, ताकि देश के ग्रामीण व शहरी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग और ई.गवर्नेंस सेवाएं उनके घर तक उपलब्ध कराई जा सकें। ये सभी चीज़ें डिजिटल सेवाओं से युक्त प्रतिनिधि यानी महाग्राम सेवक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी को उम्मीद है कि ग्रामसेवक प्रोजेक्ट के अंतर्गत करीब 10 लाख बेरोज़गार युवा पंजीकरण करा सकेंगे जिससे उन्हें नियमित आय का स्रोत मिल सकेगा।

### सहारनपुर में मेडिकल स्टोर संचालक की हत्या

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो हत्यारोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र के ग्राम करंजाली निवासी नरेश सैनी (35) मकबरा चौक पर मेडिकल स्टोर संचालित करता था। उन्होंने बताया कि सोमवार रात वह स्टोर बंद करके जब बाइक से अपने घर लौट रहा था, तभी हाईवे पर उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मार दी। उन्होंने बताया कि घायल नरेश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां ले जाने के रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। राय ने बताया कि मृतक नरेश के भाई परमेश कुमार ने अपनी तहरीर में सोनू निवासी तल्हेडी बुजुर्ग ओर नितेश निवासी देवबंद के खिलाफ रंजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया है।

## नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की मॉ ब्रह्मचारिणी की अर्चना



वाराणसी। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन दुर्गाघाट स्थित भगवती ब्रह्मचारिणी देवी के दरबार में अलसुबह से देर रात हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका एवं मॉ को नारियल-चुनरी, सिन्दूर, प्रसाद आदि चढ़ाया। मॉ ब्रह्चारिणी देवी के दर्शन की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं ने मंगलवार की भोर से लाइन में लग गये, जैसे ही मॉ की मंगला आरती खत्म हुई दरबार खुला और हजारों नर-नारियों मॉ का जयकारा लगाते हुए गर्भगृह में पहुॅचकर दर्शन पूजन किया एवं सुख-समृद्धि के लिए मॉ से आर्शीवाद मांगा। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। मॉ ब्रह्चारिणी देवी के दर्शन-पूजन के लिए देर रात तक भीड़ लगी रही। नवरात्र के तीसरे दिन मॉ चन्द्रघंटा देवी के दर्शन-पूजन का महात्म्य है। इनका मंदिर चौक स्थित लक्खी चौतरा गली में स्थित है।

### एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन



**वाराणसी।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय और भारत के सारे विश्वविद्यालय महाविद्यालय में फ़ीस वृद्धि के खिलाफ वाराणसी एनएसयूआई कार्यकताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंकने का प्रयास किया पर पुलिस प्रशासन ने बल का प्रयोग कर छात्रों के साथ छीन झपटी करते हुए पुतला को छीन लिया। छात्रसंघ महामंत्री प्रभु पटेल ने कहा कि जिस तरह भाजपा सरकार लगातार महंगाई का मार जानता पर कर रही हैं इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अब छात्रों की फीस जिस तरह वृद्धि की जा रही हैं इससे साफसमझ आता हैं कि नरेन्द्र मोदी छात्र विरोधी हैं। जिलाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार की हम नौजवान दिखा देंगे की सरकार कैसे गिराई जाती हैं अगर फीस वृद्धि को वापस नही लिया गया तो हम सब एनएसयूआई के साथी बड़े से बड़ा आंदोलन करेंगे ।।महानगर अध्यक्ष संदीप पाल ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के हित मे कार्य करती आई हैं आज के समय मे जिस तरह शिक्षा मंत्री से फीस में वृद्धि किया हैं ये साफसमझ आता हैं कि ये छात्रों को रोजगार नही देना चाहते हैं और भारत से शिक्षा की खत्म करना चाहते हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई के प्रदेश सचिव हरिकेश हेरी, जिलाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय,महानगर अध्यक्ष संदीप पाल, छात्रसंघ महामंत्री प्रभु पटेल,इकाई अध्यक्ष लोरिक यादव, छात्र नेता नीरज पाण्डेय, जिला महासचिव सूजन खान, सुमित सिंह,मानिक यादव,जितेन्द्र, दीपेंद्र, हिमांशु पाण्डेय उपस्थित रहे ।

### मॉक इंटरव्यू कार्यशाला में अभ्यर्थियों ने दिखाया उत्साह

**वाराणसी।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा के आगामी साक्षात्कार चरण की तर्ज पर उत्कर्ष क्लासेस द्वारा डॉ. सम्पूर्णानन्द मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सात दिवसीय मॉक इंटरव्यू कार्यशाला का पहला दिन अभ्यर्थियों के जोश व उत्साह से भरा रहा। सोमवार, 26 सितंबर को कार्यशाला के औपचारिक उद्घाटन सत्र के दौरान साक्षात्कार विशेषज्ञ एवं प्रेरक वक्ताओं के रूप में मौजूद पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों व शिक्षाविदों ने अभ्यर्थियों से रूबरू होकर वास्तविक साक्षात्कार के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभवों को उनके साथ साझा किया।

## रन फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी

**विश्व** पर्यटन दिवस के अवसर पर वाराणसी टूरिज्म गिल्ड द्वारा रन फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म दौड़ में गिल्ड के सदस्य शामिल हुए। नदेसर स्थित होटल से दौड़ को डिप्टी डायरेक्टर यूपी टूरिज्म प्रीति श्रीवास्तव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। टूरिस्ट सदस्यों की दौड़ शास्त्री घाट पहुंच कर संपन्न हुई। इस यात्रा में टूरिज्म से जुड़े छात्र , छात्राओं, गाइड बंधु, ड्राइवर बंधु, होटल के सदस्य, टूर ऑपरेटर,नाविक, वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रीति श्रीवास्तव ने हुए कहा कि इस तरह के कार्यों से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और भारत में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में पंकज सिंह,अनिल त्रिपाठी,सुभाष कपूर,प्रवीण मेहता,राशिद खान,राजीव रंजन श्रीवास्तव, नाडर जी,शिव त्रिपाठी,विवेक तिवारी,जितेंद्र सिंह,अजय सिंह, जैनेंद्र राय, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### विश्व पर्यटन दिवस पर हुई इंडिया असिस्ट ट्रैवल असिस्टेन्स की लॉचिंग

वाराणसी-2019 में लॉन्च किया गया इंडिया असिस्ट जो पेटेंटेड एवं भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शोकेस स्टार्टअप है अब सभी स्वदेशी एवं अन्तर्राष्ट्रीय यात्रियों को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए टैऊबल असिस्टेन्स सर्विसेज़ के रूप में बी2बी अवतार में फिर से लौट रहा है जो होटलों ट्रैवल एजेंट्स एवं एयरलाईन्स को कनेक्ट करते हुए यात्रियों को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। इंडिया असिस्ट के संस्थापक हरीश खत्री ने बताया। दो सालों के दौरान महमारी के चलते बहुत से कारोबारो को अपने प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं में बदलाव लाना पड़ा। टेकनोलॉजी स्टार्ट-अप्स भी अलग नहीं हैं। इंडिया असिस्ट एक ऐसा ऐप्लीकेशन है जिसे भारत आने वाले विदेशी यात्रियों के लिए डिज़ाइन किया गया था जिन्हें यात्रा के दौरान किसी आपातकालीन सहायता (मेडिकल चोरी आदि या अन्य सहायता (जैसे भोजन खरीददारी आदि की ज़रूरत पड़ती थी। 2019 में लॉन्च की गई इस सर्विस को महामारी के चलते संकट का सामना करना पड़ा जब अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा पूरी तरह से रुक गई थी। किंतु सही मायनों में भारतीय कंपनी होने के नाते इंडिया असिस्ट नहीं रुका और मार्च 2020 में महामारी के दौरान विभिन्न गंतव्यों में फंसे 3000 से अधिक विदेशी पर्यटकों को मुफ्त सेवाएं प्रदान करता रहा।



प्रयागराज में शहीद भगत सिंह की 115वीं जयंती पर छात्रों ने चंद्रशेखर आजाद को पुष्पांजलि अर्पित की

### भरोसे के साथ काफी अवधि तक चलने का वादा

**वाराणसी ।**आज उद्योग का अध्ययन करने वालों का अनुमान है कि यूज़र्स लगभग ढाई सालों तक अपनी डिवाईस का इस्तेमाल करते हैं। ग्राहकों के व्यवहार में होने वाले इस परिवर्तन को देखते हुए ओप्पो ने ऐसी टिकाऊ डिवाईस बनाने के लिए अपने आरएंडडी प्रयासों को बल दिया, जो लंबे समय तक चल सकें ।लंबी चलने वाली, सुरक्षित और तेजी से चार्ज होने वाली बैटरी स्मार्टफोन की उम्र बढ़ाने में बैटरी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ओप्पो के पास सुपरवूक फ्लैश चार्ज टेक्नॉलॉजी है और अब यह अपने प्रोप्रायटरी बैटरी हैल्थ इंजन (बीएचई) के साथ अपनी सीमाओं का विस्तार कर रहा है। बीएचई चिप में बेहतर सुरक्षा और परफॉर्मेंस के लिए स्मार्ट बैटरी हैल्थ एलगोरिद्म और बैटरी हीलिंग टेक्नॉलॉजी है।

## समीक्षा में उठा स्कूल ड्रेस के पेमेंट का मामला, डीएम ने बैंकों को दिए निर्देश



**बांदा।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आधार सीडिंग व फीडिंग की वजह से जूता, मोजा, ड्रेस की धनराशि विद्यार्थियों के अभिभावकों के खाते में भेजने में बैंक से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और डायरेक्ट बेनिफिट का लाभ नहीं हो पा रहा है। इस पर अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि एक फॉर्मेट भरकर एक फोटो के साथ आधार कार्ड की प्रतिलिपि बैंक में जमा करना होगा और ईकेवाईसी वेरिफिकेशन होना चाहिए। इसके पश्चात लाभार्थी आशीष सुखेजा ने अवगत कराया कि केनरा बैंक में ब्रेड की फैक्ट्री डालने के लिए लोन पत्रावली लंबित है और बैंक के वकील अवकाश पर हैए जिस पर जिलाधिकारी बांदा ने 7 दिवस के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। लाभार्थी अनवरी बेगम ने इंडियन बैंक ग्राम दुबरिया में पत्रावली लंबित होने की बात बताई और कहा कि बैंक प्रबंधक जी टाल रहे हैं। लाभार्थी रविंद्र सिंह अतर्रा ने शिकायत किया कि इंडियन बैंक अतर्रा में तेल कारखाना लगवाने हेतु 07 लाख रूपये की लोन पत्रावली स्वीकृत करने हेतु प्रबंधक से मिला किंतु काम नहीं हो रहा है जबकि इसी शाखा का पुराना लोन में अदा कर चुका हूं।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने जमाऋण अनुपात कम होने पर नाराजगी व्यक्त कीए बैंक ऑफ इंडियाए एक्सिस बैंकए यू बी आईए एस बी आईए पंजाब नेशनल बैंक और यूको बैंक को सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए एवं एक्सिस बैंक से बैठक में प्रतिभाग ना करने पर एलडीएम को शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। कृषि क्षेत्र में केसीसी पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों के कार्ड बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रवि का सीजन आ रहा है और बुवाई के समय को दृष्टिगत रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोन वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी से जानकारी प्राप्त की गयी कि लाभार्थियों के लिए क्या कार्यवाही की गयीए उनके द्वारा कोई जानकारी न दिये जाने पर प्रतिकूट प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दिये गये। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक पुष्कर कुमार नाबार्डए जिला प्रबंधक श्री गौतम एनएम के कोऑर्डिनेटरए डी0सी0एन0आर0एल0एम0 राघवेन्द्र तिवारी सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक डूडा अधिकारीए जिला उद्योग केंद्रए खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थीगण प्रतिभाग किए। अंत में जिलाधिकारी द्वारा अटल पेंशन योजना में शीर्ष योगदान प्राप्त करने पर बधाई दी गइ।

# हाथ खोलने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

- टी20 विश्व कप से पहले डैथ ओवरों में गेंदबाजी बेहतर करने पर जोर
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 आज



**भाषा।** तिरूवनंतपुरम

**दक्षिण** अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के जरिए भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले डैथ ओवरों की अपनी गेंदबाजी बेहतर करने और बल्लेबाजों को अच्छा अभ्यास देने के इरादे से उतरेगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि डैथ गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। भारतीय टीम को अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार की कमी खलेगी जिन्हें टी20 विश्व कप से पहले आराम दिया गया है। मोहम्मद शमी अभी तक कोरोना संक्रमण से उबर नहीं सके हैं और वह तीनों मैच नहीं खेल पाएंगे। हर्षल पटेल चोट से उबरने के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में लौटे लेकिन 12 की औसत से रन दे डाले और उनका इकॉनामी रेट नौ से ऊपर रहा। विश्व कप के लिए स्टैंडबाय दीपक चाहर को पिछली श्रृंखला में मौका नहीं मिला और अब तीन मैचों मे तेज गेंदबाजों को रोटेट किए जाने पर वह खेल सकते हैं।अर्शदीप सिंह से स्लॉग ओवरों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी जो जसप्रीत बुमराह का साथ देंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों में पिच सपाट रहने के बाद तीसरे मैच में टर्निंग पिच पर युजवेंद्र चहल ने अच्छी गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया की पिचों को ध्यान में रखते हुए चहल अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेंगे। विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को मौका देने की बात रोहित शर्मा कर चुके हैं लिहाजा आर अश्विन को अंतिम एकादश में उतारा जा सकता है। बल्लेबाजी में केएल राहुल आस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं चल सके और वह इसकी भरपाई इस श्रृंखला में करना चाहेंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा फॉर्म में हैं और राहुल को भी तेज गति से रन बनाने होंगे। दिनेश कार्तिक को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ आठ गेंद खेलने को मिली और रोहित पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें क्रीज पर अधिक समय देने की जरूरत है। विश्व कप टीम में शामिल दीपक हुड्डा कमर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को उतारा जा सकता है। भारत ने घरेलू द्विपक्षीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को हराया नहीं है।आस्ट्रेलिया में विश्व कप के ग्रुप चरण में दोनों टीमों का सामना होगा लेकिन उसमें हालात अलग होंगे। दोनों टीमें इन तीन मैचों में अपनी कमजोरियों का पता करके उन पर मेहनत कर सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी ने कहा , आस्ट्रेलिया में पिचें अलग होंगी और मैदान बड़े होंगे लेकिन गेंदबाज को हमेशा अपने प्रदर्शन पर काम करते रहना चाहिए। भारतीय बल्लेबाजों को आजमाने का यह सुनहरा मौका होगा।

## भारत में नई गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगाः बावुमा



**तिरूवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचो की टी20 श्रृंखला से पहले कहा कि उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी के शुरुआती ओवरो मे स्विंग होती तेज गेदो का सामना करने की होगी। बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच मे हार का सामना करने के बाद तीन मैचो की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को 2-1 से जीतने पर भारतीय टीम की तारीफ की। ऑस्ट्रेलिया मे अगले महीने से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह श्रृंखला दोनो देशो के लिए काफी अहम है। बावुमा ने श्रृंखला की शुरुआत की पूर्व संध्या पर कहा, (भारत मे) नई गेंद के गेंदबाजों का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। वे गेंद को काफी अधिक स्विंग करते है। हम दक्षिण अफ्रीका मे जिन परिस्थितियो के आदी है यहां भारतीय गेंदबाज उससे ज्यादा गेंद को स्विंग कराते है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज ज्यादा प्रभावित नही कर सके। तीसरे टी20 मैच मे जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार ने सात ओवर मे 79 रन लुटाए।

## कोहली का पावरगेम लौट रहा है : मांजरेकर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली का पावरगेम धीरे धीरे लौट रहा है और टी20 विश्व कप से पहले वह चिर परिचित लय मे आ रहे है। कोहली ने करीब तीन साल तक खराब फॉर्म से जूझने के बाद एक महीने का ब्रेक लिया था। वह एशिया कप मे फॉर्म मे लौटे और भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टी20 श्रृंखला मे अच्छा प्रदर्शन किया। मांजरेकर ने स्पोटर्स 18 के स्पोटर्स ओवर द टॉप शो पर कहा , एशिया कप के हर मैच से उन्होंने रन बनाए और सिर्फ रन ही नही बनाए बल्कि प्रदर्शन मे सुधार भी हुआ है। मुझे लगता है कि पावरगेम लौट आया है। उसका अपने पावरगेम पर भरोसा लौट रहा है। एक समय था जब उसके रन बन रहे थे लेकिन पावरगेम नही लौट रहा था। अब वह लौट रहा है। उन्होंने कहा कि वह अच्छे चौके छक्के लगा रहे है जो अच्छा संकेत है। वह अच्छी गेदो पर चौके छक्के लगा रहा है और यह आत्मविश्वास से आता है। यह ऐसा खिलाड़ी है जिसका आत्मविश्वास जबर्दस्त है और इसी से वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आया है लेकिन लंबे समय से रन नही बन रहे थे जिससे उसका आत्मविश्वास हिल गया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए।

## ओस के कारण लक्ष्य का बचाव करने में विफल रहेः राठौड़

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**टी20** अंतरराष्ट्रीय मैचों में लक्ष्य का बचाव करते हुए भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है लेकिन बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने आश्चर्यजनक रूप से ओस को इसका एक कारण बताया जबकि हाल ही में संपन्न एशिया कप के दौरान ऐसा नहीं था। एशिया कप के सुपर चार चरण से भारत ने छह टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं और उनमें से तीन में उसे हार और तीन में जीत मिली। भारत को पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों हार का सामना लक्ष्य का बचाव करते हुए करना पड़ा। राठौड़ के दावों के विपरीत दुबई में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद मीडिया से बात करने वाले भारतीय टीम के किसी भी सदस्य ने इसके लिए ओस को जिम्मेदार नहीं ठहराया जिससे स्कोर का बचाव करना मुश्किल हो गया है। राठौड़ ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, हम लक्ष्य का बचाव करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन हमारे गेंदबाजों के लिए निष्पक्ष रहूं तो टॉस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर बार जब हम लक्ष्य का बचाव करने में विफल रहे तो ए वे स्थान थे जहां ओस होती है जिससे लक्ष्य का पीछा करना आसान हो जाता है। राठौड़ शायद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में हुए मुकाबले का संदर्भ देना चाह रहे थे जहां भारत 200 से अधिक के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाया था। वह गेंदबाजों के प्रति सहानुभूति रखते हैं जिन्हें पिछले कुछ समय में आलोचना का सामना करना पड़ा है। भारत के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज ने कहा, मैं गेंदबाजों के प्रति कठोर रुख नहीं अपनाऊंगा क्योंकि वे मैच को आखिरी ओवर तक ले जाने में सक्षम रहे हैं, हर बार, जब हम लक्ष्य का बचाव कर रहे थे। निश्चित रूप से हम बहुत अच्छा कर रहे हैं लेकिन उम्मीद है कि हम बेहतर होंगे। बल्लेबाजी कोच इस बात से भी सहमत नहीं थे कि भारत पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पर्याप्त बड़े लक्ष्य नहीं दे पा रहा है।

## पार्मा लेडीज ओपन में सक्कारी और स्टीफेंस ने जीत दर्ज की

**पार्मा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने यूक्रेन की कैटरीना बेडल को 6-7, 6-2, 6-3 से हराकर पार्मा लेडीज ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सक्कारी को लाल क्लेकोर्ट के इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड मिला है। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अमेरिकी ओपन 2017 चैम्पियन स्लोएने स्टीफेंस ने 121वीं रैंकिंग वाली मैगडालीना फ्रेच को 3-6, 6 -3, 6-4 से हराया जबकि छठी वरीयता प्राप्त अना बोगडेन ने लौरा पिगोसी को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। अन्ना कैरोलीना ने रेका लुका जानी को 6-2, 6-4 से हराया।

## इटली नेशंस लीग फाइनल्स में, इंग्लैंड और जर्मनी ने ड्रॉ खेला

**लंदन।** लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई नही कर सकी इटली फुटबॉल टीम ने हंगरी को 2-0 से हराकर नेशंस लीग फाइनल्स में जगह बना ली है। इटली के लिए जियाकोमो रासपाडोरी और फेडरिको डिमार्को ने गोल दागे। इटली, नीदरलैंड और क्रोएशिया ने अगले साल जून में नीदरलैंड में होने वाले फाइनल्स के लिए अंतिम चार में जगह बना ली है। पुर्तगाल और स्पेन में से भी एक टीम इसमें शामिल होगी जिन्हे मंगलवार को आपस में खेलना है। इंग्लैंड और जर्मनी ने वेंबले स्टेडियम पर 3-3 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड पिछले छह मैचों में से एक भी जीत नही सका है और नेशंस लीग में निचले चरण में खिसक गया। वही जर्मनी ने सात मे से एक ही मैच जीता है। इटली ग्रुप ए3 मे 11 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

## चेन्नइयिन ने केरल के खिलाड़ी प्रशांत से करार किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नइयिन एफसी ने केरल के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी प्रशांत के. को 2022-23 सत्र के लिए टीम मे शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। कोझिकोड का 25 साल का यह खिलाड़ी इससे पहले पांच साल तक केरल ब्लास्टर्स एफसी टीम का हिस्सा था। प्रशांत ने अपने पेशेवर करियर में अब तक 76 मैच खेले है। उन्होने इस दौरान तीन गोल किए और तीन गोल करने में साथी खिलाड़ियो की मदद की। उन्होंने 2017 मे आई-लीग टीम चेन्नई सिटी के साथ पेशेवर करियर का आगाज किया और फिर केरल ब्लास्टर्स से जुड़े। प्रशांत ने क्लब से जारी विज्ञप्ति में कहा, मै इस क्लब का हिस्सा बनकर वास्तव मे खुश और अभिभूत हूं। मै यहां अपना 100 प्रतिशत देने आया हूं। एआईएफएफ एलीट अकादमी में खेल के गुर सीखने वाले प्रशांत ने अंडर-17 और अंडर-20 स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

## आईओए–आईओसी की बैठक सार्थक रही, गतिरोध पर समाधान की संभावनाः सूत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अधिकारियों के बीच मंगलवार को स्विट्जरलैंड के लुसाने में बैठक सार्थक रही और सूत्रों के अनुसार दिसंबर से पहले आईओए के चुनाव कराने के लिए के संविधान में संशोधन का प्रस्ताव लाया जा सकता है। आईओसी ने इस महीने के शुरू मे आईओए को दिसंबर तक चुनाव कराने या फिर प्रतिबंध झेलने की चेतावनी दी थी। आईओसी ने मंगलवार को संयुक्त बैठक बुलाई थी ताकि आईओए के चुनाव का खाका तैयार करने के लिए ठोस समाधान पर सहमति बन सके। सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, बैठक बहुत अच्छी रही। बैठक सार्थक रही।

## इंग्लैंड की भारत-पाक टेस्ट श्रृंखला की मेजबानी की पेशकश, बोर्ड का इंकार

**भाषा।** लंदन

**इंग्लैंड एवं** वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला की मेजबानी करने की औपचारिक पेशकश की है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि निकट भविष्य में ऐसी कोई संभावना नहीं है। ब्रिटिश दैनिक टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष मार्टिन डार्लो ने मौजूदा टी–20 श्रृंखला के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ बातचीत की तथा भविष्य में तीन मैचों की श्रृंखला इंग्लैंड के मैदानों पर आयोजित करने की पेशकश की। ईसीबी ने जहां अपने फायदे के लिए यह पेशकश की है वहीं बीसीसीआई ने इस पर कहा अगले कुछ वर्षों में ऐसी कोई संभावना नहीं है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने मंगलवार को गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, पहली बात तो यह है कि ईसीबी ने भारत–पाक श्रृंखला को लेकर पीसीबी से बात की है जो कि थोड़ा अजीब है। किसी भी तरह से पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला का फैसला बीसीसीआई नहीं बल्कि सरकार करेगी। अभी यथास्थिति बरकरार है। हम पाकिस्तान के खिलाफ केवल बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ही खेलेंगे। भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला 2012 में भारत में खेली थी। यह सीमित ओवरों की श्रृंखला थी जबकि दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट श्रृंखला 2007 में खेली गई थी। इन दोनों देशों के बीच तनाव पूर्ण राजनीतिक संबंधों को देखते हुए बीसीसीआई ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए मना किया है फिर चाहे वह स्वदेश में खेली जाए या विदेश में या फिर किसी तटस्थ स्थल पर। समाचार पत्र ने ईसीबी की इस पेशकश के कारण भी गिनाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ब्रिटेन में इन मैचों में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचेंगे क्योंकि यहां दक्षिण एशियाई देशों की काफी जनसंख्या है। इसके अलावा मैचों से मोटी प्रायोजन धनराशि की मिलेगी और टेलीविजन पर भी इन्हें काफी दर्शक देखेंगे। समाचार पत्र ने हालांकि साफ किया है कि यहां तक कि पीसीबी भी भारत के खिलाफ किसी तटस्थ स्थल पर खेलने का इच्छुक नहीं है लेकिन उसने ईसीबी का आभार भी जताया है, जिससे दोनों देशों के बोर्ड के बीच बढ़ती घनिष्ठता का पता चलता है।

## विश्व चैंपियन कार्लसन ने नीमैन पर धोखेबाजी का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** शतरंज विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने साथी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन पर उन्होंने जितना स्वीकार किया उससे अधिक धोखेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह ऐसे किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ नहीं खेलेंगे जो इस तरह के गलत काम में लिप्त हो। कार्लसन ने सोमवार देर रात बयान जारी किया जिससे एक हफ्ते पहले वह जूलियस बेयर जेनरेशन कप में इस अमेरिकी के खिलाफ सिर्फ एक चाल के बाद मुकाबले से हट गए थे। इससे पहले नॉर्वे के 31 साल के कार्लसन नीमैन के खिलाफ हैरान करने वाली हार के बाद सेंट लुई में सिंकफील्ड कप से भी हट गए थे। कार्लसन ने लिखा, मेरा मानना है कि नीमैन ने हाल के समय में बहुत अधिक धोखेबाजी की है, जितना उसने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है उससे भी अधिक। उसकी प्रगति असामान्य रही है और सिंकफील्ड कप में हमारी बाजी के दौरान मुझे यह अहसास हुआ कि वह बिलकुल भी तनाव में नहीं है और यहां तक कि अहम लम्हों पर खेल पर पूरी तरह से ध्यान भी केंद्रित नहीं कर रहा था।

## भारत ए ने न्यूजीलैंड ए को 106 रन से हराकर क्लीन स्वीप किया

**भाषा।** चेन्नई


संजू सैमसन

**कप्तान** संजू सैमसन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद राज बावा की धारदार गेंदबाजी से भारत ए ने तीसरे अनौपचारिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड ए को 106 रन से हराकर श्रृंखला में विरोधी टीम का 3–0 से सूपड़ा साफ किया। भारत ए ने बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लेकिन कप्तान सैमसन (54), शारदुल ठाकुर (51) और तिलक वर्मा (50) के अर्धशतक के बावजूद टीम 49.3 ओवर में 284 रन बनाकर आउट हो गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ए की टीम अंडर–19 विश्व कप में भारत में की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों शामिल रहे बावा (11 रन पर चार विकेट), कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) और राहुल चाहर (39 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 38.3 ओवर में 178 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज डीन क्लीवर ने 83 रन की पारी खेली लेकिन उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया। माइकल रिपोन 29 रन बनाकर टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। न्यूजीलैंड ए ने अंतिम पांच विकेट सिर्फ 22 रन जोड़कर गंवाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत को अभिमन्यु ईश्वरन (39) और राहुल त्रिपाठी (18) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। मैथ्यू फिशर (61 रन पर दो विकेट) ने ईश्वरन को क्लीवर के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। जो वॉकर (36 रन पर एक विकेट) ने त्रिपाठी को पगबाधा करके भारत ए का स्कोर 65 रन पर दो विकेट किया। कप्तान सैमसन और तिलक वर्मा ने तीसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी करके पारी को संवारा। ए दोनों हालांकि जब टीम को मजबूत स्थिति में ले जा रहे थे तब रचिन रविंद्र (37 रन पर एक विकेट) ने वर्मा को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 62 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और तीन छक्के मारे।

## विश्व कैडेट शतरंज : भारत की शुभी गुप्ता और चार्वी को खिताब

**भाष।** बटुमी (जॉर्जिया)

**भारत की** शुभी गुप्ता और ए चार्वी ने मंगलवार को यहां फिडे विश्व कैडेट्स शतरंज चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कियों के अंडर-12 और अंडर-आठ वर्ग का खिताब जीता। गाजियाबाद की रहने वाली शुभी गुप्ता ने 11 दौर में 8.5 अंक हासिल करके अंडर-12 वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। लड़कियों के अंडर-आठ वर्ग में चार्वी ने 11 दौर में 9.5 अंक हासिल किए। चार्वी एक समय इंग्लैंड की बोधना शिवानंदन से पीछे चल रही थी लेकिन वह उनकी बराबरी करने में सफल रही।

# वियतनाम से 0–3 से हारा भारत

- अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच

**भाषा।** हो ची मिन्ह सिटी



**भारत को** मंगलवार को यहां हुंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे और अंतिम मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली वियतनाम की टीम से 0–3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 104वें नंबर की टीम भारत को 97वें नंबर की टीम वियतनाम ने दूसरे हाफ में बुरी तरह से पछाड़ दिया। भारतीय टीम ने जून में एशियाई कप क्वालीफायर में तीन आसान जीत दर्ज की थी और फिर यहां शनिवार को इसी टूर्नामेंट में सिंगापुर से ।–। से ड्रॉ खेला था लेकिन आज मेजबान टीम ने उसे कोई मौका नहीं किया। वियतनाम की ओर से फान वेन डुक (10वें मिनट), एनगुएन वेन टोएन (49वें मिनट) और एनगुएन वेन कुएट (70वें मिनट) ने गोल दागे जबकि भारत को उसकी रक्षा पंक्ति ने निराश किया, विशेषकर दूसरे हाफ में। भारतीय टीम पहले हाफ में वियतनाम को टक्कर देने में सफल रही थी लेकिन दूसरे हाफ में मेजबान टीम के सामने उसकी एक नहीं चली। वियतनाम ने इसके साथ ही दो मैच में दो जीत के साथ टूर्नामेंट जीत लिया। टीम ने अपने पहले मैच में सिंगापुर को 4–0 से हराया था। भारत और वियतनाम ने अतीत में कई यादगार मैच खेले हैं। इनमें से एक 2002 एलजी कप फाइनल था जिसमें भारत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3–। की जीत के साथ खिताब अपने नाम किया था। भारत और वियतनाम पिछली बार 2010 में पुणे में अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में भिड़े थे जिसमें मेजबान टीम ने सुनील छेत्री की हैट्रिक से

## हरमनप्रीत आईसीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर



**दुबई।** इंग्लैड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियो की रैंकिंग मे पांचवे स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैड को 3-0 से हराने के बाद भारतीय खिलाड़ियो की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। हरमनप्रीत ने दूसरे मैच मे 111 गेंद मे नाबाद 143 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा की रैंकिंग मे भी सुधार हुआ है।मंधाना एक पायदान चढकर छठे और शर्मा आठ पायदान चढकर 24वे स्थान पर पहुंच गई। पूजा वस्त्राकर चार पायदान चढकर 49वे स्थान पर है और हरलीन देयोल 46 पायदान चढकर 81वें स्थान पर है। रेणुका सिंह 35 पायदान चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गई है। झूलन गोस्वामी पांचवी पायदान से रिटायर हुई है।

## एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट : उलटफेरों का नाम रहा दूसरा दिन, : गैर वरीय खिलाड़ी पड़े भारी

**लखनऊ।** राजधानी में चल रही अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट के अंडर 16 का दूसरा दिन उलटफेरों के नाम रहा। आज बालक वर्ग में तीन खिलाड़ी उलटफेर का शिकार हुए वहीं बालिका वर्ग में एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह युगल मुकाबलों में भी उल्टफेर से खिलाड़ी बच नहीं पाए। बालिका वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इशिता मिधा और ऐंजल पटेल को गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी सताक्षिका सहायक और परीज्ञा यादव ने 2-6,7-6,510-6 को प्रतियोगिता के युगल वर्ग से बाहर कर दिया। इसी तरह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी अर्जन खोराकीवाल और सृष्टि राणा को हार का सामना करना पड़ा। इन्हें सिधक कौर और रिधिमा सिंह की जोड़ी सीधे सेटों में 6-2,6-1 से हरा दिया। लखनऊ के विजयंतखंड मिनी स्टेडियम के टेनिस कोर्ट्स पर हो रही इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सबसे बड़ा उलटफेर छठी वरीयता प्राप्त भारत के अज़ान अज़िज को झेलना पड़ा। उन्हें गैर वरीयता प्राप्त भारत के ही आद्वित तिवारी ने कड़े संघर्ष के बाद 6-7,6-0,6-4 से हराकर सबको चौंका दिया। इसके अलावा सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणव मिश्रा को गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूद्र बाथम में सीधे सेटों में 6-1,6-3 से हरा दिया। बालिका वर्ग में हुए प्री.क्वार्टर राउंड मकाबलों शीर्ष वरीयता प्राप्त जया कपूर ने आसान मुकाबले में सिधक कौर को 6,0,6-1 से हरा दिया। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त इशिता मिधा ने अपनी प्रतिद्वंदी एंजेल पटेल को 6-3,2-6,6-3 को हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारत की शगुन कुमारी ने अपनी प्रतिद्वंदी शक्ति मिश्रा को 6.3,6.2 से हरा दिया।

## शुभमन गिल ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक



**होव।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने मंगलवार को यहां ग्लेमोर्गन की तरफ से ससेक्स के खिलाफ 119 रन की लाजवाब पारी खेली जो काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो में उनका पहला शतक है। गिल ने सुबह 91 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और दूसरे दिन के आठवें ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीन हंट पर दो रन लेकर अपने प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक पूरा किया। इस 23 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज ने ऑफ स्पिनर जैक कार्सन की गेद पर कैच थमाने से पहले 139 गेंदे खेली तथा 16 चौके और दो छक्के लगाए। ग्लेमोर्गन के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरने पर गिल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। उनकी शानदार पारी से ग्लेमोर्गन ने पहले दिन तीन विकेट पर 221 रन बनाए थे। गिल जब आउट हुए तो उसका स्कोर पांच विकेट पर 277 रन था। गिल का यह काउंटी चैंपियनशिप मे तीसरा मैच है।

## विश्व कप हॉकी : भारत का पहला मैच 13 जनवरी को स्पेन से

**भाषा।** नई दिल्ली

**मेजबान भारत** पुरुष विश्वकप हॉकी में अपना शुरुआती मैच प्रतियोगिता के पहले दिन 13 जनवरी को अपने से कम रैंकिंग के स्पेन के खिलाफ नवनिर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, राउरकेला में खेलेगा। विश्व रैंकिंग में पांचवे नंबर पर काबिज तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को इंग्लैंड (विश्व रैंकिंग छह), स्पेन (विश्व रैंकिंग आठ) और वेल्स (विश्व रैंकिंग 16) के साथ पूल डी में रखा गया है। भारत अपना दूसरा मैच राउरकेला में ही 15 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा और इसके बाद वह भुवनेश्वर में 19 जनवरी को वेल्स का सामना करेगा। अगले साल के शुरू में भारत में होने वाले विश्वकप हॉकी के मंगलवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन चार मैच खेले जाएंगे। इनमें भारत और स्पेन के अलावा रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना का सामना दक्षिण अफ्रीका से जबकि विश्व के नंबर एक ऑस्ट्रेलिया का फ्रांस से होगा। ए दोनों मैच भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद राउरकेला में दो मैच खेले जाएंगे जिसमें पहला मैच इंग्लैंड और वेल्स के बीच होगा जबकि दूसरे मैच में शाम सात बजे से भारत और स्पेन आमने–सामने होंगे। ओडिशा में ही 2018 में खेले गए विश्व कप में चैंपियन बनने वालइ विश्व की नंबर दो टीम बेल्जियम 14 जनवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ भुवनेश्वर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसी दिन पूर्व चैंपियन नीदरलैंड का सामना राउरकेला में मलेशिया से होगा। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाला ऑस्ट्रेलिया पूल ए में है जहां उसका सामना अर्जेंटीना, फ्रांस और अफ्रीकी चैंपियन दक्षिण अफ्रीका से होगा।

## इस सत्र में भी चार विदेशी खिलाड़ियों को ही खेलने की अनुमति मिलेगी आई लीग में

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आई लीग क्लबों को मैच वाले दिन के लिए एक एशियाई सहित छह विदेशी खिलाड़ियों को टीम में रखने की अनुमति दे दी है लेकिन 29 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस सत्र में भी क्लब अंतिम एकादश में केवल चार खिलाड़ियों (मौजूदा 31 नियम के अनुरूप) को ही रख पाएंगे। पिछले सत्र में आई लीग क्लबों को छह विदेशी खिलाड़ियों को पंजीकृत करने की अनुमति दी गई थी लेकिन एक एशियाई खिलाड़ी सहित केवल चार खिलाड़ियों को ही मैच में भाग लेने की अनुमति मिली थी। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक घरेलू लीग में अधिक विदेशी खिलाड़ियों को रखने के पक्षधर नहीं हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे भारतीय खिलाड़ियों को कम मौके मिलेंगे।

## बीडब्ल्यूएफ रैंकिंगः प्रणय की शीर्ष 15 में वापसी, लक्ष्य नौवें स्थान पर बरकरार



**भाषा।** नई दिल्ली

**स्टार भारतीय बैडमिंटन** खिलाड़ी एचएस प्रणय ने लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ (बैडमिंटन विश्व महासंघ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में वापसी की। लगातार दो टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप और जापान ओपन सुपर 750 के फाइनल में पहुंचे प्रणय एक स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। युवा लक्ष्य सेन नौवें स्थान पर बरकरार हैं और पुरुष रैंकिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत एक स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चोट के कारण विश्व चैंपियनशिप और जापान ओपन से बाहर रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला रैंकिंग में छठे स्थान पर बनी हुई हैं। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल एक स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पहले की तरह आठवें स्थान पर बनी हुई है। विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी तीन स्थान आगे बढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी दो स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर हैं।